दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 शुक्ल पक्ष- अमावस्या, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 287 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

14 से सत्र: विधायकों ने लगाए 628 सवाल, पहले दिन छत्तीसगढ़ विजन पर चर्चा

■ **नई विधानसभा में चार दिन चलेगा सत्र, 604 सवाल ऑनलाइन जबकि 24 ऑफलाइन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र में नए विधानसभा भवन में 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सत्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस बार सत्र 14 से 17 दिसंबर तक चलेगा। यह सत्र चार दिन के लिए रहेगा। सत्र के पहले दिन छत्तीसगढ़ विजन पर चर्चा होगी। चार दिन तक चलने वाले इस सत्र में साय मंत्रिमंडल को कांग्रेस विधायकों के साथ बीजेपी के विधायक भी घेरेंगे। इस सत्र में मंत्रियों से सवाल जवाब करने के लिए विधायकों ने 628 सवाल लगाए हैं। इनमें से 604 सवाल ऑनलाइन माध्यम से, जबकि 24 ऑफलाइन तरीके से लगे हैं।

सदस्य दे सकेंगे तीन नोटिस

14 दिसंबर से शुरू होने वाली बैठक में विधायकों को सुबह 8 बजे तक ही नोटिस दाखिल करने का मौका मिलेगा। इसके तहत ध्यानाकर्षण सूचना, स्थगन सूचना और नियम 267-क के अधीन सूचनाएं दी जा सकेंगी। सचिवालय ने साफ कहा है कि, एक सदस्य एक दिन में अधिकतम दो ध्यानाकर्षण और एक स्थगन नोटिस दे सकेगा। पूरे तीन दिन के सत्र में अधिकतम छह ध्यानाकर्षण और तीन स्थगन नोटिस स्वीकार किए जाएंगे।

नए भवन में होगी कार्यवाही

पूरी कार्यवाही नए विधानसभा भवन में होगी। उल्लेखनीय है कि पुराने विधानसभा भवन में शुरू हुआ पिछला सत्र 18 नवम्बर को था, जिसे अब नए भवन में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस बार की व्यवस्था तय नियमों और विधायकों की तैयारियों के अनुरूप है।

लॉ एंड ऑर्डर, धान और सड़क पर घिरेंगे मंत्री

सवालों की इस भारी संख्या से पता चलता है कि, सत्र में कानून-व्यवस्था, धान खरीदी, सड़कों की बदहाली, राशन वितरण में गड़बड़ियों समेत कई गर्म-विवादित मुद्दे जोर पकड़ेंगे। इससे नवा रायपुर का नया विधानसभा भवन तीन दिनों तक गर्मागर्म बातचीत और कड़ी सियासी बहस का गवाह बनेगा।

शनिवार-रविवार की छुट्टी रद्द

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के मद्देनजर शनिवार और रविवार की छुट्टी रद्द कर दी गई है। इसके साथ विधानसभा में विधायकों द्वारा रखे गए सवालों का जवाब निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से तमाम संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है. इसमें विधानसभा के प्रश्नों का उत्तर निर्धारित समय पर तैयार करने के लिए कार्यालयों को शनिवार और रविवार को भी खोलने का निर्देश दिया गया है।

आज बेबाक

कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और समाजवादी पार्टी के नेता ईवीएम और एसआईआर के जरिए वोट चुराने का जो आरोप लगा रहे हैं वे झूठे ही सही लेकिन उनका शोर मचाना तो समझ में आता है। किन्तु आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह इसे लेकर गला फाड़कर क्यों चिल्ला रहे हैं? वे न तीन में है न तेरह में, लेकिन सबसे ज्यादा शोर वहीं मचा रहे हैं। जिनकी पार्टी बिहार में सभी सीटों पर जमानत जब्त कराने का रिकॉर्ड बना चुकी है। अरे बुड़बक तुम्हारी पार्टी के वोट कहां धरे हैं जिसकी चोरी होने का आरोप लगा रहे हो।

अपने मित्र पुतिन का स्वागत कर खुश हूं : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आईएएनएस/वार्ता)। रूसी राष्ट्रपति का स्वागत करने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया है। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा- मुझे अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का दिल्ली में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। मैं आज शाम और कल हमारी बैठकों का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। भारत और रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है; इससे हमारे लोगों को अपार लाभ हुआ है।

पुतिन के दौरे को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय का पोस्ट: रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिन के राजकीय दौरे पर भारत आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया।

पीएम मोदी का पुतिन का स्वागत करने का फैसला अप्रत्याशित- क्रेमलिन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर पहुंचकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत किया है। वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि- एयरपोर्ट पर भारतीय प्रधानमंत्री का राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करने का फैसला अप्रत्याशित (यानी पहले से तय नहीं) था। क्रेमलिन ने आगे कहा कि रूसी पक्ष को इस बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था।

सात लोक कल्याण मार्ग पहुंचे पीएम मोदी और पुतिन: रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सात लोक कल्याण मार्ग पहुंचे।

शुक्रवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन भारत-रूस बिजनेस फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर पुतिन राष्ट्रपति भवन में भोज में शामिल होंगे। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को के लिए रवाना होंगे।

अब चार साल बाद हो रही राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को रूसी तेल, मिसाइल सिस्टम और लड़ाकू विमानों की अधिक बिक्री के लिए तैयार करना है। खासतौर पर ऐसे समय में जब अमेरिका के दबाव के कारण ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते प्रभावित हुए हैं। इस बार पुतिन के साथ रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसॉव समेत उद्योग और कारोबारी जगत का बड़ा प्रतिनिधिमंडल होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत-रूस के विशेष संबंधों को फिर से मजबूत करने का अवसर है और कुछ नए रक्षा सौदों की उम्मीद भी है।

ऊर्जा रक्षा क्षेत्र में बड़े सौदे की उम्मीद: दोनों देशों के अधिकारी पुतिन की यात्रा से पहले रक्षा, कृषि, शिपिंग और मुक्त व्यापार जैसे मुद्दों पर बातचीत कर चुके हैं। रूस भारत के साथ नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग भी बढ़ाना चाहता है। पुतिन के साथ भारत आ रहे रूसी प्रतिनिधिमंडल में देश के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और हथियार निर्यातक रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के प्रमुख भी शामिल हैं। स्बेरबैंक भारत में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में रुपये के माध्यम से निवेश करने में रुचि दिखा रहा है। रूस चाहता है कि भारत उसकी तेल कंपनियों को तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति में मदद करे, क्योंकि प्रतिबंधों के चलते कई आपूर्तिकर्ता उपलब्ध नहीं हैं। जबकि भारत रूस के सखालिन-1 प्रोजेक्ट में अपनी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बहाल कराने की कोशिश कर सकता है।

दुनियाभर की मीडिया की निगाह पुतिन की भारत यात्रा : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत पहुंच गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने गले लगाकर पुतिन का किया स्वागत

एक ही कार में रवाना हुए दोनों नेता

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर शानिवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति की पालम हवाई अड्डे पर अगवानी की। पुतिन के सम्मान में हवाई अड्डे पर संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम मोदी के साथ एक कार में सवार होकर निकल गए। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। राष्ट्रपति पुतिन आज पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होंगे। इसके बाद पुतिन पीएम मोदी के आवास पर आयोजित एक निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। इसके बाद वह पीएम मोदी के साथ मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसके बाद पीएम मोदी के न्योते पर पुतिन निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे।

भारत दौरे पर क्या-क्या करेंगे पुतिन?

राजघाट का दौरा और समझौतों पर लगेगी मुहर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरा पर गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। 5 दिसंबर को भारत के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति चार साल के अंतराल के बाद भारत पहुंचेंगे। वे आखिरी बार भारत 2021 में भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने आए थे। हालांकि पुतिन का इस बार का भारत दौरा पिछली यात्रा के मुकाबले काफी अहम माना जा रहा है।

पीएम से मुलाकात और राष्ट्रपति भवन में विशेष भोज

भारत और रूस के बीच हर साल शिखर वार्ता होती है। अब तक दोनों देशों के बीच 22 वार्ताएं हो चुकी हैं। पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी मॉस्को गए थे, जबकि पुतिन आखिरी बार 2021 में भारत आए थे। दिसंबर 2021 में हुआ पुतिन का दौरा मात्र कुछ ही घंटों का था। लेकिन इस बार पुतिन भारत के दो दिन रहने वाले हैं। चार और पांच दिसंबर को पुतिन के कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल जारी किया गया है।

5 दिसंबर का कार्यक्रम

भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वे हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में शामिल होंगे। बता दें कि प्रतिनिधिमंडलों की बैठक में कुछ प्रमुख उद्योगपति भी शामिल हो सकते हैं।

राहुल बोले- सरकार नहीं चाहती मैं पुतिन से मिलूं, यह मोदी की इनसिक्योरिटी

आज संसद के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के भारत दौरे को लेकर संसद पहुंचे लोकसभा में विपक्ष के राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- केंद्र सरकार नहीं चाहती है कि मैं बाहर से आने वाले लोगों से मिलूं। मोदी जी और विदेश मंत्रालय इस नियम का पालन नहीं करते हैं। यह उनकी इनसिक्योरिटी है। राहुल ने कहा- हमारे सभी के साथ रिश्ते हैं। लीडर ऑफ अपोजिशन एक अलग नजरिया देते हैं। हम भी भारत को रिप्रेजेंट करते हैं। यह सिर्फ सरकार नहीं करती है।

छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय में ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले उपस्थित थीं। ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से अब शासन के सभी विभाग और जिला कलेक्टरों द्वारा जारी आदेश, अधिसूचनाएँ, अध्यादेश एवं अन्य प्रकाशन सामग्री सीधे ऑनलाईन पाण्डुलिपि रूप में संचालक, मुद्रण और लेखन सामग्री विभाग को भेजी जाएगी, जहाँ से शासकीय मुद्रणालय इसे ई-गजट के रूप में ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।

पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन

नयी दिल्ली (वार्ता) मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का आज यहां निधन हो गया। वह 73 साल थे। स्वराज के परिवार के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शाम साढ़े चार बजे लोधी रोड श्मशान में किया जायेगा। उनकी पत्नी पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का अगस्त 2019 में निधन हो गया था। उनकी पुत्री बांसुरी स्वराज भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं नयी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।

राज्यसभा में सांसदों ने उठाया प्रदूषण का मुद्दा

नयी दिल्ली(वार्ता) राज्यसभा में गुरुवार को कई सदस्यों ने वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया और राष्ट्रीय राजधानी तथा आसपास के शहरों में वायु प्रदूषण के ऊंचे स्तर पर चिंता व्यक्त की। ओडिशा से बीजू जनता दल की सांसद सुलता देव ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि यहां लोगों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के दलों ने लोकसभा चुनाव के समय '400 पार' का जो नारा दिया था वह दिल्ली में सफल हो गया है, यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 400 के पार है।

अमेरिका का 2026 में नए जी20 का आयोजन करने का ऐलान

वॉशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका की सरकार ने गुरुवार को वैश्विक आर्थिक मंच को नया आकार देने की कोशिश करते हुए अगले जी20 सम्मेलन के आयोजन का एलान किया। अमेरिका ने इसे नया जी20 करार दिया। दरअसल अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका को इस सम्मेलन से बाहर करने का एलान किया है और पोलैंड को शामिल किया है।

छत्तीसगढ़ में लोहा कारोबारियों के 50 ठिकानों पर आईटी रेड

■ **रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ में एक्शन; घर, दफ्तर और प्लांट में दस्तावेज खंगाले जा रहे**

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोहा कारोबारियों के 50 ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा पड़ा है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और रायगढ़ में स्पंज आयरन, स्टील रोलिंग, पॉवर प्लांट और जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी गई है। 100 से अधिक सीआरपीएफ जवान मौके पर तैनात हैं। सभी ठिकानों पर दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर भी आयकर विभाग की टीम पहुंची है। रायपुर समेत कई जिलों में एक साथ आयकर विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है।

11 दिन पहले 19 ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की रेड: 24 नवंबर को रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोंडागांव और अंबिकापुर में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीमों ने छापेमारी की। शराब घोटाले और डीएमएफ से जुड़े ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 दिन पहले रायपुर समेत 8 राज्यों में पड़ी थी ईडी की रेड

30 नवंबर को देशभर में मेडिकल कॉलेज मान्यता के लिए रिश्वतखोरी केस में इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने छत्तीसगढ़ समेत 8 राज्यों में रेड मारी। इनमें रायपुर का रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज भी शामिल था। ईडी अधिकारियों ने रेड के दौरान कई डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। ईडी के मुताबिक रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी के घर पूछताछ की गई। रेड के दौरान मोबाइल फोन, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित

राज्यों के नुकसान की भरपाई केन्द्र करेगा : वित्त मंत्री

नई दिल्ली(वार्ता)। लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक आज पारित हो गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में चर्चा के दौरान कहा कि सरकार केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक लाने जा रही है, ताकि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद भी तंबाकू उत्पादों पर कुल कर भार कम न हो। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि कोविड-19 अवधि के दौरान राज्यों के राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए, लिए गए ऋण को केंद्र सरकार आने वाले कुछ हफ्तों में चुकता कर देगी। सीतारमण ने 1 दिसंबर को लोकसभा में दो अहम विधेयक पेश किए, जिनके तहत तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर कर व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जाएगा। सरकार का यह कदम सिन गुड्स पर कर ढांचे को नया रूप देने जा रहा है।

विधेयक का उद्देश्य : इस विधेयक का उद्देश्य जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस खत्म होने के बाद भी इन उत्पादों पर कर बोझ को सुरक्षित रखना है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में स्पष्ट कहा गया है कि यह सरकार को तंबाकू और उसके उत्पादों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क बढ़ाने की वित्तीय गुंजाइश देगा, ताकि कुल टैक्स भार में गिरावट न आए। इस नए ढांचे के तहत सिगरेट, सिगार और चिरूट पर 5,000 से 11,000 प्रति 1,000 स्टिक की दर से उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव है।

पंजाब के युवक से 5.18 लाख की हेरोइन जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में बुधवार शाम को पंजाब के युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हेरोइन (चिट्टा) जब्त किया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि जेपी गार्डन के सामने सरोना रेलवे स्टेशन जाने वाले रोड पर एक व्यक्ति हेरोइन (चिट्टा) लेकर ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ा।

पूछताछ में उसने अपना नाम बघेल सिंह (37) निवासी तरणतारण बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास रखे बैग से सफेद प्लास्टिक की पन्नी में हेरोइन (चिट्टा) मिला। जिसका वजन 51.85 ग्राम पाया गया। बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत करीब 5.18 लाख रुपए है।

गरमा-गरम

सुनवाई | राज्यों को निर्देश- काम का बोझ ज्यादा, अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती तुरंत करें

सुप्रीम कोर्ट ने बीएलओ की मौत के मामलों पर जताई चिंता

नई दिल्ली(आईएएनएस)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की मौतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने साफ कहा कि बीएलओ पर बढ़ते काम के बोझ को कम करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है और इसके लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती तुरंत की जानी चाहिए। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी टीवीके द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी तब आई जब कोर्ट को बताया गया कि देशभर में अब तक 35-40 बीएलओ की मौत अत्यधिक काम के दबाव के कारण हो चुकी है। याचिकाकर्ता ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग भी रखी।

वैध प्रशासनिक कार्रवाई समय पर पूरा करना जरूरी

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया एक वैध प्रशासनिक कार्रवाई है जिसे समय पर पूरा किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, अगर कहीं स्टाफ की कमी है, तो अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त करना राज्य का कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बीमार, असमर्थ या अत्यधिक दबाव में काम कर रहे अधिकारियों को लेकर राज्य सरकारें संवेदनशील रवैया अपनाएं और तुरंत वैकल्पिक स्टाफ तैनात करें।

बीएलओ परिवारों को मुआवजा का अनुरोध

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से बताया गया कि कई राज्यों से ऐसे मामले सामने आए हैं जहां बीएलओ ने काम के अत्यधिक दबाव, लंबी ड्यूटी और संसाधनों की कमी के कारण आत्महत्या कर ली। इस पर सीजेआई ने कहा, यह बेहद गंभीर मामला है। जिस भी राज्य में ऐसा हो रहा है, वहां प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी होगी। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी टीवीके ने एसआईआर प्रक्रिया पर रोक लगाने या इसे संशोधित करने की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गंगालूर क्षेत्र से आतंक का पर्याय खत्म

1 करोड़ 30 लाख के 18 ईनामी नक्सली ढेर आईजी बोले- बचे हुए जल्द करें समर्पण

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में हुए मुठभेड़ में मारे गए सभी 18 नक्सलियों के शव जिला मुख्यालय लाया गया। इस दौरान बस्तर आईजी पी सुंदरराज और एसपी ने प्रेसवार्ता को संबोधित कर मुठभेड़ से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि, अब तक कुल 1 करोड़ 30 लाख के इनामी नक्सली मारे गए इसी के साथ ही गंगालूर क्षेत्र से आतंक का पर्याय खत्म हो गया है। बस्तर आईजी ने बताया कि, नक्सलियों की अवैध ■ शेष पृष्ठ 6 पर

9 महिला सहित 18 नक्सली मारे गए

बस्तर आईजी ने बताया कि, 9 महिला नक्सली समेत मारे गए 18 नक्सली मारे गए हैं। जिसमें 10 लाख का इनामी नक्सली कमांडर वेल्ला भी शामिल है। कंपनी नम्बर 2 और कंपनी नम्बर 7 के नक्सली मारे गए हैं। वहीं मुठभेड़ स्थल से कुल 19 हथियार बरामद हुए हैं। आईजी ने आगे कहा- पिछले 19 महीनों में अलग- अलग मुठभेड़ में अब तक कुल 469 नक्सली मारे गए हैं।

लोरमी में 264 क्विंटल से अधिक धान जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अवैध धान के क्रय-विक्रय और भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन मुगेली द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मण्डी की संयुक्त टीम द्वारा आविदा फूड्ग्रेन्स सारधा में दबिश दी गई। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि फर्म का ताला तोड़ कर अवैध रूप से संग्रहित धान की जप्ती की कार्यवाही की गई, जिसमें परिसर से एक पिकअप एवं एक माजदा गाड़ी में भरे 661 बारदानों सहित कुल 264 क्विंटल से अधिक धान जप्त कर कृषि उपज मंडी, लोरमी के सुपुर्द किया गया है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी करने प्रशासन की टीम द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। सभी आंतरिक चेक पोस्ट पर भी टीमों को तैनात किया गया है। गठित निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है और मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

अवैध धान पर प्रशासन की कार्रवाई पकड़ाया 64 लाख का धान

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष के तहत कबीरधाम जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया के बीच अवैध धान परिवहन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। अब तक संयुक्त टीमों द्वारा 34 विभिन्न प्रकरणों में 2091 क्विंटल से अधिक अवैध धान जप्त किया गया है, जिसकी कीमत 31 सौ रूपये की दर से लगभग 64 लाख 82 हजार रुपये होती है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए खरीदी से जुड़े सभी विभागों को निरंतर मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जिले के सीमावर्ती चेकपोस्टों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि उड़नदस्ता दल लगातार संवेदनशील क्षेत्रों पर निगरानी रखते हुए संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहा है। इसके अलावा अवैध धान आवक की रोकथाम के लिए राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीमें सीमावर्ती इलाकों में औचक निरीक्षण कर रही है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक जिले में 34 अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 4742 बोरियों में 2091.20 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है।

अमानक धान खपाने की थीं तैयारी

प्रशासन सख्त, लोईंग उपार्जन केंद्र में विवाद

■ मनोज प्रधान पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

■ धान खरीदी में पारदर्शिता बनाए रखने जिला प्रशासन की अपील किसानों से नियमों का पालन करने का आग्रह

रायगढ़/नवप्रदेश। राज्य शासन की धान खरीदी नीति के अनुरूप रायगढ़ जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर समिति प्रबंधकों द्वारा शासन के मानकों के अनुसार प्रत्येक उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज बुधवार 3 दिसंबर को लोईंग धान उपार्जन केंद्र क्रमांक 845 में ग्राम महापल्ली के किसान श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, पिता महेश राम अग्रवाल द्वारा जारी टोकन के माध्यम से दो ट्राली में लगभग 42 क्विंटल खुला धान विक्रय के लिए लाया गया। केंद्र में तैनात जिला प्रशासन के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा धान की मानक जांच किए जाने पर वह अमानक गुणवत्ता का पाया गया।

धान की गुणवत्ता अमानक पाए जाने पर समिति प्रबंधन द्वारा कृषक को विनम्रतापूर्वक सूचित किया गया कि ऐसा धान समिति में विक्रय योग्य नहीं है। समझाइश के दौरान केंद्र में मौजूद स्थानीय ग्रामीण मनोज प्रधान, पिता-कालिया प्रधान, निवासी ग्राम-लोईंग द्वारा धान प्रक्रिया में संलग्न अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की सूचना प्रशासन को मिली। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मनोज प्रधान के विरुद्ध बी.एन.एस.एस. के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बंधपत्र निष्पादन की कार्यवाही संपादित की। उक्त घटना के बाद जिला प्रशासन ने जिले के कृषकों एवं ग्रामीणजन से अपील की है कि धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जा रही है, इसलिए सभी किसान व ग्रामीण जन सहयोग प्रदान करें। अमानक धान के विक्रय, प्रक्रियाओं में अनावश्यक हस्तक्षेप या किसी भी प्रकार के अव्यवहारिक आचरण को गंभीरता से लिया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में अवैध धान भंडारण व परिवहन पर की जा रही लगातार कार्रवाई

■ ग्राम सेमरा, सिलादेही, मेऊभाठा लोहर्सी, हेडसपुर, बक्सरा और कापन में अवैध धान जप्त

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग द्वारा अवैध धान भंडारण और परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विकासखंड नवागढ़ के ग्राम सेमरा में प्रमोद किराना स्टोर से 50 बोरी अवैध धान जप्त किया गया। विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम सिलादेही निवासी रामगोपाल साहू के घर पर की गई संयुक्त जांच में 50 बोरी अवैध धान मिलने पर मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की गई। मेऊभाठा स्थित रमेश किराना स्टोर में अवैध रूप से रखे 95 बोरी धान को भी राजस्व एवं मंडी विभाग की टीम ने जप्त किया। लोहर्सी में अवैध धान परिवहन के लिए तैयार 2 वाहनों से 205 बोरी धान जप्त किया गया। यादव किराना स्टोर हेडसपुर से 40 क्विंटल धान एवं चिंटू किराना स्टोर बक्सरा से 18 क्विंटल धान जप्त किया गया। तहसील अकलतरा अंतर्गत ग्राम कापन में रमेश गौतम के गोदाम से 70 बोरी 28 क्विंटल एवं योगेश्वर श्रीवास के गोदाम से 32 बोरी 12.80 क्विंटल धान अवैध भंडारण पाए जाने पर राजस्व एवं मंडी सचिव दल द्वारा जब्ती किया गया। जिस पर मंडी अधिनियम के अंतर्गत आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार कुल 502 बोरी एवं 98.80 क्विंटल अवैध धान जप्त कर विभाग द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

कलेक्टर श्री महोबे ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण या परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही पात्र कृषकों को धान बिक्री में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष के तहत जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया के बीच अवैध धान परिवहन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। अब तक संयुक्त टीमों द्वारा 34 विभिन्न प्रकरणों में 2091 क्विंटल से अधिक अवैध धान जप्त किया गया है, जिसकी कीमत 31 सौ रूपये की दर से लगभग 64 लाख 82 हजार रुपये होती है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए खरीदी से जुड़े सभी विभागों को निरंतर मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जिले के सीमावर्ती चेकपोस्टों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि उड़नदस्ता दल लगातार संवेदनशील क्षेत्रों पर निगरानी रखते हुए संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहा है। इसके अलावा अवैध धान आवक की रोकथाम के लिए राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीमें सीमावर्ती इलाकों में औचक निरीक्षण कर रही है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक जिले में 34 अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 4742 बोरियों में 2091.20 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 64 लाख 82 हजार रुपये बैठता है। कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन में संलग्न 14 छोटे एवं बड़े वाहनों को भी जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

6 प्रकरणों में 20 लाख 13 हजार 760 रूपए मूल्य के 649.60 क्विंटल अवैध धान जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 6 प्रकरणों में 20 लाख 13 हजार 760 रूपए मूल्य के 649.60 क्विंटल (1624 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 144 प्रकरणों में 5 करोड़ 46 लाख 27 हजार 766 रूपए मूल्य के 17621.86 क्विंटल (44055 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 2 प्रकरण में 17 लाख 53 हजार 360 रूपए मूल्य के 565 क्विंटल (1414 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 3 प्रकरण में 2 लाख 29 हजार 400 रूपए मूल्य के 74 क्विंटल (185 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 31 हजार रूपए मूल्य के 10 क्विंटल (25 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 59 प्रकरणों में 3 करोड़ 19 लाख 13 हजार 880 रूपए मूल्य के 10294.80 क्विंटल (25737 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 42 प्रकरण में 1 करोड़ 8 लाख 91 हजार 106 रूपए मूल्य के 3513.26 क्विंटल (8783 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 43 प्रकरणों में 1 करोड़ 18 लाख 22 हजार 780 रूपए मूल्य के 3813.80 क्विंटल (9535 बोरा) अवैध धान एवं 4 वाहन जप्त किया गया है। जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है।

54 वर्षीय किसान कवलसाय ने बेचा 80 क्विंटल धान

कोरिया/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत आज ग्राम खरवत निवासी 54 वर्षीय किसान कवलसाय ने साख सहकारी समिति, छिन्दडांड में पहुंचकर धान विक्रय किया। किसान कवलसाय ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 1.8000 हेक्टेयर भूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केंद्र में उन्होंने 80 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 1,89,520 की राशि प्राप्त होगी। धान बिक्री से मिली राशि का उपयोग वे खेती, कर्ज भुगतान एवं दैनिक उपयोग की आवश्यकताओं को पूरा करने में करेंगे।

धान खरीदी होगी पूरी तरह पारदर्शी, फोटो अपलोड में कोताही पर कार्रवाई तय : उइके

गरियाबंद/नवप्रदेश। धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, सुचारु एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जिले के समस्त धान खरीदी केंद्रों पर कड़े निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि धान विक्रय हेतु केंद्र में आने वाले प्रत्येक किसान के वाहन तथा विक्रय किए जा रहे धान का फोटो पोर्टल पर 100 प्रतिशत अपलोड करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फोटो अपलोड की प्रक्रिया वास्तविक समय (रीयल टाइम) में की जाए, ताकि धान खरीदी की संपूर्ण कार्यवाही का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता, शॉर्टेज अथवा फर्जीवाड़े की संभावना समाप्त हो। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था किसानों के हित संरक्षण के साथ-साथ शासन की खरीदी नीति की प्रभावी निगरानी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों के प्रबंधकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी धान खरीदी केंद्र पर फोटो अपलोड में लापरवाही, टालमटोल या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि इस व्यवस्था से खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, किसानों को उनके विक्रय की सही जानकारी मिलेगी तथा भुगतान प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। वहीं, खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन कराएं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर फोटो अपलोड की स्थिति की समीक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में अब तक 06 हजार 32.80 क्विंटल हुई धान की खरीदी

नारायणपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत् राज्य शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर जिले के पंजीकृत किसानों से विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों के जरिये अनवरत रूप से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में जिले के 17 केन्द्रों में किसानों के धान का उपार्जन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अब तक 06 हजार 32.80 क्विंटल धान की खरीदी की गयी है, जिसमें धान खरीदी केन्द्र एड़का में 1424.40 क्विंटल, गढ़बेंगाल में 1482 क्विंटल की खरीदी हुई है।

उचित मूल्य और सुगम प्रक्रिया ने बढ़ाया किसान छोटे लाल का विश्वास

कोरबा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में अन्नदाताओं से धान खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। प्रशासन द्वारा बनाए गए 65 धान उपार्जन केन्द्रों में इस वर्ष खरीदी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। व्यवस्था में आए इस बदलाव से किसानों में उत्साह और संतोष दोनों देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में करूमहुआ निवासी किसान 'श्री छोटे लाल दिव्य ने नकटीखार धान उपार्जन केन्द्र पहुँचकर अपनी 50 क्विंटल उपज की बिक्री की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान बेचने का अनुभव पहले से कहीं अधिक आसान रहा। विशेष रूप से टोकन

तुंहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे टोकन प्राप्त होने से उन्हें किसी भी प्रकार की प्रतीक्षा या परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। अपने 4 एकड़ खेत में छोटे लाल दिव्य हर वर्ष धान की खेती करते हैं। इस बार मौसम का साथ और उनकी कड़ी मेहनत से उत्पादन अच्छा हुआ। अपने परिश्रम की बिक्री के लिए वे नकटीखार धान उपार्जन केंद्र पहुँचे, जहाँ उन्होंने 50 क्विंटल धान बेचा। पिछले वर्ष उन्होंने 74 क्विंटल धान का विक्रय कर प्राप्त राशि से अपने घरेलू खर्चों और खेती को बेहतर बनाने में निवेश किया था। किसान छोटे लाल ने कहा कि शासन द्वारा घोषित सर्वाधिक समर्थन मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का प्रावधान किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि इन व्यवस्थाओं के कारण उन्हें अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे घरेलू आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

पठियापाली में पुराने धान पाए जाने पर नोडल अधिकारी और प्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर अजीत वसंत ने पठियापाली एवं लबेद धान उपार्जन केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

■ इसी खरीफसीजन के धान खरीदने और उपार्जन केंद्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पठियापाली एवं लबेद के धान उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत पठियापाली स्थित उपार्जन केंद्र में पुराने धान का भंडारण पाया गया तथा धान की नमी 10 प्रतिशत से भी कम पाई

गई। इस अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने पठियापाली केंद्र के नोडल अधिकारी श्री रजनीश सिंह (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) एवं समिति प्रबंधक श्री चंद्रशेखर कैवर्त के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण के पूर्ण निराकरण तक ऐसे धान की खरीदी नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों की समग्र व्यवस्था को परखा और निर्देशित किया कि धान खरीदी केवल उन्हीं किसानों से की जाए, जो पात्र एवं पंजीकृत हों। उन्होंने कहा कि खरीदे गए धान का भंडारण एवं स्टैकिंग पूरी तरह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमों के अनुरूप किया जाए, ताकि गुणवत्ता में किसी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने यह भी कहा कि उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध बारदाने की संख्या का पंजी में शत-प्रतिशत सही अंकन हो तथा बारदानों के उपयोग और भंडारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

कलेक्टर श्री वसंत ने दोनों उपार्जन केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की और निर्देश दिया कि कैमरे सदैव क्रियाशील रहें, ताकि खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि धान लेकर आने वाले प्रत्येक किसान की जानकारी आवक एप्लीकेशन में पूरी तरह दर्ज होनी चाहिए। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान खरीदी के पश्चात समय पर उठाव करने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए, ताकि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक जोखिम की स्थिति उत्पन्न न हो।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद किया और उन्हें अपने खेत का धान ही उपार्जन केंद्र में बेचने की अपील की। उन्होंने कहा कि अवैध धान की खरीदी और विक्रय से उपार्जन व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए किसान इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल न हों तथा यदि कहीं अवैध धान खपाने की जानकारी मिले तो प्रशासन को अवश्य सूचित करें।इस दौरान एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, तहसीलदार, खाद्य विभाग, कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

धान खरीदी के लिए रकबा संशोधन अनिवार्य

■ कलेक्टर के निर्देश पर शेष किसानों से समिति में उपस्थित होकर रकबा संशोधन कराने की अपील

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी को सुचारु, पारदर्शी एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निर्देश पर ऐसे सभी किसान, जिनका धान खरीदी हेतु रकबा (भूमि क्षेत्रफल) अब तक संशोधित नहीं हो पाया है, वह तत्काल संबंधित प्राथमिक कृषि साख समिति में उपस्थित होकर अपना रकबा संशोधन अनिवार्य रूप से करा लें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि रकबा संशोधन समय-सीमा के भीतर नहीं होने की स्थिति में किसानों को धान विक्रय के दौरान तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। अतः किसानों के हित में यह आवश्यक है कि वे अपने खसरा, फसल बोआई विवरण, पट्टा/स्वामित्व दस्तावेज, भुइंया/पटवारी अभिलेख सहित अन्य आवश्यक कागजात लेकर समिति कार्यालय में संपर्क करें और अद्यतन प्रविष्टि सुनिश्चित कराएं। प्रशासन ने बताया कि रकबा संशोधन से वास्तविक बोए गए रकबे के अनुसार ही धान खरीदी होगी, जिससे अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और पात्र किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। समिति प्रबंधन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन दें और संशोधन कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करें।

सफलता के लिए निरंतर सीखना, कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्य: पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

■ **संयम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़े युवा: राज्यपाल डेका**

रायपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन आज पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. दिवाकर नाथ वाजपेयी उपस्थित रहे। समारोह में 64 शोधार्थियों को शोध उपाधि, 92 गोल्ड मेडल एवं 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि दी गई। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने स्नातक छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने युवा पीढ़ी की ऊर्जा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है और वर्तमान युवा इसका ऐतिहासिक साक्षी और भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से स्नातक होना शिक्षा की पूर्णता नहीं है, बल्कि इक्कीसवीं सदी में सफलता के लिए निरंतर सीखना, कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्य है।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विश्वविद्यालयों में बेटियाँ शिक्षा के क्षेत्र में कई बार बेटों से आगे निकल रही हैं और इस विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेताओं में भी बेटियों की संख्या उल्लेखनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों, विशेषकर पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे माता-पिता का त्याग, परिवार का सहयोग और गुरुओं का अमूल्य मार्गदर्शन भी निहित है। यह हर विद्यार्थी के लिए एक सुनहरा यादगार पल है, जिसे वे जीवनभर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि-÷कभी यह मत सोचिए कि आप पीछे रह गए हैं। यदि आप प्रयास करना नहीं छोड़ते, तो आप हमेशा पहले स्थान पर हो सकते हैं।÷ उन्होंने छात्रों से अपने सपनों को साकार करने के लिए परिश्रम करने, भारतीय संस्कृति, मूल्यों और जड़ों से जुड़े रहने और योग व विज्ञान जैसी भारतीय विरासत को अपनाने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि जीवन में अनेक चुनौतियाँ आती हैं, जिनमें कभी-कभी हम गिरते भी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हर बार स्वयं को संभालकर फिर से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में गिरावट से भयभीत न हों और हमेशा उठने का साहस रखें। राज्यपाल ने अनुशासन को जीवन में सफलता की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि जीवन एक सुंदर यात्रा है।

नई प्रणाली से छात्रों को सरल, पारदर्शी और त्वरित सेवाएं मिल रही: सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह समारोह केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों, संकल्पों और संघर्षों का उत्सव है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहुविषयक अध्ययन, कौशल आधारित शिक्षण, चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, अकादमिक बैंक ऑफक्रेडिट और आधुनिक पाठ्यचर्या जैसी व्यवस्थाओं को लागू करने की सराहना की, जिससे छात्र वैश्विक अवसरों का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवि में डिजिटलईजेशन के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा फॉर्म, ट्रांसक्रिप्ट और डिग्री प्रमाणपत्र जैसी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। इस नई प्रणाली से छात्रों को सरल, पारदर्शी और त्वरित सेवाएँ मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम उषा कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता नए प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक अकादमिक अवसंरचना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी इससे विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार को सुनिश्चित कर सकेगा।

न्यूज गैलरी

प्रदेश के पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों का आईआईटी जम्मू में प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के पीएमश्री स्कूल में अध्यापन कर रहे विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों का क्षमता विकास तथा आधुनिक टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से एससीईआरटी के निर्देश पर पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम के सहित प्रदेश के 151 विज्ञान शिक्षकों ने आईआईटी जम्मू में प्रशिक्षण प्राप्त किया। ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना तथा देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। प्रदेश सरकार राज्य के पीएमश्री स्कूलों को, रोल मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है जहाँ डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, लैब, ग्रीन स्कूल,खेल और कौशल शिक्षा जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है।

मैजिकल ट्रैफिक क्लास से बच्चों को मिला सड़क सुरक्षा का अनूठा संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। जागरूक समाजसेवी संस्था ÷सुरक्षित भवः फाउंडेशन÷ द्वारा विगत 12 वर्षों से राहगीरों एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए विभिन्न नवाचारों और रचनात्मक तरीकों से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 4 दिसंबर को रायपुर के दो शासकीय विद्यालयों में बच्चों के लिए विशेष सड़क सुरक्षा आधारित ÷मैजिकल ट्रैफिक सेमिनार÷ का आयोजन किया गया।इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं शिक्षकों को जादू के माध्यम से ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व को रोचक, व्यावहारिक तथा प्रभावी ढंग से समझाना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के संदेश को सशक्त बनाया जा सके।

मैच के दौरान मैदान में घुसकर कोहली के पैर छूना युवक को पड़ा भारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरे वनडे मैच के दौरान एक युवक सुरक्षा घेरे को तोड़कर मैदान में घुस गया और विराट कोहली के पैर छूए। हालांकिस सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। वहीं अब खबर आ रही है कि पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान चंदप्रकाश बंजारे (निवासीः नकटा गांव) के रूप में हुई है। मंदिर हसौद थाना पुलिस ने इस घटना के बाद उसके खिलाफ151 के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं में मामला दर्ज किया है। पूछताछ में युवक ने खुद को विराट कोहली का कट्टर प्रशंसक बताया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, इस तरह की हरकतें खिलाड़ियों की सुरक्षा और मैदान की व्यवस्था दोनों के लिए खतरा होती हैं। यह पहली बार नहीं जब किसी फैंस ने सीमा लांघने की कोशिश की हो, लेकिन कड़े नियमों के चलते ऐसे मामलों में तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाती है। क्रिकेट प्रेमी का जुनून जहां एक ओर चर्चा का विषय बना, वहीं दूसरी ओर यह भी साफहो गया कि नियमों की अनदेखी किसी के लिए भी महंगी साबित हो सकती है।

सुहेला में सीएम ने अन्नदाताओं की उपज और परिश्रम को सलाम किया

पीएम आवास योजना के 10 हितग्राहियों को आवास की चाबियाँ सौंपी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुहेला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। वहाँ विभागीय स्टॉलों के अवलोकन के दौरान किसानों के प्रति सम्मान का अनोखा उदाहरण देखने को मिला। सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री साय का धान से वजन कर अन्नदाताओं की उपज और परिश्रम को सलाम किया गया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित किसानों से समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी की व्यवस्था पर चर्चा की, जिसे किसानों ने बेहद पारदर्शी व सुविधाजनक बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और सम्मान स्वरूप अभिनन्दन पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित रहे।

पीएम आवास योजना के 10 हितग्राहियों को आवास की सौंपी चाबी: स्टॉल अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के स्टॉल में महिला कमांडो दल की दस ग्राम की सदस्यों को प्रभावी नशामुक्ति कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और हेलमेट वितरण किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पीएम आवास योजना के 10 हितग्राहियों को आवास की चाबियाँ सौंपी।

60 युवाओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री साय ने समाज कल्याण विभाग द्वारा 25 दिव्यांगजन को सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जबकि कृषि विभाग ने 18 किसानों को सरसों, रागी एवं मसूर बीज वितरित किए। कौशल विकास विभाग के फ्रहम होंगे कामयाबफ्र प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े 60 युवाओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। सुहेला में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण बना, बल्कि किसानों, युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का भी सशक्त संदेश दिया।

शुल्क में छूट देने चेंबर ने कृषि मंत्री नेताम को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य मुलाकात कर दो महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन सौंपे। चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट एवं कृषि उपज आधारित खाद्य प्रसंस्करण मुरमुरा उद्योग को राहत देने की मांग की गई।

छत्तीसगढ़ चेम्बर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रसंस्करण उद्योग से लगभग 50,000 से अधिक स्थानीय श्रमिक एवं किसानों की आजीविका से सीधे जुड़ा है। यदि शुल्क में राहत नहीं दी गई तो उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और रोजगार प्रभावित होगा।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आगे कहा कि हमने इस दौरान प्रस्तुत स्मरण पत्र में विशेष रूप से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स और प्रसंस्करण उद्योगों को छूट, कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण एव किसान एवं दलहन-तिलहन व्यापार से जुड़े उद्योगों को शुल्क में छूट देकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। हमने मंत्री जी से निवेदन किया है कि अधिसूचना दिनांक 13/03/2024 को जारी कर शुल्क छूट प्रदान की जाए, जिससे प्रदेश के किसान, व्यापार और उद्योगों को राहत मिल सके। चेम्बर ने आशा व्यक्त की है कि माननीय मंत्री जी सकारात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के कृषक, व्यापारी एवं उद्यमी वर्ग को राहत प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं चेंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी,चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, जवाहर थारानी, अशोक निहलानी, भाटापारा इकाई अध्यक्ष गुरुमुख गंगवानी, पोहा- मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा अध्यक्ष रंजीत दावानी, संरक्षक अनिल लोचलानी, उपाध्यक्ष राकेश मंधान, डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ सदस्य पवन मंधान एवं अमरलाल सचदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

महतारी वंदन योजना: हटाए गए 2 लाख से अधिक हितग्राहियों के नाम

रायपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना की 22वीं किश्त 03? दिसंबर 2025 को जारी किया गया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने वाली राज्य सरकार की प्रमुख योजना महतारी वंदन के तहत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर किया। योजना के 67,71,012 हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर की गई।

इस दौरान सीएम साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना हमारी माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। सीएम साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं परिवार, समाज और राज्य की उन्नति की आधारशिला हैं, और उनका सशक्त होना एक सशक्त प्रदेश की अनिवार्य शर्त है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रतिमाह सीधे बैंक खातों में राशि अंतरित होने से माताओं को न केवल आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि परिवार की पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में भी सुनिश्चित सहयोग मिलता है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र माता इस सहायता से वंचित न रहे तथा पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महतारी वंदन योजना आने वाले समय में लाखों परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी और छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा को नई ऊर्जा देगी।पीएम मोदी ने जारी की पहली किस्तबता दें कि महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 10 मार्च 2024 को पीएम मोदी के हाथों प्रदान की गई थी।

आज भाजपा की आगामी कार्य योजना बैठक एवं जिला प्रभारी के स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया की श्री राजेंद्र शर्मा जी को भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला के प्रभारी बनने के पश्चात जिला कार्यालय एकात्म परिसर रजबंधा मैदान में 5 दिसंबर दिन शुक्रवार को दोप. 3 बजे बैठक आयोजित है7 भाजपा रायपुर जिला के नवनियुक्त प्रभारी श्री राजेंद्र शर्मा जी का भव्य स्वागत किया जायेगा एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा की जायेगी। इस बैठक में रायपुर के सांसद एवं सभी विधायक, महापौर, सभापति, रायपुर में निवासरत प्रदेश, जिला के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारीयों एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुख पदाधिकारियो को आमंत्रित किया गया है।

हम पूरी मेहनत करेंगे और यकीन है कि हमें मिलेगी जीत: सरोज पोडियाम

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर ओलम्पिक 2025 का आयोजन इस वर्ष कई महिलाओं को अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने का अवसर मिला है, ऐसी ही महिलाओं में शामिल हैं श्रीमती सरोज पोडियाम, जो विवाह और पारीवारिक जिम्मेदारियों के चलते वर्षों से खेल से दूर थीं। तीन वर्ष की बच्ची की मां होने के बावजूद उन्होंने खेल मैदान में वापसी कर सभी को प्रेरित किया।

सरोज पोडियाम कोंटा विकासखंड के दूरस्थ मुरलीगुड़ा ग्राम की निवासी हैं। वह बताती हैं कि बस्तर ओलम्पिक शुरू होने से उन्हें स्कूल के दिनों की खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों की यादें ताजा हो गईं। सरोज बताती हैं हम महिलाओं का अधिकतर समय परिवार, बच्चे और गृहकार्य में बीत जाता है। लेकिन बस्तर ओलम्पिक ने हमें फिर से अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। इस बार संभाग स्तर तक पहुंचना हम सभी के लिए बड़ी खुशी की बात है।

बस्तर ओलम्पिक में सरोज पोडियाम और उनकी टीम ने रस्साकसी में दमदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया है। टीम की इस उपलब्धि से पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। सरोज कहती हैं कि हम सभी महिला साथी बहुत खुश हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का धन्यवाद, जिन्होंने हमें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया। इस बार पूरा प्रयास रहेगा कि हम संभाग में अपने जिले को जीत दिलाएं।

एमसीबी जिले में पीएमजीएसवाई से बदला विकास का भूगोल

पीएमजीएसवाई से बदला विकास का भूगोल एमसीबी जिले में

■ **पक्की सड़कों ने जुड़ा गांव-गांव, बढ़ी व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीणों में बड़ी नई उम्मीद**

रायपुर/नवप्रदेश। पहाड़ों, वनाच्छादित और दूरस्थ भौगोलिक स्थितियों के कारण लंबे समय तक संपर्कहीनता की समस्या से जूझता रहा एमसीबी जिला। कई गांव ऐसे थे जहां पहुंचना मौसम के भरोसे होता था। बरसात में सड़कें कट जाती थीं, लोग घरों में कैद हो जाते थे और रोगी, छात्र, किसान सभी कठिनाइयों का सामना करते थे।

ग्रामीण जीवन की धड़कन बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना: पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने इस जिले का भूगोल ही बदल दिया। आज मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर जिले के अधिकांश गांव पक्की सड़कों से जुड़ चुके हैं और जहां कार्य शेष है, वहां निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। यहां सड़कों का जाल सिर्फ कंक्रीट या डामर का ढांचा नहीं है बल्कि यह गांवों की नई किस्मत है, ग्रामीण जीवन की धड़कन है और विकास की असली आधार है।

पहाड़ी रास्तों से पक्की सड़क तक -एक परिवर्तन की कहानी

एमसीबी जिले की ऊबड़-खाबड़ पहाड़ियों, दुरूह घाटियों और गहरे जंगलों में बसे गांव वर्षों तक मुख्यधारा से दूर रहे। गांवों तक पहुँचने के लिए कभी पगडंडी, कभी नदी का उफान और कभी पहाड़ी रास्तों का सहारा लेना पड़ता था। पीएमजीएसवाई के तहत जब सड़कों का सर्वेक्षण शुरू हुआ, तो ग्रामीणों के बीच उम्मीद की एक नई किरण जागी। आज वही गांव पक्की सड़कों से जुड़ चुके हैं। अब छोटे वाहनों से

शिक्षा के दरवाजे खुले-ड्रॉपआउट में आया कमी

पहले दूरस्थ गांवों के बच्चे बारिश में स्कूल नहीं जा पाते थे। कई बच्चे पहाड़ी रास्तों से डरकर पढ़ाई छोड़ देते थे। अब स्कूल वैन, बसें और ऑटो आसानी से पहुंचते हैं, अध्यापक समय पर स्कूल जा पा रहे हैं। छात्र उच्च शिक्षा के लिए कस्बों और शहरों तक आसानी से आ-जा रहे हैं, जिससे ड्रॉपआउट में कमी आया है।

नया रोजगार और नई उम्मीदें

पीएमजीएसवाई निर्माण ने हजारों ग्रामीणों को रोजगार दिया। सड़क बनने से स्थानीय व्यवसाय, किराना, ढाबा, गैराज आदि, अब खुले परिवहन सेवाओं में वृद्धि हुई, जिससे निर्माण सामग्री की सप्लाई में स्थानीय लोगों को लाभ मिला।

किसानों की बढ़ी आर्थिक रफ्तार -बाजार हुआ पास

पहले किसान खेतों से उपज को बैलगाड़ी या अपने सिर पर उठाकर ले जाते थे। कई बार फसल मंडी तक पहुंचते-पहुंचते खराब भी हो जाती थी। नई सड़कों का प्रभाव कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी रहा, जिसमें ट्रैक्टर, पिकअप, मिनी ट्रक अब गांव तक पहुंच रहे हैं। धान, कोदो-कुटकी, मक्का, सब्जियां और लघु वनोपज आसानी से मंडी पहुंच रही हैं। परिवहन लागत कम होने से अब किसानों की बचत बढ़ी है।

सुविचार

मतलबी लोग भले ही किसी बात का मतलब न समझते हों लेकिन अपने मतलब की बात फौरन समझ जाते हैं। - अज्ञात

दक्षिण अफ्रीका ने मैच जीता कोहली दिल

छत्तीसगढ़ के नया रायपुर स्थित शरीद वीरनारायण सिंह अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में दूसरे वन-डे क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की लेकिन टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज विराट कोहली ने बैक टू बैक एक और शतक जड़कर क्रिकेटर प्रेमियों का दिल जीत लिया। विराट कोहली ने बारहवीं बार बैक टू बैक शतक लगातार एक ऐसा कीर्तिमान रचा है जिसे शायद ही कोई तोड़ पाये। विराट कोहली ने अपने वन-डे कैरियर में 53वां शतक जड़ा है और टेस्ट और नव-डे मिलाकर उनके 84 शतक हो गये हैं। अब वे शतकों का शतक लगाने वाले सचिन तेन्दुलकर से सिर्फ 16 शतक रह गये हैं। विराट कोहली की उम्र अभी 37 साल है यदि वे भी सचिन तेन्दुलकर की तरह 40 वर्ष की आयु तक वन-डे मैच खेल लेते हैं तो जाहिर है वे शतकों का शतक लगाने वाले सचिन तेन्दुलकर के बाद दुनिया के दूसरे क्रिकेटर बन जाएंगे। विराट कोहली ने अपने नाम के अनुरूप एक और विराट पारी खेलकर यह साबित कर दिया है कि उनमें अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। रही बात दक्षिण अफ्रीका की तो उसमें दूसरे वंडे में भारत द्वारा दिये गये 358 रनों के लक्ष्य को चार गेंद शेष रहते हासिल करके एक नया कीर्तिमान रच दिया। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था लेकिन दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने असंभव को संभव कर दिखाया और उसके खिलाड़ियों ने जो शानदार प्रदर्शन किया उसे देखते हुए वे सही मायनों में जीत के अधिकारी थे। रही बात टीम इंडिया की तो दूसरे वंडे मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में कई गंभीर चूक की नतीजतन जीता हुआ मैच हार गये। विराट कोहली और रितुराज गायकवाड़ ने शतक जड़ कर भारत को मजबूत स्थिति में ला दिया था और भारत इस बार बड़ी आसानी से चार सौ रन का आंकड़ा पार करता नजर आ रहा था। लेकिन अंतिम 11 ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों में धीमी बल्लेबाजी की। वाशिंटन सुंदर आठ गेंद खेलकर सिर्फ एक रन बना सकें। वहीं दूसरे ऑलराउंडर रविन्द्र जड़ेजा ने भी बेहद निराश किया यह तो भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने आखरी ओवर में आक्रामक शॉट लगाये और टीम को 350 के पार पहुंचाया अन्यथा टीम इंडिया 350 का आंकड़ा भी नहीं छू पाती। बहरहाल 358 रन भी काफी थे लेकिन भारतीय गेंदबाज इस विसाल स्कोर का भी बचाव नहीं कर पाये प्रसिद्ध कृष्णा ने जमकर रन लुटाये। यह ठीक है कि दूसरी पारी में ओस के कारण गेंदबाजी आसान नहीं थी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण में वह धार नहीं दिखी और फिल्डिंग भी खराब रही। बहरहाल इन कमियों का सुधार लिया जाता है तो तीसरे और निर्णायक मैच में भारत वापसी कर सकता है और 2-1 से यह सीरिज जीत सकता है।

सांसद चौधरी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जरूरी

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान एक कुत्ते को लेकर संसद परिसर में पहुंची कांग्रेसी सांसद रेणुका चौधरी के खिलाफ सरकार संसद में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने जा रही है जो सही कदम है। उक्त सांसद के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होना निहायत जरूरी है। उन्होंने संसद परिसर में अपनी कार में कुत्ते को लाने की हिमाकत की उसे तो एक बार माफ किया जा सकता है लेकिन इसके बाद जब उनसे पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने जवाब में जो कुछ कहा है वह अक्षम्य अपराध है। रेणुका चौधरी ने कहा था कि यह तो पालतू कुत्ता है जो काटता नहीं है काटने वाले खतरनाक कुत्ते तो संसद के भीतर बैठे हैं। इस तरह उन्होंने जनता द्वारा चुने गये माननीय सांसदों की तुलना काटने वाले कुत्तों से कर दी। ऐसा बयान देते समय वे यह भी भूल गई कि वे खुद भी इसी संसद में एक सांसद के रूप में बैठती हैं। प्रजातंत्र के पवित्र मंदिर कहलाने वाली संसद का इससे बड़ा अपमान और कुछ नहीं हो सकता। जब पत्रकारों ने रेणुका चौधरी से यह कहा कि उनके इस बयान को लेकर संसद में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जा रहा है तो उन्होंने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए भौं-भौं करके यह साबित कर दिया कि उनके पास किसी सवाल का जवाब नहीं है। सांसदों का ऐसा घोर अपमान करने वाली सांसद रेणुका चौधरी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी ही चाहिए ताकि फिर कोई ऐसी हिमाकत करने की जुरूरत न करें।

संचार साथी पर राजनीति की बजाय सुदृढ़ हो साइबर सुरक्षा

राजेश माहेश्वरी

> निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके।

इन दिनों 'संचार साथी' ऐप की देश में चर्चा है। बीते दिनों केंद्र सरकार ने निर्देश दिए थे कि आगामी वर्ष मार्च से हर नये स्मार्टफोन में 'संचार साथी' ऐप पहले इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। दूसरी ओर पुराने स्मार्ट फोनों में इसे सॉफ्टवेयर अपडेट द्वारा भेजा जाएगा। संचार साथी ऐप को सभी नए स्मार्टफोन में अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने के सरकार के फैसले पर अब राजनीति और बहस शुरू हो गई है। विपक्ष इसे नागरिकों की जासूसी और निजता पर हमले के रूप में देख रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि यह ऐप मोबाइल चोरी, धोखाधड़ी और फर्जी आईएमईआई नंबर को रोकने के लिए है।

विपक्ष ने शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बनाया। विपक्ष का कहना था कि इससे निजता का उल्लंघन होगा और व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ जाएगा। संचार साथी ऐप को अनिवार्य रूप से प्री-लोड करने के आदेश पर तीखी आलोचनाओं के बाद केंद्र सरकार पीछे हट गई। प्राइवेसी को लेकर उठी चिंताओं, उद्योग जगत के दबाव और क़ानूनी आपत्तियों के बाद सरकार ने निर्देश वापस ले लिया। संचार साथी पोर्टल मई 2023 में मोदी सरकार द्वारा लॉन्च किया गया था। इस पोर्टल के ज़रिए नागरिक अपने आईडी से लिंक मोबाइल कनेक्शनों की जांच कर सकते हैं, धोखाधड़ी या स्कैम की शिकायत दर्ज कर सकते हैं और खोए हुए फोन का पता लगा सकते हैं। संचार साथी का मोबाइल ऐप इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य साइबर अपराध से निपटने में मदद करना है। केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों से कहा था कि वे सभी नए स्मार्टफोन्स में यह ऐप अनिवार्य रूप से पहले से इंस्टॉल करें। इसी वजह से विवाद शुरू हुआ। इस आदेश के तहत, उपयोगकर्ता इस ऐप को न तो बंद कर सकते थे, न इसकी सीमाएं तय कर सकते थे और न ही इसे फोन से हटा सकते थे। इस कदम की कड़ी आलोचना होने लगी, क्योंकि कई लोगों ने इसे नागरिकों के निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन बताया। इस अनिवार्यता का मूल आदेश 28 नवंबर को जारी किया गया था, जिसमें कहा गया था कि यह ऐप ऐसे तरीके से इंस्टॉल किया जाए कि उपयोगकर्ता इसे न हटाने

सकें और न ही बंद कर सकें। हालांकि सरकार का कहना है कि इस ऐप को प्री-इंस्टॉल करने का आदेश उसकी 'बढ़ती लोकप्रियता' के कारण वापस लिया गया, लेकिन मामले से जुड़े लोगों की राय अलग है।

दरअसल, सरकार का कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी पहल अपरिहार्य है। लेकिन विपक्ष का आरोप था कि साइबर अपराधों के खिलाफ सुरक्षा के नाम पर सरकारी हस्तक्षेप से नई तरह की असुरक्षा पैदा हो सकती है। केंद्र की दलील थी कि यह ऐप उपभोक्ता को धोखाधड़ी वाले फोन और संदेशों की रिपोर्ट लिखवाने में मदद करता। साथ ही चोरी किए गए मोबाइल की बरामदगी आसान हो पाती। लेकिन निजी डेटा सुरक्षा व इसकी कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए गए, जिसके चलते इसका विरोध हुआ। वैसे सर्च इंजन में पहले से मौजूद इस ऐप को देश के लाखों लोग पहले ही स्वेच्छा से डाउनलोड कर चुके हैं। लेकिन इसको अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने के आदेश के बाद विरोध के स्वर उभरने लगे। जिसके बाद विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसके जरिये व्यक्ति की निजता का अतिक्रमण करके उसके जीवन में ताक-झांक की जा सकती है। हालांकि, विरोध के सुर मुखर होने के बाद सरकार की ओर से स्पष्टीकरण आया कि यह निर्णय वैकल्पिक है और कोई व्यक्ति इस ऐप को इच्छानुसार डिलीट कर सकता है।

निस्संदेह, निजता हमारा मौलिक अधिकार है। ऐसे में किसी ऐप की अनिवार्यता से व्यक्ति की गोपनीयता में खलल पड़ने की आशंका जतायी जाने लगी। पिछले दिनों सरकार ने व्हाट्सएप व टेलीग्राम आदि कम्युनिकेशन ऐप्स संचालक कंपनियों से कहा था कि वे अपनी सेवा को मोबाइल के सिम कार्ड से जोड़कर रखें। ताकि सिम के बिना इन ऐप का दुरुपयोग न हो सके। जिसको लेकर टेलि-कम्युनिकेशन कंपनियों ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया था। निस्संदेह, निजता का अधिकार देश में मौलिक अधिकार के रूप में मौजूद है। शीर्ष अदालत ने भी अपने एक निर्णय के जरिये स्पष्ट किया था कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 21 में 'राइट टू प्राइवेसी' में भी निहित है। जिसके अंतर्गत मोबाइल, इंटरनेट व डिजिटल जानकारियां भी शामिल हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों से इतर व्यक्ति को अपनी डिजिटल संप्रभुता की सुरक्षा का हक है। यही वजह है कि विगत में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि मोबाइल व निजी कंपनियां उपभोक्ता से आधार कार्ड नहीं मांग सकती। इस फैसले को तब निजता की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया था। यही वजह है कि 'संचार साथी' की अनिवार्यता के बाद निजता व व्यक्ति के डेटा में सरकारी दखल को लेकर सवाल उठने लगे। हालांकि, नई चिंताएं भी सामने आईं, जैसे कि क्या यह ऐप सरकार के लिए 'जासूसी करने वाले टूल' में बदल सकता है।

इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में कहा कि यह ऐप उपयोगकर्ता के निजी डेटा तक पहुंच नहीं रखता और इसे 'जासूसी' के लिए इस्तेमाल करना 'संभव नहीं' है। सिंधिया ने प्रश्नकाल के दौरान कहा, 'संचार साथी ऐप से जासूसी न तो संभव है और न ही होगी।' अगर विश्व में किसी देश की तुलना की जाए तो भारत का मॉडल रूस जैसा दिखता है। रूस में 19 सरकारी एप्स अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल होते हैं। इनमें आईडी और सरकारी सर्विसेज के एप शामिल हैं। हाल ही में देश में मैक्स सुपर ऐप भी अनिवार्य किया गया है। जोकि लोकतांत्रिक देशों में आमतौर पर देखने नहीं मिलता। ज्यादातर लोकतांत्रिक देशों में सरकारें एप प्री-इंस्टॉल करने को बाध्य नहीं करतीं। वे आमतौर पर साइबर सुरक्षा को कानूनों को सख्त करती हैं, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म की जिम्मेदारी बढ़ाती हैं और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाती हैं।

आस्था, पहचान और विजय का प्रतीक धर्म ध्वजा

–उमा मेहता त्रिवेदी

जिसे 'केतु' या 'पताका' भी कहते हैं, केवल वस्त्र का एक टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह सनातन आस्था और संस्कृति की जीवंत पहचान है। यह मंदिरों के शिखरों पर, मठों की प्राचीरों पर और धार्मिक आयोजनों में सम्मान के साथ फहराई जाती है। ध्वजा का उठान विजय और उत्कर्ष का द्योतक है। जो धर्म की सत्ता और व्यापकता का उद्घोष करती है। इसका भगवा (केसरिया) रंग त्याग, बलिदान और वैराग्य का प्रतिनिधित्व करता है। ऊपर की नोक ईश्वर की ओर उन्मुखता और मोक्ष प्राप्ति का संकेत देती है। ध्वजा का दंड (डंडा) स्थिरता, दृढ़ता और धर्म के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। यह अनुयायियों को एक सूत्र में पिरोने वाली सामूहिक चेतना का केंद्र है।?माना जाता है कि यह स्थान की सकारात्मक ऊर्जा को शुद्ध करती है। ध्वजा की परिक्रमा करना एक धार्मिक कृत्य माना जाता है, जो पुण्य देता है। यह हवा में लहराकर हमें जीवन की गतिशीलता का स्मरण कराती है। ध्वजा पर बना 'ओम' या कोई धार्मिक चिह्न दिव्य उपस्थिति को दर्शाता है। जिसका ऐतिहासिक और धार्मिक तौर से भी अधिक महत्व है ?प्राचीन काल से ही, युद्धों में धर्म ध्वजा को सेना का गौरव माना जाता था। महाभारत में, अर्जुन के रथ पर स्वयं हनुमान जी की ध्वजा (कपिध्वज) थी। यह ध्वजा धार्मिक स्वाधीनता और गौरव का ऐतिहासिक प्रमाण है। मंदिरों में ध्वजा को देवता का आसन मानकर स्थापित किया जाता है। ध्वजारोहण (ध्वजा को ऊपर उठाना) एक मांगलिक अनुष्ठान होता है। यह सनातन धर्म के अनादि और अनंत स्वरूप को व्यक्त करती है। जब कोई पर्व आता है, तो हर घर पर इसकी उपस्थिति अनिवार्य हो जाती है। ध्वजा हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह संस्कृति की पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरण की मूक वाहक है। इसका दर्शन मात्र ही श्रद्धालुओं को शांति और बल प्रदान करता है। ध्वजा के विभिन्न स्वरूप विभिन्न क्षेत्रों और सम्प्रदायों की ध्वजाओं में हल्का-फुल्का अंतर हो सकता है। अखाड़ों में भी विशिष्ट प्रकार की ध्वजाएं फहराई जाती हैं। गुरुद्वारों में इसे 'निशान साहिब' कहा जाता है, जो एक प्रतीक है। बौद्ध धर्म में 'धर्मचक्र ध्वज' का प्रयोग किया जाता है। ?जैन धर्म में 'सिद्धाचक्र ध्वजा' का विशेष महत्व है। कई बार ध्वजा पर कलश या त्रिशूल की आकृति भी अंकित होती है। ध्वजा की ऊंचाई आस्था की बुलंदी का सूचक होती है। जब ध्वजा पवन के साथ नृत्य करती है, तो यह दृश्य मनोहारी होता है। यह आध्यात्मिक ऊर्जा को वायुमंडल में प्रसारित करती है। ध्वजा की छाया में खड़े होना सुरक्षा और आश्रय का भाव देता है। धर्म ध्वजा असंख्य भावनाओं को समेटे हुए है। यह हमारे पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास की गवाह है और आने वाली पीढ़ियों के लिए धर्म मार्ग का प्रकाश स्तंभ है। यह हमें हर पल धर्म की रक्षा और उसके मूल्यों को जीवन में उतारने का संदेश देती है।

साक्षरता का दीप जलाइए

साक्षरता का दीप घर घर जलाइए
अनपढ़ भाई बहनों को पढ़ाइये
शिक्षा का उजाला हर झोंपड़ी में हो
आप पढ़े लिखे हो अपना फर्ज निभाइए
केवल हस्ताक्षर करना ही साक्षर नहीं
डिजिटल साक्षरता वित्तीय साक्षरता
जीवन मूल्यों की शिक्षा भी अवश्य दीजिए
अपने गली मोहल्लों में सबको साक्षर कीजिए
बरसों से जो बैठे अनपढ़ अपने घरों में
उन असाक्षरों को चिन्हित कर पढ़ाइये
एक व्यक्ति दस को साखर करने का काम करे
आओ यह पुनीत संकल्प कर आगे बढ़िए
शिक्षा का उजाला अब घर घर होना चाहिए
डिजिटल दुनिया में डिजिटल ज्ञान होना चाहिए
मिटे अज्ञान का तिमिर सारा ज्ञान का उजाला फैले
हर नागरिक हो पढ़ा लिखा साक्षरता का दीप जले
उल्लास ऐप जीवन को रोशन करने आ गई है
उल्लास ऐप पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें
शिक्षित हो देश विकास में हाथ जरूर बंटाइये
कर्तव्य बोध हो विकसित स्वयंसेवक बन जाइए।

– डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ सर्वदा होलिकाएं जलती रहेंगी, ये चालाक लोग सदा जलते रहते हैं। ये जितने चतुर तुम्हें दुनिया में दिखाई पड़ते हैं सब जलते हैं हैं अपने उन्हें धोखा दोगे सर्वशक्तिमान को और अहंकार किसी को धोखा नहीं देता, अहंकार सदा से सर्वशक्तिमान अपनी आत्मा और उस परमात्मा को ही धोखा देने का प्रयत्न करता है और मारा जाता है, सदा मारा गया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 5 दिसंबर 1943- जापानी हवाई जहाज ने कोलकाता पर बम गिराया। 1898 : प्रसिद्ध उर्दू कवि जोश मलीहाबादी का जन्म। 1941 : प्रसिद्ध भारतीय महिला चित्रकार अमृता शेरगिल का लाहौर में निधन। उनकी कई कलाकृतियों को विश्वभर में सराहा गया। 1969 : निशानेबाजी में दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाली मशहूर निशानेबाज अंजलि भागवत का जन्म। 1971 : भारत ने बांग्लादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी। 1998 : रूस भारतीय नौसेना के लिए 'क्रिवाक श्रेणी' के बहुउद्देश्यीय युद्धपोत देने पर सहमत। 2005 : ब्रिटेन ने कानून बनाकर समलैंगिकता को वैध करार दिया। 2013 : दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का निधन। 2016 : तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का निधन। 2020 : देश में कोविड-19 के एक दिन में 36,652 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 96.08 लाख से अधिक हुई।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

काँटों भरी है

काँटों भरी है ज़िंदगी क्यूँ निराश मनवा होता रे, गर काँटों भरी है ज़िंदगी, सुख-दुःख हैं पहलू सिक्के के हाथ पकड़कर साथ हैं चलते। गुल भी लें पनाह ख़ारों की, अंक में उनकी ख़ुशी से सोते ख़ुद को समझ सुरक्षित तब, बिना बात के नहीं वो रोते। कुम्हला जाते फूल सदा ही, काँटे नहीं मुरझाते हैं, पुष्प छोड़ दें साथ मगर, ख़ार दामन से लिपट जाते हैं। रहेगा तू संघर्षरत और जो हार कभी न मानेगा, काँटे बदल जाएँगे फूल में, जीवन में नहीं हारेगा। – **नीलोफर नील नीलू**

तेरे पायल की

तेरे पायल की रंगत ने बिगाड़ा, कभी तो नाक की नथ ने बिगाड़ा। मिली तेरी मुहब्बत में खमोशी , मुझे तन्हा तेरी छत ने बिगाड़ा। सदा सम्मान की चाहत गलत है तुम्हें सम्मान की लत ने बिगाड़ा। चरागों से वफ़ा जो रखते उनको, हवाओं की शरारत ने बिगाड़ा। हुए बर्बाद हम नेतागिरी में, वतन को बस सियासत ने बिगाड़ा। विदेशी चीज़ें की ख्वाहिश रखो मत, हमें बाज़ारू संगत ने बिगाड़ा। समय की मार से बचना कठिन, हमें इतनी सी मोहलत ने बिगाड़ा। **– डॉ संजय दानी**

टपकती छत को देख कर पानी की क़ीमत

टपकती छत को देख कर पानी की क़ीमत "घर के आंगन में दाना-पानी खाकर लौटते ये परिंदे याद दिलाते हैं दुनिया में सबसे खूबसूरत एहसास है– किसी को भूखा न लौटने देना। आंगन में पक्षियों को दाना-पानी देना सिर्फ नेकी नहीं, दिल का सुकून है। घर में प्रकृति बसती है, तब ही सच्ची बरकत आती है।" – **रेनु सिंघल**

मन के गलत विकारों से, पत्थर

मन के गलत विकारों से , पत्थर की दरारो से,कलुषित हुये विचारों से , हिसा के औजारों से अब तो दिल थक गया मन का भरम हट गया आ दिल अब हम लौट चले शहर के इन द्वारों से पेडो की ठण्डी छाँव मे माँ की ममता बुला रही घर आँगन के द्वारो मे अब तो ये मन ऊब गया दुनिया के पतवारो मे बस कर ये मन अब तं अब लौट चले चौबारो में। – **आकांक्षा द्विवेदी**

मैडम जी ने बताया कि किसी

मैडम जी ने बताया कि किसी से सुना था कि भले कुत्ता पाल लो पर मुगालते मत पालो , बस यही सुनकर वो कुत्ता पाल उसको संसद ले आई थी ?? और हाँ मुगालते किस बात का पाल रखी थी,पूछ लिया तो बताया, राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाने का। – **संजय सिंह परमार**

चुकानी पड़ती है हर चीज़ की

चुकानी पड़ती है हर चीज़ की कीमत यहाँ, बिना मतलब यहाँ किसी को किसी से वास्ता नही होता...लड़नी पड़ती है अपने ही ज़मीनी हक़ की लड़ाई, लड़कियों का अपने ख्वाब पर भी हिस्सा नही होता। – **मोनिका आदया**

हा हा हा ..... खुश हो जाइए।

हा हा हा ..... खुश हो जाइए। अब आप डिजिटल गुलाम होने वाले ....स्वदेशी का राज होगा। अब पेगासस की जरूरत नहीं। खुश हो जाइए कि अब आपका फोन आपका नहीं रहा । आपकी फोटो, आपकी लोकेशन, आपकी गैलरी , आपकी चेट, आपके लेन-देन सब पर निगरानी होगी। अब बहू -बेटियों को सरकार ताड़ेगी ? चूना आयोग के हिसाब से । इतनी दोगली आस्था....हा हा हा । – **केदारशब्द मसीहा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज का दिन आपके लिए काम काज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी। तरक्की के मार्ग खुलेंगे।

वृष: आज आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेना होगा। कामकाज के सिलसिले में आप कभी बाहर जा सकते हैं। बिजनेस में यदि कुछ उतार-चढ़ाव लगे हुए थे।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपकी कामों में काफी रुचि रहेगी और प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के प्रति समर्पित नजर आएंगे।

कर्क: आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आप किसी से उधार का लेनदेन ना करें। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

सिंह: आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपके जीवनसाथी पर आशीर्वाद भी भरपूर रहेगा। आपको किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिए अधूरे कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी मेहनत भी भरपूर रहेगी। आपको काम को लेकर कहीं यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

तुला: आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। आपके मन में नई-नई चीजों को लेकर आकर्षण रहेगा।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सेहत में लापरवाही आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी।

धनु: ाज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको काम को लेकर यात्राएं लगी रहेंगी। किसी धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

मकर: आज का दिन आपके लिए सावधानी से काम करने के लिए रहेगा। आपको धैर्य और संयम बनाए रखने की आवश्यकता है।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने की शुरुआत कर सकते हैं। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको थोड़ा ध्यान रखना होगा।

मीन: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) मत्स्य विभाग ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को किस योजना के तहत टूना क्लस्टर के रूप में नामित किया है?

2) राजस्थान के सांभर झील में प्रवासी पक्षियों की सामूहिक मृत्यु का मुख्य कारण एवियन बोटुलिज़्म क्या है?

3) मैसूर के किस जन आंदोलन को पारंपरिक खेती पद्धतियों के संरक्षण के लिए 31वां डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार मिला?

4) राजाजी नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?

5) हाल ही में निधन होने वाले बोरिस स्पास्की किस खेल से जुड़े थे?

उत्तरमाला- (1) प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (2) क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम
बीज उत्सव एक पर्व (3) सहजा समृद्धि (4) उत्तराखंड (5) शतरंज

कार्टून

न्यूज गैलरी

सड़क हादसे में युवक की मौत

दुर्ग। संभागायुक्त कार्यालय के सामने बीती रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मनीष सिंह (30 वर्ष) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के धुबिया गांव का रहने वाला था। युवक मालवीय चौक के पास गर्म कपड़ों की दुकान में काम करता था। 3 दिसंबर की रात दुकान बंद करने के बाद मनीष सड़क पार कर सामने स्थित एक होटल में खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद वापस लौटते समय हादसा हुआ।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कुम्हारी। आईसीएमआर एमआरएचआरयू जीट के तत्वावधान में कुम्हारी उपस्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिकल सेल रोग, रक्तचाप, शुगर व सीबीसी सहित विभिन्न जांच निःशुल्क की गई। शिविर में डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. हर्षवर्धन शेंडे, डॉ. नेहा गुरबानी, डॉ. उपेन्द्र भेले व टीम ने लोगों को सिकलसेल रोग के लक्षण, बचाव व महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। चिकित्सा दल ने बताया कि समय पर जांच और जागरूकता से सिकलसेल रोग से होने वाली जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

जिला बाल देखरेख संस्थाओं में रिक्त पदों के आवेदन 15 तक

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित जिले के शासकीय बाल देखरेख सस्थाओं में मिशन वात्सल्य के तहत रिक्त पदों हेतु संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त स्वीकृति के अनुरूप संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से 15 दिसम्बर तक केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए है। मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत शासकीय बाल देखरेख सस्थाओं में स्टोर कीपर सह लेखापाल, हाउस फादर/ हाउस मदर, पीटी इंस्ट्रक्टर सह योग प्रशिक्षक, एजुकेटर, कला व क्राफ्ट सह संगीत शिक्षक, रसोईया और सहायक सह रात्रि चौकीदार के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये विज्ञापन जारी किया गया है। जारी विज्ञापन में आवश्यक शैक्षणिक योग्यता व अनुभव संबंधी विस्तृत विवरण जारी किया गया है।

विधायक देवेन्द्र ने उपवास रखकर किया नई कलेक्टर गाइडलाइन का विरोध

■ गांधी प्रतिमा के सामने किया प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेन्द्र यादव ने जमीन की खरीदी बिक्री के लिए जारी नई कलेक्टर गाइडलाइन में बेहताशा वृद्धि को लेकर आज दिन भर उपवास रखकर विरोध जताया। देवेंद्र ने महात्मा गांधी चौक दुर्ग में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं समेत कार्यकर्ताओं के साथ दिन भर विरोध प्रदर्शन किया। सरकार के तुगलकी फरमान के खिलाफ आवाज उठाने वाले आम नागरिकों और व्यापारियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा किये गए लाठी चार्ज और कार्रवाई की निंदा की। विधायक यादव ने साय सरकार के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा कि दो वर्ष के कार्यकाल में इस सरकार ने केवल जनता की जेब से पैसा निकालने की योजनाएं बनाई है। पहले इन्होंने बिजली बिल में 50 फीसदी की छूट को बंद कर आम लोगों की जेब से पैसा निकालने की नीति बनाई। फिर जमीन की कलेक्टर गाइड लाइन की दर में 800 गुणा तक वृद्धि कर जमीन के व्यापार को खत्म करने का प्रयास किया है।

भाजपा सरकार के इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म हो जाएगा, बल्कि गरीब किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों के जमीन खरीदकर मकान बनाने का सपना भी टूट जाएगा। मंहगाई में जनता 500 वर्गफीट से लेकर 1200 वर्ग फीट का भूखंड खरीद पाती है। वृद्धि से उनका जमीन खरीदना मुश्किल हो जाएगा। किसान न तो खेती के लिए जमीन खरीद पाएगा और न ही आवश्यकता पडने् पर उसे बेच पाएगा। विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए स्टांप, ड्यूटी शुल्क और पंजीयन शुल्क में 30 प्रतिशत की कटौती कर राहत देने का काम किया था। 5 डिसमिल से कम क्षेत्रफल की जमीन की रजिस्ट्री शुरू की थी। इससे गरीब किसान वर्ग अपनी आवश्यकता नुसार खेत या जमीन के कुछ हिस्से की जमीन को बेच कर मकान, विवाह, बच्चों की पढ़ाई जैसे बड़े कार्य कर लेते थे। आम नागरिक छोटे भू-खण्ड का टुकड़ा खरीदकर अपना मकान बना लेते थे। लेकिन भाजपा सरकार को आम लोगों की यह खुशी रास नहीं आई।

कलेक्टर गाईडलाइन की दरों में 100 से 800 प्रतिशत तक की वृद्धि और 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त कर स्टांप व पंजीयन शुल्क को 100 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले कलेक्टर गाइडलाइन में भिलाई के प्रमुख सड़कों से लगी जमीन 1500/- प्रति वर्गफीट थी ,जो अब बढ़कर 3253 से 18500 वर्गफीट हो गई है। इसके खिलाफ आम नागरिकों का रोष और आक्रोश सड़क पर दिखाई दे रहा है। विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नीता लोधी, सभापति गिरवर बंटी साहू, एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, सुमीत पवार, अभिषेक मिश्रा, के जगदीश, शुभम झा, इमाम, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद प्रभाकर, कलाम खान, वायके सिंह, सौरभ दत्ता, सौरभ मिश्रा, शरद मिश्रा, विभोर दुरूगकर, जुल्फीकार सिद्दीकी, आमिर सिद्दीकी, आकाश कनोजिया, शिखा राय, राजश्री उपलोवार, इंद्रजीत सैनी, अमन साव, सोनू साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

महापौर ने रुकवाया पेवर ब्लॉक कार्य : गुणवत्ता खराब होने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने आज महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर के साथ पुरानी गंज मंडी में चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यस्थल पर पहुंचकर पेवर ब्लॉक्स की गुणवत्ता, बिछाने की प्रक्रिया, लेबर की उपलब्धता और समतलीकरण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। महापौर ने निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप न होने पर उपअभियंता हरिशंकर साहू सहित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। पेवर ब्लॉक की फिटिंग सही ढंग से नहीं की गई थी। पेवर ब्लॉक ठीक से दबाया नहीं गया था। रेत और बेस लेयर की मोटाई मानक से कम पाई गई। लेवलिंग, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और कार्य की गति पर भी महापौर ने नाराजगी जताई। गंभीर अनियमितताएं मिलने पर महापौर ने दोबारा कार्य करने कहा। महापौर ने साफ कहा कि शहर में घटिया क्वालिटी से किये गए निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों को बख्शा नहीं जाएगा। निर्माण कार्य में गुणवत्ता में कमी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने निर्देश देते हुए कहा कि जहां-जहां मानक अनुसार कार्य नहीं हुआ है, वहां पेवर ब्लाक उखाड़कर दोबारा सही गुणवत्ता के साथ लगाया जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। ठेकेदारों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोहराई गई, तो ठेकेदार पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिये। ताकि, समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा हो सके।

नपा में टैक्स जमा करने की अपील

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करने वाले आम नागरिकों, दुकानदारों व व्यापारियों से अपील की गई है कि अपने मकान, दुकान व व्यवसाय का संपत्तिकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर, जलकर व यूजर चार्ज की बकाया और चालू वर्ष की राशि जल्द से जल्द राजस्व शाखा में जमा करें। कर की राशि का भुगतान न करने पर कार्यवाही होगी। अधिभार वसूल किया जाएगा।

गबन की आरोपी महिला को कड़ी सजा मिले : चंद्राकर

■ स्वास्थ्य केन्द्र में महिला क्लर्क ने किया 26 लाख का गबन

दुर्ग/नवप्रदेश। विधायक ललित चंद्राकर ने उतई स्वास्थ्य केन्द्र में 26 लाख का गबन करने वाली महिला को कड़ी से कड़ी सजा व कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य केंद्र की महिला कर्मचारी किरण भारत सागर ने फाइनेंस कंपनियों का कर्ज चुकाने 26 लाख रुपए का गबन किया है। जननी सुरक्षा योजना व जीवनदीप समिति के खाते से 26 लाख 6 हजार 57 रुपए निकालकर राशि खर्च कर ली। यह मामला उजागर होने पर विधायक ललित चंद्राकर ने सीएमएचओ को पत्र लिखकर महिला क्लर्क को कड़ी सजा देने और सेवा मुक्त करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि यह गंभीर अपराध है। इस मामले में लिप्त सभी लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। हाल ही में उतई पुलिस ने उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 26 लाख रुपए का गबन करने के आरोप में महिला कर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी किरण भारत सागर ने गबन की गई राशि से लोन चुकाने के साथ ही स्कूटी भी खरीदी। मामला उजागर होने पर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। राजीव नगर दुर्ग निवासी किरण भारत (39 वर्ष) को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

रोटरी क्लब ने कोडिया में बच्चों के लिए लगाया हेल्थ कैंप

भिलाई/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग ने पल्स हॉस्पिटल के सहयोग से शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोडिया के छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 250 से अधिक छात्रों की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉक्टरों ने बच्चों को पोषण की कमी, विकास से जुड़ी समस्याओं और अन्य स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में परामर्श दिया। बच्चों को निःशुल्क मल्टी विटामिन दिया गया। जिन बच्चों में विशिष्ट पोषण में कमी या अन्य समस्याएं मिलने पर जरूरी दवाइयां निःशुल्क दी गई। दीर्घकालिक स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित करने प्रत्येक बच्चे को एक ग्रोथ चार्ट दिया गया। जिन बच्चों का विकास स्तर अपेक्षित सीमा से कम पाया गया, उन्हें कुपोषित की श्रेणी में रखा गया। इन बच्चों की सूची विद्यालय प्रबंधन को दी गई। यह ग्रोथ चार्ट आगामी मूल्यांकन और प्रगति की निगरानी के लिए एक महत्वपूर्ण आधार दस्तावेज होगा। शिविर में रोटेरियन डॉ. सत्येन ज्ञानी, डॉ. प्रभाकर मिश्रा और डॉ. रॉबर्ट पॉल ने अपनी विशेषज्ञता और सेवाएं दी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग के अध्यक्ष रोटेरियन पंकज कोठारी, क्लब के सचिव रोटेरियन राहुल भंडारी को विद्यार्थियों के लिये स्वास्थ्य शिविर आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

शोभायात्रा के साथ साई महोत्सव का समापन, भंडारा में महाप्रसादी ग्रहण करने उमड़े श्रद्धालु

दुर्ग/नवप्रदेश। कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर के 49 वें वार्षिक साई महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दिन भर मंदिर में साई भजन की धूम मची रही। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। भंडारा में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण किया। साई महोत्सव में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने श्री साई बाबा की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशियली और सुख समृद्धि के लिए कामना की। यादव भंडारा स्थल पहुंचे और उन्होंने श्रद्धालुओं को महाप्रसादी की सामग्री परोसी। साई महोत्सव की बधाई दी। महापौर अलका बाघमार ने भी श्री साई बाबा के दर्शन किए और श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर महाप्रसादी ग्रहण किया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, काशीराम कोसरे, पार्षद साजन जोसेफ, कमल देवांगन, मनीष कोठारी, पार्षद और भाजपा नेता मौजूद रहे। महाप्रसादी ग्रहण करने पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजेश यादव, राजकुमार नारायणी, समाजसेवी चतुर्भुज राठी, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश मंत्री अशोक राठी, पार्षद प्रकाश गीते, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, प्रकाश जोशी, पूर्व पार्षद अल्ताफ अहमद, अमृत लोढ़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, युवा कांग्रेस नेता संदीप वोरा, सुमित वोरा, दीपक चोपड़ा, जन समर्पण सेवा संस्था अध्यक्ष बंटी शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मंदिर पहुंचे। शाम को श्री साई बाबा की महाआरती के बाद श्री साई बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर जगह-जगह स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा के स्वागत में घरों के सामने दीपक जला रखे थे। कसारीडीह चौक से शोभायात्रा मंदिर पहुंची। श्री साई बाबा की सेज आरती के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन हुआ। साई महोत्सव में अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, सह सचिव संतोष यदु, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य अरविंद वोरा, संजय लाखे, विनय चंद्राकर, संतोष खिरोड़कर सक्रिय रहे।

दो दुकानों से चाइनीज मांझा जब्त, दुकानदारों पर 5-5 हजार का जुर्माना

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में चाइनीज़ मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मांझा बिक्री की रोकथाम के लिए संयुक्त टीम का गठन किया गया है। टीम पूरे शहर में अभियान चलाकर दुकानों और गोदामों में छापामार कार्रवाई करेगी। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर आज अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर, बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित टीम ने फरिश्ता कम्प्लेक्स के पास सन्नी पतंग और सोलंकी पतंग दुकान में मांझा की जांच की। मौके पर मांझा जब्त किया गया। सन्नी पतंग और सोलंकी पतंग दुकान से 5-5 हज़ार रुपये जुर्माना वसूल किया गया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि गठित दल का अभियान लगातार जारी रहेगा। दुकानों में मांझा मिलने पर जब्त किया जाएगा। चाइनीज़ मांझा बेचना, रखना या उपयोग करना दंडनीय अपराध है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

बीआईटी के स्टूडेंट्स ने डोनेट किया 64 यूनिट ब्लड

■ बीआईटी दुर्ग के रेड रिबन क्लब ने एचडीएफसी के सहयोग से लगाया रक्तदान शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। बीआईटी दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना के रेड रिबन क्लब द्वारा एचडीएफसी बैंक भिलाई के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमओ डॉ जेपी मेश्राम (नोडल हेड, ब्लड बैंक), महेन्द्र ठाकरे (क्लस्टर हेड, एचडीएफसी भिलाई), डॉ. आफ्तांश वैष्णव (मेडिकल ऑफिसर) और टीएस एंथनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक रहने के लिये प्रेरित किया। रक्तदान से पहले स्वास्थ्य परीक्षण, मार्गदर्शन सत्र, जागरूकता पर चर्चा व स्वैच्छिक रक्तदान की गतिविधियां संचालित की गईं। विद्यार्थियों ने कुल 64 यूनिट रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी व प्रोग्राम अधिकारी अभिजीत लाल उपस्थित रहे।

बीआरएम में सेफ्टी - चाय पे चर्चा की पहल से कार्य-संस्कृति को मिल रही नई दिशा

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के बार एंड रॉड मिल में सुरक्षित, सहयोगपूर्ण और संवाद-प्रधान कार्य वातावरण को सुदृढ़ करने मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष बीआरएम योगेश शास्त्री ने सेफ्टी - चाय पे चर्चा की पहल की है। विद्युत अनुभाग के वामसी बेहेरा के साथ सेफ्टी चाय पे चर्चा सत्र में विभागीय सुधारों से जुड़े उनके सुझावों को पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और गोपनीयता के साथ दर्ज किया गया। सुझावों का विश्लेषण कर उन्हें भविष्य की कार्य योजना में शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। सेफ्टी - चाय पे चर्चा के माध्यम से मुख्य महाप्रबंधक बीआरएम योगेश शास्त्री कर्मचारियों से सीधे बातचीत करते हुए कार्यस्थल की व्यावहारिक चुनौतियाँ सुधार के अवसर, सुरक्षा संबंधी सुझाव और व्यक्तिगत अनुभवों को विस्तार से सुनते हैं। यह संवाद बिना किसी औपचारिकता के मैत्रीपूर्ण माहौल में होता है। कर्मचारी अपने विचार बिना किसी संकोच के सहजता से साझा कर पाते हैं। चर्चा में भाग लेने वाले प्रत्येक कर्मचारी को एक विशेष सुरक्षा स्मृति चिह्न प्रदान किया जाता है। इसमें उनकी पारिवारिक तस्वीर और भावपूर्ण सुरक्षा प्रतिज्ञा अंकित रहती है कि मैं स्वयं को सुरक्षित रखूंगा, क्योंकि मैं अपने परिवार से प्रेम करता हूँ। यह प्रतीक न केवल सुरक्षा के महत्व को व्यक्तिगत स्तर पर मजबूत करता है, बल्कि कर्मचारियों में जिम्मेदारी और भावनात्मक जुड़ाव भी बढ़ाता है। सेफ्टी चाय पे चर्चा पहल बार एंड रॉड मिल में विश्वास, पारदर्शिता, सहभागिता और सुरक्षा जागरूकता को गहराई से स्थापित करने वाला कदम है।

आयुक्त ने किया खुर्सीपार जोन का आकस्मिक निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निगम की आय में वृद्धि करने के उपायों, मूलभूत नागरिक सुविधाओं की स्थिति और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। आयुक्त ने पावर हाउस बस स्टैंड के पास स्थित खाली पड़े भवन को किसी प्राइवेट एजेंसी को किराए पर देने और किराया निर्धारित करने के निर्देश दिये। वार्ड 51, शहीद वीर नारायण सिंह नगर में भवन में संचालित प्राइवेट स्कूल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड में पेयजल आपूर्ति और साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नागरिकों से एसआईआर फार्म भरने से संबंधित चर्चा की। खुर्सीपार गेट पर प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन करने के बाद आयुक्त ने इंजीनियरों को तत्काल प्रस्ताव तैयार कराने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, परगनिया सहित अन्य उपस्थित थे।

पीएम आवास की लाटरी 12 को

निगम क्षेत्र के आवासहीन परिवारों को मकान निर्माण करने आवेदन जमा कराया गया है। सक्षम स्वीकृति के बाद कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि और बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 हजार निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। निगम सभागार कक्ष में 12 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे लाटरी निकाली जाएगी। आयुक्त राजीव पाण्डेय ने पीएम आवास के लिये निगम में आवेदन करने की अपील की है।

दो एकड़ सरकारी जमीन पर प्लाटिंग की तैयारी कर रहा था भू माफिया, सीमांकन से हुआ खुलासा

कुरूद के कैलाश नगर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के बाद प्लाटिंग के मामले का खुलासा हुआ है। सीमांकन के दौरान पता चला कि दो एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन पर भू-माफिया अतिक्रमण के बाद प्लाटिंग कर बेचने की तैयारी कर रहे थे। अतिक्रमणकारियों ने यहां पोल गाड़ दिया था। वार्ड पार्षद नेहा साहू इस मामले को लेकर नागरिकों के साथ दो दिन से धरने पर बैठी हैं। आरआई और पटवारी तीन बार सीमांकन करने पहुंचे, लेकिन सीमांकन नहीं हुआ। बुधवार को सीमांकन करने पहुंचे अफसरों को क्षेत्र के नागरिकों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई। 50 साल पुराना सरकारी नक्शा और रिकार्ड के साथ सीमांकन करने कहा गया। सीमांकन के दौरान कई जमीन दलाल भी मौजूद थे। इससे नागरिक आक्रोशित हो गए। उन्होंने ईमानदारी से जमीन का सीमांकन करने की मांग की। सीमांकन के दौरान पता चला कि ढाई एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया था। भू माफिया इस जमीन को बेचने की तैयारी में थे। इसी जमीन पर दो साल पहले सामुदायिक भवन बनाना प्रस्तावित किया गया था। जमीन पर कब्जा होने के बाद से पार्षद ने कई बार शिकायत की, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर पहल न होने पर पार्षद नेहा साहू धरने पर बैठ गई। वार्डवासियों ने भी उनका समर्थन किया। विरोध बढने् पर तहसीलदार ने जांच कमेटी का गठन किया। जांच में मौके पर दो एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन होने का पता चला। जांच अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने सीमांकन करके प्रदर्शनकारियों को जानकारी दे दी है। निजी और सरकारी जमीन की जानकारी दे दी गई है। अभी रिपोर्ट नहीं बनी है। जल्द ही रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार को सौंपी जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई उच्च अधिकारी करेंगे।

किन्डरजॉय और भिलाई पॉप-अप का भव्य आयोजन 10 जनवरी से

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई राउंड टेबल द्वारा किन्डरजॉय सीजन 9 और भिलाई पॉप-अप सीजन 2 का भव्य आयोजन 10 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक पृथ्वी पैलेस शिवनाथ नदी रोड दुर्ग में किया जाएगा।

किन्डरजॉय 5 से 18 वर्ष आयु के बच्चों के द्वारा आयोजित अनोखा कार्यक्रम है, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा, कल्पनाशक्ति और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करते हैं। आयोजन के माध्यम से बच्चे न केवल स्टॉल चलाना सीखते हैं, बल्कि निर्णय लेना, टीम का नेतृत्व करना, ग्राहकों से संवाद, वास्तविक कारोबारी कौशल, आत्मविश्वास और रचनात्मकता विकसित करना भी सीखते हैं। इस दौरान बच्चे आकर्षक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ अपने अनोखे स्टॉल्स भी लगाएंगे।

भिलाई पॉप-अप एक प्रमुख लाइफ स्टाइल एग्ज़िबिशन है, जिसमें प्रदेश भर से ब्रांड्स, स्टार्टअप्स और उद्यमी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। इच्छुक लोग भिलाई राउंड टेबल से संपर्क कर अपने स्टॉल बुक कर सकते हैं। कार्यक्रम में परिवारों के लिए म्यूज़िक, मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव उपलब्ध रहेगा।

तीन दिवसीय आयोजन से प्राप्त संपूर्ण राशि नर्धा स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में 8 कक्षाओं के निर्माण के लिये उपयोग की जाएगी। भिलाई राउंड टेबल ने इससे पूर्व भी बिरेभाट, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन, ननखट्टी, ढौर और बोरी सहित कई स्कूलों में कुल 48 कक्षाओं का निर्माण व शौचालय ब्लॉक्स का निर्माण किया है। संस्था समय-समय पर बच्चों के लिये भोजन के बर्तन, जूते, मफलर और वाटर फिल्टर जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराती है।

भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद और समाजसेवी इस संस्था से सक्रिय रूप से जुड़े हैं। अब तक भिलाई राउंड टेबल द्वारा शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ का योगदान दिया जा चुका है। यह संस्था राउंड टेबल इंडिया का अभिन्न अंग है।

न्यूज गैलरी

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा गन्ना किसानों को 6.53 करोड़ रूपए भुगतान जारी

कवर्धा / नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा नियमित अंतराल पर गन्ना किसानों को भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान पेराई सीजन 2025-26 के लिए निर्धारित एफआर.पी. दर राशि 329.05 रूपए में से प्रथमतः राशि 200 रूपए प्रति क्विंटल के मान से कुल 6.53 करोड़ रूपए का भुगतान आज 30 नवंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले 2 हजार 596 कृषकों को भुगतान जारी कर दिया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में आज दिनांक तक 38880 मे.टन गन्ना पेराई कर 33 हजार 495 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है।उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक आर्थिक उन्नति में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का विशेष योगदान है। कारखाना प्रबंधन द्वारा कृषकों से अपील की गई है, कि कृषक कारखाने में परिपक्व गन्ना, साफसुथरा बिना अगवा बिना जड़ के आपूर्ति करें, ताकि कारखाने में रिकव्हरी प्रतिशत बढ़े जिसका लाभ कृषकों को मिल सके। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा इस पेराई सीजन 2025-26 में गन्ना विक्रय करने वाले कृषकों को अंतराल में नियमित भुगतान की कार्ययोजना कारखाना प्रबंधन द्वारा बनाई जा रही है।

कलेक्टर ने विशेष गहनपुनरीक्षण के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की

कवर्धा / नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा उनके सहयोग के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की है। कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री संदीप ठाकुर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा श्री चेतन साहू को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने एवं नामावली पुनरीक्षण कार्य में सहयोग के लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान : गर्भवती महिलाओं की हो रही संपूर्ण स्वास्थ्य जांच

कवर्धा / नवप्रदेश। जिले में प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया जाता है। मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को चिन्हांकित स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान संचालित किया जाता है।

इस दौरान गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया जाता है। गर्भवती माताओं की खून जांच, पेशाब जांच एवं चिन्हांकित गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जिला चिकित्सालय में की जाती है।

झोपड़ी में गुजारा कर रहे परिवारों की समाजसेवी नाड़ी वैद्य बिरेंद्र देशमुख ने की मदद, दिए 33 हजार रुपए दान

बालोद/ नवप्रदेश। जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम लिमोरा में संचालित मां 64 योगिनी मोक्ष धाम फाउंडेशन के संस्थापक और समाजसेवी नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष जागरूकता लाने और लोगों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न अवसरों पर कई कार्य करते रहते हैं। इसके अलावा गरीब परिवारों को वे अनेक तरह से मदद भी करते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के गुंडरदेही ब्लाक अंतर्गत ग्राम लिमोरा के मानिकपुरी परिवार को गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने 33 हजार का सहयोग राशि प्रदान किया। बता दे कि लिमोरा निवासी सत्यभामा मानिकपुरी, नेमदास मानिकपुरी, एवं इंद्रा बाई मानिकपुरी के पास रहने के लिए घर नहीं है। झोपड़ी में गुजर बसर कर रहे हैं,, तीनों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त होते ही गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने सहयोग प्रदान करने की इच्छा जताई। इसी तारतम्य में लिमोरा में पहुंचकर सहयोग राशि के रूप में तीनों परिवारों को 33 हजार रुपए दिए। सहयोग राशि प्राप्त करते ही तीनों परिवार के लोगों की आंखें नम हो गई। उन्होंने गुरुदेव को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख ने कहा कि ईश्वर ने मुझे जिस काम के लिए यहां भेजा है मैं वही काम कर रहा हूं। मुझ में आज किसी को सहयोग करने की क्षमता है तो मैं सहयोग कर रहा हूं। इसमें मेरी कोई बढ़ाई नहीं है। इस अवसर पर निजानंद चंद्राकर, योगेंद्र चंद्राकर, चिंताराम चंद्राकर, पूर्ण चंद देशमुख, हलधर साहू, द्वारिका साहू, योगेंद्र साहू, हरदेव साहू, टैमन लाल साहू, ओम प्रकाश साहू, ममता चंद्राकर, बेबी यादव , शांतिबाई मानिकपुरी, मनहरण लाल सिंह, तिलक यादव, खेमचंद निषाद, रानी मानिकपुरी, ममता मानिकपुरी, हलधर साहू, सोमदास मानिकपुरी, ठाकुर राम पटेल आदि उपस्थित रहे।

इससे पहले भी गुरुदेव कर चुके हैं कई लोगों की मदद

गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहते हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा सहयोग करते रहते हैं। इसी तरह गरीब परिवारों की भी मदद करने में हमेशा आगे रहते हैं। ग्राम भंडेरा (सुरेगांव) में एक गरीब के घर आग लगने पर एक लाख का दान, चारवाही में 51 हजार, निकुम में यादव परिवार को 31 हजार, दुर्ग जिले के नवागांव में स्कूल कमरा निर्माण, माहुद स्कूल में शेड निर्माण एवं गार्डन का सौंदर्यीकरण, स्वच्छ शौचालय के लिए कांकेर जिले के गोल कुम्हड़ा में 11 हजार, सिकोला में धार्मिक स्थल के जीर्णोद्धार के लिए 21 हजार, कोहका में शिवाजी की मूर्ति के लिए 11 हजार रुपए सहित अनेक धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र में सहयोग करते आ रहे हैं।

सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

बालोद/ नवप्रदेश । थाना अर्जुन्दा के ग्राम अर्जुन्दा में हुए अंधे कत्ल का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। आरोपी पवन कुमार कंवर द्वारा मृतक दूर्गेश देवांगन के गले में चमड़े के बेल्ट से कसकर हत्या की गई थी। घटना के बाद से पुलिस द्वारा लगातार गांव में कैंप किया गया। सीसीटीवी फुटेज से ही आरोपी का सुराग मिल पाया। पुलिस ने बताया कि 30 नवंबर 2025 को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम अर्जुन्दा दिवान अंडा दुकान के बाजू अर्जुन्दा में दूर्गेश देवांगन की लाश मृत अवस्था में पड़ी है। सूचना पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराकर थाना अर्जुन्दा व साइबर सेल की टीम घटना स्थल हेतु रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर घटनास्थल को सुरक्षित करने पश्चात पुलिस डॉग स्क्वॉड एवं एफएस.एल. वैज्ञानिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। सभी दलों के आने उपरांत घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञों के राय उपरांत प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने से थाना अर्जुन्दा में मर्ग कायम कर प्रकरण में अपराध क्रमांक 158/2025 धारा 103 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में व एएसपी श्रीमति मोनिका ठाकुर, एसडीओपी गुण्डरेदही राजेश बागड़े के पर्यवेक्षण में थाना अर्जुन्दा व सायबर सेल की विशेष टीम गठित किया गया। उक्त टीम को विवेचना क्रम में ज्ञात हुआ कि दादू उर्फ दूर्गेश देवांगन पिता संतोष देवांगन अर्जुन्दा, जो लवली बिरयानी सेन्टर का संचालक का बेटा था, जो अपने स्कूल का दोस्त पवन कुमार कंवर ग्राम तेलीटोला के साथ आकर बिरयानी खाने के लिये बाहर फर्स से बने चबुतरा में बैठा था और दोनो शराब पीलाने की बात को लेकर आपस में बहस होता है और पवन कुमार कंवर के द्वारा अपने पास रखे चमड़े के बेल्ट से दादू उर्फदूर्गेश देवांगन को गला में फंसाकर गला कसकर मृत्यु कारित कर देता है, और चुपचाप मृतक दादू उर्फदूर्गेश देवांगन को फर्स से बने बैठने वाले पत्थर पर सुलाकर आरोपी पवन कुमार कंवर चुपचाप बिरयानी लिखा हुआ ठिहा में जा कर सो जाता है। प्रकरण में लोकल संसूचना एवं सीसी टीव्ही फुटैज के आधार पर बिरयानी सेंटर में आने जाने वाले व्यक्ति की पहचान कर एवं मृतक से बैठे हुऐ व्यक्ति की पहचान कर सभी से पुछताछ करने से यह ज्ञात हुआ कि आरोपी पवन कुमार कंवर के द्वारा मृतक दादू उर्फदूर्गेश देवांगन का हत्या करना स्वीकार किया। अपराध सबूत पाये जाने पर दिनांक 03.12.2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है। उक्त अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में थाना प्रभारी अर्जुन्दा उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू, सायबर सेल प्रभारी सउनि धरम भूआर्य, सउनि हुसैन ठाकुर, प्र0आर0 कोमलाल सोनबोइर, प्र. आर. विवेक शाही, आरक्षक पंकज तारम,भोप सिंह साहू, विपिन गुप्ता, आकाश सोनी, आकाश दुबे,पूरन प्रसाद, मिथलेश यादव, योगेश पटेल, गुलझारी साहू, का विशेष योगदान रहा। आरोपी पवन कुमार कंवर पिता अग्र कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम तेलीटोला थाना सूरेगांव जिला बालोद (छ.ग.) को जेल भेज दिया गया है।

जिले में धान की खरीदी महाभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त

राजनांदगांव / नव प्रदेश। जिले में धान की खरीदी महाभियान के लिए किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है।

जिले में 6776 क्विंटल अवैध धान जब्त, उपार्जन केंद्रों में खपाने की थी तैयारी

- **प्रशासनिक टीमें लगातार दे रही दबिश, अवैध धान के विरुद्ध सख्त अभियान जारी**

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में किसानों से धान खरीदी के बीच अवैध धान की आवक रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। धान खरीदी की शुरुआत से अवैध धान के भंडारण और परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। अब तक जिले में कुल 6776 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। पकड़े गए धान की 31 सौ रूपये के हिसाब से कीमत 2.10 करोड़ रुपए से अधिक होती है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस धान को आगे उपार्जन केंद्रों में खपाने की तैयारी थी।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य और राजस्व विभाग की टीम द्वारा अवैध धान भंडारण और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी है। अब तक जिले के अलग अलग हिस्सों में अवैध भंडारण और परिवहन के मामलों में कार्रवाई करते हुए धान जप्त किया गया है। इन घटनाओं में लिप्त वाहनों को भी जप्त किया गया है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध धान भंडारण और परिवहन के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वे नियमित रूप से इसकी समीक्षा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि खरीदी केंद्रों में अवैध रूप से बिक्री के लिए आने वाले धान की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निगरानी तंत्र को मजबूत करने के साथ सीमावर्ती इलाकों में 24 चेकपोस्ट बनाकर वहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि दूसरे राज्यों से अवैध रूप से आने वाले धान के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इस बीच जिले में सक्रिय कोचिए और ऐसे प्रतिष्ठान जहां धान को उपार्जन केंद्रों में खपाने के लिए अवैध रूप से भंडारित कर के रखा गया है, उनका चिन्हांकन कर वहां जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन की टीमों द्वारा अब तक 20 से अधिक राइस मिल का भौतिक सत्यापन कर स्टॉक वेरिफिक्केशन किया गया है। 16 छोटे बड़े वाहनों को अवैध धान परिवहन में लिप्त पाए जाने पर धान सहित जप्त किया गया है। वहीं 10 दुकानों और 3 गोदामों में अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की गई है।

अब तक 6776 क्विंटल अवैध धान जप्त-खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने बताया कि अवैध धान के किसी भी प्रकार से आवक की संभावना को रोकने प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। ताकि वास्तविक किसानों को शासन की धान खरीदी नीतियों का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि अवैध परिवहन, व्यापारिक प्रतिष्ठान, कोचियों और मिलर्स से अब तक जिले में 40 अलग अलग प्रकरणों में 6776 क्विंटल अवैध धान जप्त किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से बदली किस्मत

वनांचल की बुधवारिन की सपने को मिला नया आकार, पक्का घर बना आत्मविश्वास का आधार

कवर्धा / नवप्रदेश। कभी कच्ची दीवारों के बीच चिंता में गुज़रने वाले दिन बरसात में टपकती छत और हर मौसम में असुरक्षा का डर इन्हीं चुनौतियों के बीच रहने वाली वनांचल गांव गुडली की श्रीमती बुधवारिन आज बिल्कुल नई ज़िंदगी जी रही है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने न सिर्फउसका घर बदला है, बल्कि उसके परिवार में सुरक्षा, सम्मान और सपनों की नई शुरुआत भी कर दी है।

गुडली जैसे सुदूर वनांचल में रहने वाली बुधवारिन का परिवार पहले हर मौसम से डरता था। बरसात में छत टपकती थी, गर्मी में दीवारें तपती थीं और ठंड में हवा सीधी भीतर घुस जाती थी। कच्चे घर में रहना मानो रोज़ का संघर्ष बन गया था। बच्चों का पढ़ना-लिखना, घर का काम, परिवार की नींद सब कुछ परेशानियों से भरा हुआ था। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने बुधवारिन के सपनों को नया आकार दिया। जब उसका नए पक्के घर का निर्माण पूरा हुआ, तो जैसे उसकी किस्मत ही बदल गई। आज वह अपने घर के सामने खड़ी होती है तो चेहरा गर्व और संतोष से चमक उठता है। अब न बारिश की चिंता है, न तूफान का डर। मजबूत दीवारें, साफ-सुथरा आंगन और सुरक्षित ठिकाना, ये सब उसके परिवार के लिए एक नई राहत लेकर आए हैं। बच्चे अब बरामदे में निश्चिंत होकर खेलते हैं, बुजुर्ग आराम से बैठते हैं और घर का हर काम बिना चिंता के हो जाता है।

यह घर सिर्फईंट और गारे का नहीं है, बल्कि बुधवारिन की मेहनत, उसके धैर्य और सरकार की सहयोगी नीतियों से बना एक सपना है। पहली बार उसके परिवार को वह सुकून मिला है जिसकी कमी वर्षों से महसूस होती थी। अब बच्चों के लिए बेहतर माहौल है, पढ़ने-लिखने की सुविधा है और परिवार के चेहरों पर नई उम्मीदों की रोशनी दिखाई देती है। गुडली जैसे दूरस्थ गांव में एक पक्का घर, सिर्फएक संरचना नहीं बल्कि बदलाव की शुरुआत है।

ग्राम पंचायत घुपसाल कु के ग्रामसभा में रबी सीजन में धान के बदले अन्य फसल लेने का प्रस्ताव पास

- **धान फसल को किया गया पूर्णतः प्रतिबंधित**
- **ग्रामीणों को फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के लिए किया गया जागरूक**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। जिले में भू-जल स्तर के लगातार गिरावट के दृष्टिगत ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित कर फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत घुपसाल कु में ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रीष्मकाल में भू-जल स्तर के गिरावट को ध्यान में रखते हुए रबी सीजन में धान फसल को पूर्णतः प्रतिबंध करते हुए धान के बदले अन्य फसल लेने का प्रस्ताव पास किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में धान फसल लेने से पेयजल संकट उत्पन्न हो जाता है, जिससे गंभीर समस्या से गुजरना पड़ता है। ग्रीष्मकाल में धान फसल लेने वाले किसानों को ग्राम स्तर पर ग्रामीणों ने आर्थिक जुर्माना लगाकर दण्डित करने का फैसला भी लिया है। जिले में भू-जल स्तर के गिरावट के दृष्टिगत फसल चक्र परिवर्तन से पानी की बचत होगी तथा किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। पूर्णतः फसल चक्र परिवर्तन ग्राम पंचायत घुपसाल कु क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गए है। ग्राम घुपसाल कु के ग्रामीणों ने भू-जल स्तर को सुधारने स्वयं से अपने-अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया है। साथ ही नालों में पानी सहेजने श्रमदान से बोरी बंधान करके पानी रोकने में कामयाब हुए है। ग्राम स्तर के बैठक में जनपद पंचायत, कृषि विभाग, वन विभाग के अधिकारियों ने फसल चक्र परिवर्तन के बारे मे ग्रामीणों को अवगत कराया, साथ ही अन्य फसल के फायदे एवं मार्केटिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रथम पेज का शेष

अपने मित्र पुतिन का स्वागत...

दो दिवसीय दौरे के दौरान भारत और रूस के बीच कई अहम समझौतों पर बातचीत हो सकती है। पुतिन की इस यात्रा को लेकर अमेरिकी मीडिया में खूब चर्चा है। वहां के बड़े-बड़े अखबारों ने इस यात्रा पर अपनी राय रखी है।

भारत और रूस के संबंध दशकों पुराने हैं और ये समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। हालांकि, पुतिन के भारत दौरे को लेकर सबसे ज्यादा बहस अमेरिका मीडिया में चल रही है. वहां के बड़े-बड़े अखबार सीएनएन से लेकर वॉशिंगटन पोस्ट ने भी भारत, रूस और अमेरिका के हालिया घटनाक्रमों पर लंबे-चौड़े लेख लिखे हैं। हालांकि उनके होस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के साथ भी मजबूत रणनीतिक रिश्ते बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

, यह भारत का डिप्लोमैटिक स्प्लिट स्क्रीन है। एक तरफ एडवांस्ड रूसी फाइटर जेट्स खरीदने का प्लान, सस्ता तेल और कोल्ड वॉर में बनी पक्की दोस्ती। दूसरी तरफ टेक्नोलॉजी, ट्रेड और इन्वेस्टमेंट पर अमेरिकी सहयोग और यह उम्मीद कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप अपने सख्त टैरिफ हटा देंगे।

सीएनएन ने लिखा, भारत अमेरिका के साथ एक बहुत जरूरी ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है क्योंकि उस पर 50प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था जिसमें से आधा टैरिफनई दिल्ली के लगातार डिस्काउंट पर रूसी तेल खरीदने की सीधी सजा थी। फिर भी पुतिन के दौरे के एजेंडे में मॉस्को के साथ और डिफेंस डील शामिल हैं। इनमें हथियारों की खरीद है जिन्हें भारत पाकिस्तान और चीन से खुद को बचाने के लिए जरूरी मानता है।

भारत को साबित करना होगा कि उसके लिए मुश्किल पड़ोसियों के बीच काम करना कैसा होगा. रूस चीन का करीबी पार्टनर भी है जबकि चीन पाकिस्तान के लिए हथियारों का एक बड़ा सोर्स है। अशोका यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल रिलेशंस के विजिटिंग प्रोफेसर कांति बाजपेयी ने कहा कि पुतिन के लिए रेड कार्पेट बिछाकर भारत पश्चिम और चीन दोनों को यह इशारा दे रहा है कि उसके पास ऑप्शन हैं।

उन्होंने कहा, 'यह इस बात का संकेत है कि भारत रूस के साथ रहने को तैयार है भले ही मॉस्को की दुनिया भर में बुराई हो रही हो। तेल और हथियारों के अलावा यह डिप्लोमैटिक हेजिंग (राजनयिक शक्ति प्रदर्शन) है जो बीजिंग और वॉशिंगटन को दिखाता है कि दिल्ली के पास तीसरा ऑप्शन भी है और इससे उसे मोलभाव करने की थोड़ी और गुंजाइश मिलती है।

'समय की कसौटी पर खरी उतरी दोस्ती'

भारत के रूस के साथ करीबी रिश्ते कोल्ड वॉर के दौरान बने थे। जब नया आजाद देश भारत ऑफिशियली नॉन-अलाइंड था लेकिन एक नए देश के तौर पर अपना रास्ता बनाते हुए उसे सोवियत इंडस्ट्रियल और इकोनॉमिक मदद भी मिली थी।

लेकिन भारत का मॉस्को की तरफझुकाव 1970 के दशक में सामने आया जिसकी वजह भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान को वॉशिंगटन का बढ़ता मिलिट्री और फाइनेंशियल सपोर्ट था. रूस ने भारत को हथियार देना शुरू कर दिया और मॉस्को एक भरोसेमंद काउंटरवेट बन गया. इस रोल को उसने तब से अहमियत दी है।

हालांकि पिछले चार सालों में भारत की रूसी हथियारों की खरीद में कमी आई है, फिर भी स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक, मॉस्को उसका टॉप मिलिट्री सप्लायर बना हुआ है। एसआईपीआरआई एक थिंक टैंक है जो दुनिया भर में हथियारों की बिक्री पर नजर रखता है।

'रूस से सस्ता तेल खरीदने की मिली सजा'

जब 2022 में यूक्रेन पर हमले को लेकर पश्चिमी देशों के बैन की वजह से रूसी तेल की कीमत बहुत कम हो गई तो भारत ने इस मौके का फायदा उठाया. अपनी तेजी से बढ़ती इकॉनमी को बढ़ावा देने और 1.4 अरब से ज्यादा की आबादी को सपोर्ट करने के लिए भारत ने रूसी क्रूड ऑयल की अपनी खरीद में काफी बढ़ोतरी की और रूसी तेल के टॉप खरीदारों में से एक बन गया।

पश्चिमी देशों की आलोचना के जवाब में भारत ने लगातार यह कहा कि उसकी पहली जिम्मेदारी अपने लोगों और इकॉनमी के प्रति है।

अमेरिकी वेबसाइट ने लिखा, लेकिन अगस्त में ट्रंप का सब्र जवाब दे गया और उन्होंने भारत पर 50त्न टैरिफ लगा दिया. यह वॉशिंगटन के साथ उसके ट्रेड डेफिसिट यानी व्यापार घाटा और रूसी तेल खरीदने की सजा थी।

छत्तीसगढ़ में लोहा...

मामलों की जांच आगे बढ़ाते हुए टीमों ने रविवार तड़के करीब 19 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी थी। डीएमएफघोटाले में हरपाल सिंह अरोड़ा और उनसे जुड़े व्यक्तियों और ठेकेदारों के यहां रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, कोंडागांव, धमतरी और बलरामपुर मिलाकर 11 स्थानों पर सर्च की गई। वहीं शराब घोटाला प्रकरण में जेल में बंद अनिल टुटेजा और निरंजन दास के परिजनों से जुड़े बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर के 8 ठिकानों पर छापे मारे गए।

5 दिन पहले रायपुर...

डीवीआर, पेन ड्राइव और हार्ड डिस्क जब्त किए गए। बैंक से अकाउंट की जानकारी भी मांगी गई। ईडी की टेक्निकल टीम सबूतों की जांच कर रही है।

बीएलओ परिवारों को ..

मांग करते हुए कहा कि बीएलओ पर इतना अधिक बोझ डाला जा रहा है कि कई लोग तनाव में आकर जान गंवा रहे हैं। याचिका में कोर्ट से बीएलओ परिवारों को मुआवजा दिलवाने का अनुरोध भी किया गया है।

प्राथमिक शाला भवन जर्जर, ग्रामीणों ने कलेक्टर से नए भवन एवं खाद्य गोदाम की मांग की

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत मेचका के आश्रित ग्राम अरसीकन्हार में कलेक्टर अविनाश मिश्रा के आगमन पर ग्रामवासियों, सरपंच एवं स्कूली बच्चों द्वारा पारंपरिक रूप से फूल-माला, गुलाल और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच जीवन नाग सहित पंचों एवं ग्रामीणों ने गांव की प्रमुख समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। छोटे छोटे बच्चे कलेक्टर को फुल माला पहनाकर बहुत खुश हो गए ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला अरसीकन्हार का पुराना भवन पिछले चार-पांच वर्षों से पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन का अधिकांश हिस्सा ढह गया है, जिससे शाला खंडहरनुमा

स्वरूप ले चुकी है। ऐसी स्थिति में बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। सिर्फदो कक्षों में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है, ग्रामीणों ने अवगत कराया कि विद्यालय भवन का दर्ज 48- है और इसकी मरम्मत अब संभव नहीं है। सभी ने मिलकर नया प्राथमिक शाला भवन शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की। कलेक्टर ने आश्वासन दिया।

गीता के दो अक्षरों में समाए अर्थ और अर्थ में निहित मर्म बड़ा ही गहन : ऋषि

गीता कालजयी महाग्रंथ है। यह देशकाल की सीमा में सीमित नहीं, इनसे परे एवं पार है। गीता के दो अक्षरों में समाए अर्थ और इस अर्थ में निहित मर्म बड़ा ही गहन, गंभीर और गहरा है। इसके उपदेष किसी जाति, समाज एवं देष विषेष तक सिमटे नहीं हैं, वरन समस्त मानव समाज के लिए है। इसकी षिक्षाएँ, सार्वकालिक, सार्वजनीन एवं सार्वदेषिक हैं। इसे भारतीय संस्कृति, दर्षन एवं मनोवैज्ञानिक चिंतन का प्रतिक पर्याय माना जाता है। इसमें जहाँ दर्षनिक चिंतन के ऊँचे स्वर प्रस्फुटित होते हैं, वहीं नीति, आचार-व्यवहार की विषालता भी झलकती है तथा भक्ति का सजलधारा अपने पूरे संवेग के साथ प्रवाहित होती दिखती है। गीता कर्म ज्ञान और भक्ति की

पुण्य-पावन त्रिवेगी है, जहॉ डुबकी लगाकर मानव जीवन के गुह्य-गूढ़ रहस्य अनायास ही पाए जा सकते हैं। गीता का दिव्य संदेष आज भी संपूर्ण मानव जाति के लिए उपादेय एवं उपयोगी है। गीता की ज्ञानधारा का आनंद मात्र उन्नत ज्ञानी, मनीषी एवं विद्वान ही नहीं उठाते बल्कि इसका मातृसुलभ वात्सल्य अबोध-अज्ञानी षिषुओं को कहीं अधिक प्राप्त होता है। यह केंद्रीय भाव है, जिसे गीता का महावाक्य भी कहा जा सकता है। यह गीता के अंतरतम का सार एवं मुख्य तत्व है। गीताकार भगवान श्रीकृष्ण से समस्त जीवन और प्राण का संवेदनषील ष्वास-प्रष्वास है यह। यही वह स्रोत है, जहॉ से काल सीमा को तोड़कर सतत पवित्र भावना की निर्झर-निर्झरिणी प्रवाहित होती रहती है, जिसके प्रवाह में बहकर मानव मन ससीम-से-असीम की यात्रा करता है-अनंत की ओर गमन करता है। गीताकार ने इस ज्ञान को अनुभूत कर तथा इसकी व्यावहारिक उपादेयता का आकलन कर समय-समय पर अनेकानेक मनीषियों, विद्वानों ने अपने जीवन के रहस्यों को खोजा-पाया। यही नहीं उन्होंने अपनी बात की प्रामाणिकता इसका अवलंबन स्वीकार करके ही प्रकट की। इस प्रकार का आधार-अवलंबन आज से नहीं, अपितु आचार्य षंकर के भी पूर्ववर्ती आचार्यों बोधायन, मध्व, श्रीधर, मधुसूदन, आनंदगिरि आदि ने भी प्राप्त किया है। पुरातन काल की ही तरह स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, विनोबा भावे, सर्वपल्ली राधाकृष्णन आदि ने भी अपने विचारों का प्रकाष इस महासमुद्र से अर्जित किया। पूर्व के ही समान एडविन अर्नाल्ड, क्रिस्टोफर, ईषरवुड, जॉन डेविड, थोरो, राल्फ वाल्डो इमर्सन, षोपेनहावर, हर्टमान, पाल डायसन, ई.डब्ल्यू हापकिंस आदि पाष्चात्य विद्वानों ने भी इसका अध्ययन-अन्वेषण कर स्वयं को कृतार्थ एवं उपकृत किया है। पाष्चात्य विचारों से प्रभावित वर्तमान बौद्धिक विद्वानों ने जब से गीता पर विचार करने का प्रयत्न किया, तब से लोगों का झुकाव ज्ञान और भक्ति की ओर कम और कर्म विषयक सिद्धांत की ओर अधिक होने लगा।

नपाध्यक्ष ने वार्ड 29 में किया शेड निर्माण का भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 29 पीएचई कॉलोनी में शेड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा वार्ड पार्षद श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि वार्ड 29 के रंगमंच परिसर के पास अब शेड निर्माण होने से वार्डवासियों को धूप बारिश से निजात मिलेगी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्विघ्न संपादित हो सकेंगे। उन्होंने वार्ड वासियों को शेड निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, भारती राजू चंद्राकर सहित वार्डवासी खिलेश्वरी शर्मा, कुंती साहू, हीराबाई आदि उपस्थित थे।

घुमंतू एवं निराश्रित गौवंश की सुरक्षा के लिए प्रदेशभर में बनेगा गौधाम

- **जिले में 20 गौधाम निर्माण का निर्णय, कुरुद विकासखंड की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न**

छत्तीसगढ़ सरकार की बड़ी पहल

धमतरी जिले में 20 गौधाम का निर्माण प्रस्तावित

इस सरकारी पहल के तहत धमतरी जिले में लगभग 20 गौधाम बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में उपयुक्त भूमि की पहचान की जा चुकी है। प्रत्येक गौधाम में आवास, पानी, चारा, चिकित्सा और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि निराश्रित गौवंश को सुरक्षित और स्थायी आश्रय मिल सके।

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और घुमंतू पशुओं के चलते हो रही जनहानि को रोकने के लिए विष्णुदेव साय सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में गौधाम निर्माण की दिशा में व्यापक कदम उठाए हैं। सड़कों पर निराश्रित गायों की बढ़ती संख्या न केवल यातायात के लिए बाधा बन रही थी, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रही थी। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु सरकार ने अब सभी जिलों में व्यवस्थित गौधाम स्थापित करने की योजना पर तेजी से कार्य प्रारंभ कर दिया है।

कुरुद विखं में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक : गौधाम निर्माण एवं संचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा के लिए कुरुद विकासखंड में 3 दिसंबरको अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक मे जनपदअधिकारी, तहसीलदार ग्राम पंचायत प्रतिनिधि कुरुद गौ धाम अध्यक्ष दक्षणीन्द गिरी जिला सदस्य रणजीत साहु रेमन साहु तथा संबंधित विभागों के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने की। उन्होंने विस्तृत रूप से योजना की रूपरेखा, कार्ययोजना और आगामी प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने बताया कि कुरुद विकासखंड में गौधाम निर्माण हेतु तीन स्थानों को चिन्हित किया गया है। यहाँ तेजी से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

गौधाम संचालन के इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाओं से आवेदन करने की अपील : उन्होंने कहा कि सरकारी योजना के अंतर्गत गौधाम के संचालन में स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। जो भी संस्था, समूह या संगठन गौसेवा के प्रति इच्छुक है, वे कलेक्टर कार्यालय या पशु विभाग में आवेदन जमा कर सकते हैं। चयनित संस्थाओं को गौधाम का संचालन और प्रबंधन सौंपा जाएगा।

पिकअप और बाइक की टक्कर में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा मुख्य मार्ग पर स्थित बगारपाली मोड़ के पास पिकअप व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे बाइक चालक अपने साथी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 एचए 5833 एचएफडिलक्स से तेन्दूकोना की ओर जा रहा था वहीं महेन्द्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 11 बीक्यू 8493 से पिथौरा की ओर जा रहा था, तभी बगारपाली मोड़ के पास दोनों में टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार मुड़ागांव निवासी रमन ध्रुव व लखन ध्रुव की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक रिश्ते में चाचा-भतीजा थे। पिकअप चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया।

बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

राष्ट्रीय राजमार्ग -53 पर ग्राम टेका के पास मंगलवार देर शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार अनित यादव (22) की मौत हो गई। हादसे में साथ में बैठे हर्ष ठाकुर (16) और रोहित ठाकुर (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि तीनों युवक ग्राम कौड़िया के निवासी हैं और ग्राम टेका के साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने जा रहे थे।

एमआईएस सहायक पद के लिए 22 तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद/नवप्रदेश। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए पिथौरा और बागबाहरा अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक की नियुक्ति की जानी है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थाई होंगे तथा निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे यह पद पूर्णतः अस्थानांतरणीय होंगे। इसके लिए अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक, कम्प्यूटर का ज्ञान और एम ऑफिस की जानकारी अनिवार्य है।

पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

महासमुंद/नवप्रदेश। पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 दिसंबर को पेंशन भवन में आहूत की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। नए सदस्यों का सम्मान होगा। बैठक में 17 दिसंबर को बलौदाबाजार में आयोजित प्रांतीय पेंशनर दिवस के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी कार्यालय सहायक बीआर ध्रुव ने दी है।

छिपली-फरसिया मार्ग पर हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई, विभाग उदासीन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतर्गत छिपलीफरसिया मार्ग पर सड़क किनारे लगे बड़े-बड़े हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। सड़क किनारे वर्षों पुराने कौहवा प्रजातियों के पेड़, जो गर्मी के दिनों में राहगीरों को छाया और राहत प्रदान करते थे, उन्हें बेरहमी से काटा जा रहा है। इतना ही नहीं, खेतों के किनारे लगे पेड़ों को भी काटकर लकड़ियां खुलेआम ले जाई जा रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है अगर रोड किनारे पेड़ की कटाई खुले आम कर रहे हैं तो जंगलों में तो ओर अधिक हो रहा होगा साथ यह अवैध गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनकी उदासीनता के चलते अवैध कटाई करने वालों के हौसले और भी बुलंद होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, जिले में एक पेड़ माँ के नाम जैसे

जनहितैषी अभियान के माध्यम से कलेक्टर स्वयं अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रेरणा दे रहे हैं। ऐसे में हरे-भरे और वर्षों पुराने पेड़ों का बिना रोक-टोक कट जाना पर्यावरण संरक्षण प्रयासों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ग्रामीणों ने प्रशासन उच्च अधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा जिम्मेदार व्यक्तियों व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण संतुलन को सुरक्षित रखा जा सके।

प्रशासन की टीम ने श्याम राइस मिल से 9562 क्विंटल धान किया जब्त

अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई, चिराकूटा में 250 कट्टा धान सीज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में हो रहे धान खरीदी के बीच अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर सख्त निगरानी तथा राइस मिलों के भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है। प्रशासनिक टीम ने आज राइस मिल झलप में भौतिक सत्यापन निरीक्षण में 9562 क्विंटल धान तथा ग्राम चिराकूटा में 250 कट्टा धान जब्ती की कार्रवाई की है।

महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता के नेतृत्व में श्याम राइस मिल झलप में भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान राजस्व, खाद्य, मंडी के संयुक्त टीम द्वारा धान स्टॉक गणना किया गया। जिसमें स्टॉक शॉर्टेज पाया गया। कस्टम मिलिंग धान उपार्जन नियम 2016 एवं मंडी अधिनियम के तहत 9562 क्विंटल धान जब्त करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई।

इसी तरह विकासखण्ड सरायपाली में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चिराकूटा में 250 कट्टा धान जब्त करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। टीम द्वारा धान के अवैध परिवहन और भंडारण की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। टीम ने धान को जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में सभी जांच चौकियों, राइस मिलों एवं उपार्जन केंद्रों पर निगरानी और सख्त की जा रही है। अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई करें। धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने निगरानी सतत जारी रहेगी।

बाल संप्रेक्षण गृह में तनाव प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बाल संप्रेक्षण गृह बरोंडा बाजार में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नशा के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। नशे से दूर रहने प्रेरित किया गया। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14416 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज सह जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम से रामगोपाल खुंटे, खोमन लाल सीनियर आदि मौजूद रहे।

सम्मानित समाजसेवी बृजलाल सार्वा के निधन से शोक की लहर

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पेंशनर, संगठन सचिव, नव आनंद कला मंदिर के उद्घोषक तथा साहू समाज के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएँ देने वाले समाजसेवी श्री बृजलाल सार्वा का आज 4 दिसंबर 2025 की प्रातः 9 बजे निधन हो गया। उनके स्वर्गवास की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह मिलनसार एवं सरल स्वभाव के धनी सार्वा ने जीवनभर समाज, संस्कार और सेवा को अपना ध्येय बनाकर जनहित में उल्लेखनीय योगदान दिया।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का गरिमापूर्ण आयोजन

सारंगढ़/नवप्रदेश। खेल भाटा मैदान में दिव्यांगजनों के लिए जिला स्तरीय खेलकूद , सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, विधा. कविता प्राण लहरे, कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति लाल पटेल, एसडीएम डॉ. वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिक्षा शर्मा, जिपंस . डॉ. हरिहर जायसवाल, शिवकुमारी साहू, लता लक्ष्मे, भगवंतीन कुंजराम साहू , शांति साहू , जपं सारंगढ़ की अध्यक्ष ममता राजीव सिंह ठाकुर , भुवन मिश्रा, पार्षद अमित तिवारी, भाजपा प्रदेश मंत्री हरिनाथ खूंटे , रामकुमार थूरिया, प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार गोल्डी नायक, डीईओ डहरिया, जिला मिशन समन्वयक नरेश चौहान, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी सहित विभागीय अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले उत्कृष्ट कर्मचारी एवं दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को सम्मानित कियें । कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बालक - बालिकाओं द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता में सह भागिता दी गई ।

राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वावधान में ग्राम परसकोल में बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना संस्थापक अशवंत तुषार साहू ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा हैं, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। तुषार ने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है। वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर दें। युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वृद्धजन वटवृक्ष के समान हैं। इनकी छाया में रहने वाले लोग धूप, आंधी एवं अन्य विपत्तियों से बचे रहते हैं। वृद्धजनों के अनुभवों का लाभ समाज को उठाना चाहिए। सामाजिक सरोकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 15 वरिष्ठजनों का भगवा गमछा व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

गरियाबंद पुलिस द्वारा उद्यापन के दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रार्थी खेमचंद थाना छुरा क्षेत्र ने थाना छुरा में आकर शिकायत दर्ज कराया था कि उसे अगस्त 2025 में डाक से एक नॉन बेलेबल वारंट प्राप्त हुआ था। प्रार्थी के अनुसार उसे आरोपी निखिल राज द्वारा झूठे प्रकरण में फसाकर पैसा ऐठने के नियत से उक्त वारंट भेजा गया था। आरोपी निखिल राज द्वारा प्रार्थी से संपर्क कर धमकी दिया गया कि दो लाख रूपये दे दो नही तो तुमको जेल भिजवा दूंगा। जिससे डर कर प्रार्थी के द्वारा माह अगस्त में ही आरोपी निखिल राज को एक लाख रूपये एवं डाक से प्राप्त नॉन

बेलेबल वारंट दिया गया था। इसके पश्चात् आरोपी एवं उसके अन्य साथी चन्द्रशेखर उर्फचंदन सेन द्वारा प्रार्थी से लगातार जेल भेजने की धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगे। जिस पर प्रथम दृष्टिया अपराध का घटित करना पाये जाने से थाना छुरा में अपराध क्रमांक 183/2025 धारा 308(2) बीएनएस.एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी की शिकायत पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देष एवं मार्गदर्शन में थाना छुरा की टीम को अपराधी पतासाजी हेतु रवाना किया गया। आरोपी चन्द्रशेखर उर्फ चंदन सेन को थाना छुरा क्षेत्र से पकड़ा गया। जिसको पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर उसने बताया कि उसका साथी आरोपी निखिल राज हमसफर ट्रेन से भाग कर झांसी जा रहा है।

रामकथा | **सिद्धबाबा मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरित मानस यज्ञ एवं रामकथा से भक्तिमय हुआ माहौल**

धर्म और अध्यात्म के समागम में पिपराही पहुंचे विधायक रोहित साहू

छुरा/ नवप्रदेश। छुरा ग्राम पिपराही,भरूवामुड़ा और बोरियाझर के मध्य स्थित सिद्धभाबा मंदिर प्रांगण में सिद्धबाबा विकास समिति तथा शिवालय परिवार द्वारा श्रीरामचरित मानस यज्ञ और पांच दिवसीय भव्य रामकथा का आयोजन हुआ। धर्म और संस्कृति के इस विशाल आयोजन में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक रोहित साहू सभी कार्यकर्ताओं एवं यजमानों के साथ श्रीरामचरित मानस यज्ञ के पूर्णाहुति में शामिल होकर सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक रोहित

साहू तथा अतिथियों ने आरती में भी शामिल हुए। पांच दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में भगत महेंद्र ठाकुर ने प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों का अद्भुत वर्णन किया। कथा के दौरान अनेक प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। अनुष्ठान के समापन के बाद ग्राम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उपस्थित लोगों को विधायक रोहित साहू ने संबोधित करते हुए संस्कृति के संरक्षण का आह्वान किया और धर्मांतरण को रोकने के लिए सभी को आगे आने की बात कही। उन्होंने ऐसे आध्यात्मिक अनुष्ठान को धर्म संस्कृति के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और वहां हुए ध्वजारोहण को अपने निज नैनो से देखने का अवसर मिला। वर्षों की तपस्या को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सार्थक कर दिखाया और सभी सनातनियों का मान बढ़ाया। विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने आयोजन समिति की मांग पर औषधि संग्रहण और संरक्षण के लिए आरक्षित वन्य क्षेत्र में तार फेंसिंग कराने, आयोजन स्थल पर विद्युतीकरण तथा एक सामुदायिक भवन निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। विधायक रोहित साहू ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि धार्मिक चेतना को जागृत करने और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का यह एक पुनीत प्रयास है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया।

सरसींवा से दूर ले जाया जा रहा सरकारी कॉलेज, शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला- प्राइवेट कॉलेज के संरक्षण में राजनीति!

सरसींवा(सारंगढ़-बिलाईगढ़) / नवप्रदेश। नगर पंचायत सरसींवा से एक ऐसा गंभीर मामला सामने आया है, जिसने क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों व अभिभावकों में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार शासकीय महाविद्यालय को सरसींवा से हटाकर दूरस्थ, असुविधाजनक और जंगल से सटे इलाके में ले जाने की गुप्त तैयारी चल रही है। यह कदम न केवल शिक्षा के अधिकार पर प्रहार है, बल्कि सीधे तौर पर निजी कॉलेजों को लाभ पहुंचाने की सोची-समझी राजनीतिक रणनीति भी बताया जा रहा है।

2020-21 में जारी हुई थी अधिसूचना – फिर क्यों बदल रहा है स्थान? क्षेत्रवासियों ने बताया कि सत्र 2020ङ्क21 में सरसींवा में शासकीय महाविद्यालय खोलने के लिए बजट सहित अधिसूचना जारी हो चुकी थी। कॉलेज खोलने की सारी प्रक्रिया सरसींवा के लिए ही प्रस्तावित थी। लेकिन अब जो जानकारी सामने आ रही है वह चौंकाने वाली है – कुछ प्रभावशाली निजी कॉलेज संचालकों के दबाव, राजनीतिक रसूख और सांठगांठ के चलते कॉलेज को सरसींवा से हटाकर 8-10 किलोमीटर दूर ऐसे स्थान पर ले जाने



की कोशिश हो रही है, जहाँ से जंगल की शुरुआत होती है और जहाँ बस, परिवहन, सुरक्षा या किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं।दूरस्थ क्षेत्र में कॉलेज–क्यों? - जिस स्थान का चयन किया जा रहा है, वहाँ विद्यार्थियों के लिए न सड़कें हैं, न यातायात की सुविधा और न ही आसपास कोई सुरक्षा व्यवस्था। ऐसे स्थान पर कॉलेज खोलने का क्या तर्क है–इसका जवाब जिम्मेदार अधिकारियों के पास भी नहीं दिख रहा। क्षेत्रवासी इसे एक 'सोची-समझी कूटनीति' मान रहे हैं, ताकि सरकारी कॉलेज की असुविधाओं से परेशान होकर विद्यार्थी अंततः उन्हीं प्राइवेट कॉलेजों की ओर रुख करें, जो इस पूरे खेल के पीछे बताए जा रहे हैं।बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ – क्षेत्र में रोष लोगों का कहना है कि यह निर्णय यदि लागू हुआ, तो–

1. छात्र-छात्राओं के लिए रोजाना 8ङ्क10 किलोमीटर दूर जंगल की ओर जाना पड़ेगा
2. बस व परिवहन न होने से लड़कियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा
3. गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों के लिए पढ़ाई लगभग नामुमकिन
4. मुख्य मार्ग से हटाकर कॉलेज को प्राइवेट संस्थानों का मोहरा बनाने की साजिश

क्षेत्रवासियों ने लिया आंदोलन का निर्णय

– बच्चों के भविष्य को खतरे में देखते हुए सरसींवा नगर एवं आसपास के ग्रामीणों ने इस प्रस्तावित स्थानांतरण के खिलाफबड़ा आंदोलन खड़ा करने की तैयारी कर ली है।

लोगों का कहना है कि

— ÷शिक्षा किसी की जागीर नहीं, यह हमारा अधिकार हैज् और इसे छीनने नहीं देंगे।÷ सरसींवा की जनता साफ मांग कर रही है कि शासकीय महाविद्यालय वहीं खुले जहाँ उसका मूल स्थान था–सरसींवा नगर में, मुख्य मार्ग पर, सभी सुविधाओं के साथ।क्योंकि कॉलेज को जंगल और सुनसान इलाके में ले जाना विकास नहीं, बल्कि निजी कॉलेजों की रक्षा के लिए रचा गया राजनीतिक खेल है।

न्यूज गैलरी

देवरी स्कूल के नव नियुक्त प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने संभाला कार्यभार

भाटापारा / नवप्रदेश। देवरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नव नियुक्त प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। शाला परिवार द्वारा श्री शर्मा का फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर हेम कुमार साहू प्रभारी प्राचार्य हेमलाल साहू व्याख्याता सुनील कुमार दीवान रुकमणी साहू अनूप खरे, प्रीति शाह, रेणु शर्मा ,मृणालिनी शुक्ला ,चंद्रकांत बागडे ,राकेश वर्मा, गजेन्द्र कुमार साहू ,गिरजा शंकर तिवारी ,पुष्पलता अग्रवाल ,बांके बिहारी शुक्ला इत्यादि उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आज समाज कल्याण विभाग परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को आवश्यकतानुसार बैटरी चलित ट्रायसायकल, वॉकिंग स्टिक एवं बैसाखी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सचिव व्यवहार न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद सुश्री भारती कुलदीप, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चैधरी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 03 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार पात्र दिव्यांगजनों को 15 नग बैटरी चलित ट्रायसायकल, 04 नग वॉकिंग स्टिक, 03 नग बैसाखी, 02 नग श्रवण यंत्र, 01 नग व्हीलचेयर अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कलेक्टर बी.एस. उईके ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उईके ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पाथरमोहरा के आंगनबाड़ी, प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में विद्यार्थियों के साथ सादगी, आत्मीयता और समरसता के भाव के साथ न्योता भोज (तिथि-भोज) का आयोजन कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर सामुहिक भोजन किया। इससे पूर्व उन्होंने सपत्नीक बच्चों को मिठाई, फल, चॉकलेट एवं सब्जी, खीर-पुड़ी, भोजन परोसा। इस दौरान विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की। बच्चों ने कलेक्टर बी.एस. उईके एवं उनकी धर्मपत्नी का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर खुशियाँ साझा की। जिससे कार्यक्रम स्थल पर उल्लास, अपनत्व और स्नेहपूर्ण वातावरण बना रहा। कलेक्टर श्री उईके ने बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियाँ एवं सामाजिक सहभागिता भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

सौर संयंत्र लगने के बावजूद उपभोक्ता पर 2,300 का मनमाना बिल थोपा

पीएम सूर्य घर योजना को पलीता, जनदर्शन मे कलेक्टर से शिकायत

पिथौरा -सहायक अभियंता तिजुराम गजभिये पर लापरवाही के गंभीर आरोप

पिथौरा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की लोक-कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी 'पीएम सूर्य घर योजना' महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड में स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारियों की कथित घोर लापरवाही और मनमानी के कारण विफल होती दिख रही है। एक ग्रामीण उपभोक्ता ने सौर ऊर्जा संयंत्र चालू होने के बावजूद, उन पर 2,300 रुपये का भारी-भरकम और अनावश्यक विद्युत बिल थोपने का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर महोदय से जनदर्शन मे लिखित शिकायत की है।

शिकायत में पिथौरा में पदस्थ सहायक अभियंता AE तिजुराम गजभिये को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया गया है और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की माँग की गई है।

लापरवाही का गंभीर प्रकरण

ग्राम पंचायत ठाकुर दिया खुर्द के निवासी ग्रामीण मोतीलाल जांगड़े ने कलेक्टर को संबोधित शिकायत में उल्लेख किया है कि उनके पिता श्री देश राम जांगड़े (उपभोक्ता क्र. 1003368761) के घर पर पीएम सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र 08 अक्टूबर 2024 को विधिवत चालू हो चुका है। इस योजना का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली के बिल से पूर्ण राहत प्रदान करना है।

तथ्य इसके विपरीत हैं। संयंत्र चालू होने के उपरांत भी, विद्युत विभाग पिथौरा ने उन्हें 2,300 रुपये का मनमाना बिल जारी किया है। जांगड़े ने आरोप लगाया कि इस राशि में 1,400 रुपये का 'अतिरिक्त और अनावश्यक' चार्ज जोड़ा गया है, जिसकी संतोषजनक जानकारी विभाग द्वारा नहीं दी जा रही है।

शिकायतकर्ता मोतीलाल जांगड़े ने बताया कि जब उन्होंने इस मनमाने बिल के विषय में सहायक अभियंता तिजुराम गजभिये से संपर्क किया, तो अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह बिल उपभोक्ता को भरना ही पड़ेगा। अधिकारी द्वारा योजना के तहत छूट मिलने के बावजूद बिल भरने का दबाव बनाना, विद्युत विभाग की स्पष्ट जन-विरोधी कार्यशैली योजना मे भरराशाही को दर्शाता है ।

शिकायत में यह गंभीर आरोप भी लगाया गया है कि सहायक अभियंता गजभिये जैसे लापरवाह अधिकारियों के कारण ही केंद्र सरकार की यह महती योजना आम जनता के बीच भ्रांति पैदा कर रही है, जिससे लोग इस योजना को अपनाने से भयभीत हो रहे हैं और उन्हें इसका पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पूर्व मे भी कई शिकायत

विद्युत अधिकारी तिजुराम गजबिये पर वार्ड 14 निवासियों द्वारा इनके विरुद्ध कार्यालय घेराव तथा अन्य मामलों में लापरवाही की शिकायतें मिलने का भी उल्लेख किया है।

कलेक्टर से त्वरित न्याय की माँग

शिकायत के माध्यम से कलेक्टर महोदय से दो-सूत्रीय माँग की गई है:

विद्युत विभाग द्वारा जारी 2,300 रुपये के बिल में अविलंब संशोधन कर, 1,400 रुपये के जबरन जोड़े गए चार्ज को हटाते हुए, सही एवं नियमानुसार बिल जारी किया जाए।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी द्वारा

400 से अधिक छात्र-छात्राओं को दिया गया मूल्य आधारित शिक्षा एवं राजयोग

नगरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी के सौजन्य से विभिन्न विद्यालयों, कैंप एवं आवासीय विद्यालयों में तीन दिवसीय प्रेरणादायी शैक्षणिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान 400 से अधिक छात्र-छात्राओं को मोटिवेशनल स्पीच, मेडिटेशन तथा राजयोग के मूलमंत्र प्रदान किए गए। साथ ही परीक्षा की प्रभावी तैयारी, शिक्षा का जीवन में महत्व और सकारात्मक सोच विकसित करने संबंधी उपयोगी सुझाव दिए गए।

कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कैंप आमगांव, आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी, शासकीय प्राथमिक शाला घोट, कन्या आश्रम घोटगांव तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गट्टासिल्ली में किया गया जहाँ विद्यार्थियों को परीक्षा के भय पर काबू पाने, एकाग्रता बढ़ाने, मूल्य आधारित शिक्षा, और व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

स्वागत समारोह में ब्रह्माकुमारी भावना बहन, माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार आत्माराम भाई तथा ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी बहन का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण है जब उसमें नैतिकता और मूल्य जुड़े हों। उन्होंने बताया कि जीवन की सफलता के लिए एकाग्रता आवश्यक है और एकाग्रता ध्यान एवं परमात्म स्मृति से प्राप्त होती है।वहीं ब्रह्माकुमार आत्माराम भाई ने विद्यार्थियों को आत्मबोध की आवश्यकता बताते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा को स्मरण करने से जीवन की हर परीक्षा में सफलता मिलती है।

लाखड़ी भाजी संग फर्रा का स्वाद लिया

कुरूद / नवप्रदेश। छगके पारंम्परिक व्यंजन लाकड़ी भाजी संग फर्रा का अपना अलग ही महत्व है ,यह व्यंजन साल में एक बार ठंड के मौसम में लोगों को खाने को मिलता है इसीलिए इस व्यंजन को लेकर लोग बड़े चाव के साथ खाते हैं। कुरूद नपा के अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ,समाजसेवी बोल बम सेवा समिति एवं वंदे मातरम् परिवार समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर विगत 15 साल से अपने निवास स्थान में लाखड़ी भाजी के साथ चावल के आटे से बना फर्रा व्यंजन जिसे गर्म पानी के भाप में पकाकर तैयार करवाते हैं।

भाटापारा में पिछले 7 वर्षों से एक भी ट्रेन का स्टापेज नहीं मिला

भाटापारा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर रेल्वे जोन व रायपुर रेल डिवीजन के अंतर्गत भाटापारा एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट आय देने वाला रेल्वे स्टेशन है। और यह रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ के पश्चात सर्वाधिक आय अर्जित करने वाला सबसे बड़ा रेल्वे स्टेशन भी है। इस स्टेशन से सात विधानसभा क्षेत्र के लोग अपनी महत्वपूर्ण रेल यात्रा करते हैं।भाटापारा स्टेशन के नजदीक आडानी अंबुजा लाफार्ज ग्रासीम अल्ट्राटेक, बागंड़ टाटा व श्री सीमेन्ट संयंत्र के साथ साथ स्वयं भाटापारा शहरी क्षेत्र लगभग 500 से अधिक राईस मिल, दाल मिल, पोहा मिल व अन्य उद्योग संचालित है। जहां से संबद्ध लोग काफी तादाद में देश के कोने कोने तक ट्रेन से सफर करते है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 20251210040013/अ-2/ वर्ष 2025-26 | पक्षकार का नाम शेख सबीर हुसैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शेख सबीर हुसैन आ./पति स्व. शेख अख्तर हुसैन निवासी सिकोलाभाठा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	57/261	0.0014 हें वर्गफीट 1500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

आम-सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार चितरेखा निषाद पति महावीर निषाद, पिता गंगा प्रसाद निषाद उम्र 34 वर्ष, निवासी गणेश नगर, वार्ड 05, जामुल, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी है, मेरे पक्षकार के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरे पक्षकार एवं उनके पिता का नाम चितरेखा निषाद पिता गंगा प्रसाद निषाद दर्ज है एवं मेरे पक्षकार के आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड एवं बैंक पास बुक में मेरे पक्षकार का नाम गायत्री निषाद पति महावीर निषाद पिता गंगा प्रसाद निषाद दर्ज है मेरा पक्षकार अपना नाम गायत्री निषाद पति महावीर निषाद, पिता गंगा प्रसाद निषाद से परिवर्तित करके चितरेखा निषाद पति महावीर निषाद दर्ज करवाना चाहती है। गायत्री निषाद एवं चितरेखा निषाद उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का ही नाम है। जिसके संबंध में मेरे पक्षकार ने दिनांक 01-12-2025 को श्रीमान कार्यपालिक दण्डाधिकारी महोदय दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथपत्र भी निष्पादित करवाया है तथा छ.ग. गजट प्रकाशन में भी नाम परिवर्तन हेतु प्रकाशन करवाना चाहती है। भविष्य में मेरे पक्षकार को चितरेखा निषाद पति महावीर निषाद के नाम से जाना पहचाना, लिखा, पढ़ा, समझा, संबोधित किया जायेगा। अत: यह आम सूचना मेरे पक्षकार के निर्देश पर मेरे द्वारा जारी किया गया है।

सूरज कुमार ध्रुववंशी, अधिवक्ता, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), मो. 9039194594, 7999643558

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रंजन कुमार डे पिता श्री तपन कुमार डे, निवासी-मकान नं. एल.आई.जी.-199, दीनदयाल आवास कॉलोनी, जुनवानी, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अंतर्गत भवन क्रमांक-एल.आई.जी.-199 (प्रथम तल), जुनवानी, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 12.07.2011 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 08.07.2013 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 07.11.2025 को श्रीमती जयंती सोनवानी पति श्री राम कुमार सोनवानी के नाम पर विक्रय कर दिया गया है, नवीन क्रेता श्रीमती जयंती सोनवानी के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती जयंती सोनवानी के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 04.12.2025 को जारी किया गया।

मुहर — सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 20251210040045/अ-2/ वर्ष 2025-26 | पक्षकार का नाम श्री शेखर सिंह ध्रुवें | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री शेखर सिंह ध्रुवें आ./पति स्व. भागवत राम ध्रुवें निवासी सेक्टर-4 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	1225/24	0.0140 हें वर्गफीट 1469	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.20251110700070 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/वसीयत प्राप्तकर्ता जितेन्द्र कुमार नाहर पिता नेमीचंद नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 123/15 रकबा 0.081 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ता नेमीचंद नाहर पिता चुन्नीलाल नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता नेमीचंद नाहर पिता चुन्नीलाल नाहर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 08/11/2024 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 21/08/2025 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.20251110700090 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. संदीप चंद्राकर पिता स्व. पन्नालाल चंद्राकर निवासी रायपुर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 96/7 रकबा 0.267 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता पन्नालाल चंद्राकर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 14.06.2024 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.20251110700071 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/वसीयत प्राप्तकर्ता जितेन्द्र कुमार नाहर पिता नेमीचंद नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 203/67 रकबा 0.177 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ता नेमीचंद नाहर पिता चुन्नीलाल नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता नेमीचंद नाहर पिता चुन्नीलाल नाहर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 08/11/2024 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 21/08/2025 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- भिलाई-3 प.ह.न. 00009 चरोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430300400022

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम चरोदा के वर्तमान भूमिस्वामी बेबी नंदा ववाहने संय कुमार वाहने सुशक पिता/पति चौहान आ. लिलेन्द्र कुमार चौहान पता भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 389/113(0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ना.बा. लक्ष्यराज चौहान पिता/पति सुशांक चौहान पता मैत्री विहार राधिका नगर सुपेला भिलाई, बेबी नंदा वाहने पिता/पति संजय वाहने पता, नवनीत चौहान पिता/पति सुशांक चौहान पता मैत्री विहार राधिका नगर सुपेला भिलाई, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, उपतहसील भिलाई-3 (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती नंदा पुरै पति गिरीश कुमार पुर्रे उम्र 49 वर्ष, निवासी-म.क. 83, जी.टी. कैपिटल होम सडड्डू, चांदनी चौक सड्डू, गांव-सड्डू, थाना- मोवा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ:- यह कि मेरा विवाह पूर्व का नाम कुमारी नंद लहरे पिता खीर दास लहरे (Ku. NAND LAHARE D/O KHIR DAS LAHARE) है जो कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजो अंक सुची मे दर्ज है विवाह पश्चात मैने अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम श्रीमती नंदा पुरै पति गिरीश कुमार पुर्रे (SMT. NANDA PURREY W/O GIRISH KUMAR PURREY) कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस परिचय पत्र मे दर्ज है। यह कुमारी बंद लहरे पिता खीर दास लहरे (Ku. NAND LAHARE D/O KHIR DAS LAHARE) एवं श्रीमती नंदा पुर्रे पति गिरीश कुमार पुर्रे (SMT. NANDA PURREY W/O GIRISH KUMAR PURREY) दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरा ही नाम है मुझे उक्त दोनो नामों से जाना पहचाना व पुकारा जाता है। यह कि भविष्य मे मै अपने समस्त दस्तावेजो मे अपना परिवर्तित नया नाम श्रीमती नंदा पुर्रे पति गिरीश कुमार पुर्रे (SMT. NANDA PURREY W/O GIRISH KUMAR PURREY) दर्ज कराना चाहती हूँ एवं राजपत्र मे प्रकाशन उपरांत मुझे नये नाम श्रीमती नंदा पुर्रे पति गिरीश कुमार पुर्रे (SMT. NANDA PURREY W/O GIRISH KUMAR PURREY) के नाम से जाना पहचाना पुकारा पढ़ा लिखा जावें। यह कि मेरे द्वारा नाम परिवर्तन बाबत् आम सुचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया गया है। तदानुसार सूचना जाने।

शपथकर्ती, श्रीमती नंदा पुरै, पति गिरीश कुमार पुर्रे, निवासी- म.क. 83, जी.टी. कैपिटल होम सडड्डू, चांदनी चौक सड्डू, गांव-सड्डू, थाना- मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ती सन्नो बेगम (SANNO BEGAM) पति जावेद खान, आयु 35 वर्ष निवासी मकान नं. 204, वार्ड-31, मदर टेरेसा नगर, स्टील नगर, केम्प-1, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पुत्र वाहिद खान (WAHID KHAN) पिता जावेद खान की जन्मतिथि-13/05/2014 है। यह कि मेरा पुत्र कक्षा पांचवी में शासकीय प्रा. शा. मदर टेरेसा नगर, केम्प-1 भिलाई जिला दुर्ग में अध्ययनरत् है, मेरे पुत्र के कक्षा पहली से चौथी तक के अंकसूची में एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम वाहिद खान (WAHID KHAN) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश वहीध अली (VAHEEDH ALI) दर्ज हो गया है। यह कि वहीध अली (VAHEEDH ALI) एवं वाहिद खान (WAHID KHAN) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरे पुत्र का नाम है। यह कि मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड एवं अन्य शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरे पुत्र का सही नाम वाहिद खान (WAHID KHAN) दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती, सन्नो बेगम पति जावेद खान, निवासी मकान नं. 204, वार्ड-31, मदर टेरेसा नगर, स्टील नगर, केम्प-1, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202512104000010 /अ-06/वर्ष 2025-26 ग्राम अहिवारा प.ह.न. 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बोर्ड आफ क्रिश्चियन कम्युनिटि चर्च चेयरमेन श्री निर्मल कुजुर पिता नामालूम निवासी कार्यालय सेक्टर 06 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 अंतर्गत आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम बानबरद, प.ह.नं. 06 तहसील अहिवारा जिला दुर्ग में स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 1248 का टु. रकबा 1.00 एवं खसरा नंबर 1249 का टु. रकबा 0.29 को भूमिस्वामी/विक्रेता उदराज पिता ननकी निवासी बानबरद तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20.03. 1962 के माध्यम से क्रय किया गया है। किन्तु अपरिहार्य कारणों से नामांतरण नही करवा पाये थे। क्रेता उक्त आवेदित/क्रय भूमि पर निर्विवाद रूप से निरंतर आज पर्यन्त तक कास्त काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे है। उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर क्रय की गई भूमि पर क्रेता के नाम पर नामांतरण दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियों / दावा रखने वाला जिस व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 19.12.2025 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया है।

मुहर — तहसीलदार, अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202512101600001/ विषयः अ-6अ/ सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

चरोदा प.ह.न. 00009 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - नीना रानी, कु. याशिका/अनावेदक पक्षकार- हरचरण कौर

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीना रानी पति स्व. दिलीप सिंह एव अन्य 01, ग्राम चरोदा प.ह.नं. 09 रा.नि.नं. चरोदा तहसील भिलाई 03 स्थित भूमि खसरा नंबर 304/3 रकबा 0.045 हे. भूमि के भूमि स्वामी है जो वर्तमान आनलाईन रिकार्ड में भूमिस्वामी का नाम विक्रेता श्रीमती हरचरण कौर पति प्रीतम सिंह निवासी चरोदा के नाम पर दर्शित हो रहा है। उक्त त्रुटि को सुधार कर आवेदित भूमि खसरा नंबर 304/3 रकबा 0.045 हे. भूमि अपने नाम पर दर्ज किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अक्षया अपने अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से विधिक रुप नियत दिनांक 10.12.2025 तक इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं नियत दिनांक उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता मन्नू लाल (MANNU LAL) पिता श्री हंसू राम, आयु 46 वर्ष निवासी-मकान नं. 182, वार्ड नं.-08, दर्री तालाब के पास, थनौद तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मैं सी.आर.पी.एफ में हलवदार के पद पर कार्य हूं, मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा व पिता का नाम मन्नू लाल (MANNU LAL) पिता श्री हंसू राम दर्ज है एवं मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रो एवं मतदाता परिचय पत्र में मेरा व पिता का नाम मन्नू लाल (MANNU LAL) पिता श्री हंसू राम दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा व पिता का नाम त्रुटिवंश मन्नू लाल देवांगन (MANNU LAL DEWANGAN) पिता श्री हँसु राम देवांगन दर्ज हो गया है। यह कि मन्नू लाल देवांगन (MANNU LAL DEWANGAN) पिता श्री हँसु राम देवांगन एवं मन्नू लाल (MANNU LAL) पिता श्री हंसू राम दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरे व मेरे पिता का ही नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरा व पिता का सही नाम मन्नू लाल (MANNU LAL) पिता श्री हंसू राम दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता, मन्नू लाल पिता हंसू राम, निवासी-मकान नं. 182, वार्ड नं.-08, दर्री तालाब के पास, थनौद तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अजय कुमार सिंह पिता एस.पी. सिंह निवासी जवाहर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोड़ प.ह.न. 42, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 47/46 रकबा 0.0090 हे./1000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता लिक्खन लाल भगत पिता लक्ष्मण भगत निवासी बंजारी मंदिर के पास, सुन्दर नगर डगनिया रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 04/03/2016 को कय कर काबिज है। उक्त भूमि का नामांतरण न्यायालय तहसीलदार दुर्ग रा.प्र.क्र. 1530/अ-6/वर्ष 2015-2016 आदेश दिनांक 23/06/2016 को नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका कं. पी-2401496 जारी किया जा चुका है, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में पूर्व विक्रेता लिक्खन लाल भगत पिता लक्ष्मण भगत निवासी तितुरडीह के नाम पर पर प्रदर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बैनामा एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख एवं जारी ऋण पुस्तिका में दर्ज ÷लिक्खन लाल भगत पिता लक्ष्मण भगत÷ को सुधार कर ÷अजय कुमार सिंह पिता एस.पी. सिंह÷ दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20251103800006/अ-20(4)/वर्ष 25-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019 हे.

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- जितेन्द्र सिंह छब्बा/ अनावेदक पक्षकार : छ.ग. शासन

ईश्तहार

आवेदक जितेन्द्र सिंह छब्बा आ. सरवन सिंह, निवासी हुडको भिलाई द्वारा पेश आवेदन अनुसार आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग, प्लाट नं. एम.आई.जी. 2/285 रकबा 160.00 वर्गमीटर आवेदक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता मार्च 2038 तक है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड को क्रेता रंजीत स्वाई पिता बासुदेव स्वाई, निवासी हुडको भिलाई के पास विक्रय करने हेतु इकरारनामा निष्पादित कर विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.01.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवष्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप। आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

भाटापारा को नगर निगम का दर्जा देने की फिर उठी मांग

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश की सबसे बड़ी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा दिया जाना जरूरी हो गया है क्योंकि वर्तमान में भाटापारा शहर का फैलाव लगभग चारों तरफ20 किलोमीटर क्षेत्र मे हो चला है। और सन्1935 में भाटापारा नगर पालिका का गठन अगेंजी हुकुमत के समय हुआ था। दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के चलते धमतरी, चरौदा, अम्बिकापुर, चिरमिरी व कुछ अन्य क्षेत्रो को नगर निगम का दर्जा कालांतर मे मिल गया है लेकिन भाटापारा क्षेत्र मे दबंग राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव मे भाटापारा नगर निगम का वर्षो पुरानी मांग को अब तक पूर्ण नही किया जा सका है। नगर की जनता का कहना है कि भाटापारा सहित आसपास के नजदीक के गांव सुरजपुरा, दतरेगा, दतरेगी, कुम्हरखान, सेमरियाघाट, कैथी, सुमा, देवरी, खोलवा, राजाढार, पेन्ड्री, ढाबाडिह, सिद्धबाबा धौराभाटा, बोरतरा, खोखली, सेमरिया, आलेसुर, कोडापार, मुढ़ीपार, चमारी, गोगिया, खपराडीह, सेन्दरी, सुरखी, तरेगा, टिकुलिया, सहित कुछ अन्य गांव को मिलाकर भाटापारा नगर निगम का गठन किया जाना चाहिए इस बाबत प्रस्ताव राज्य शासन को पूर्व पालिका अध्यक्ष कमलाधनसाय हरवंश के कार्यकाल मे पासकर भेजा गया था। जोकि फाईल में कैद होकर रह गया है।

सुविधाओं के अभाव में भी शांत जीवन क्या है ये शिव से सीखें : इंद्रदेव

गरियाबंद/नवप्रदेश। . वेद पुराण शास्त्रों के रत्नाकर डॉक्टर एवं महामंडलेश्वर स्वामी श्री इंद्रदेव सरस्वती जी महराज वृंदावन वाले के सात दिवसीय शिव महापुराण के चतुर्थ दिवस प्रवचन देते हुए उन्होंने कहा कि शिव जी यूं तो श्मशान में रहते हैं किंतु श्मशान में भी इतने ठाठ और आनंद से रहते हैं कि इतना तो हम बंगलों में भी नहीं रह पाते । सुविधाओं के अभाव में भी शांत जीवन क्या है ये शिव से सीखें।

गरियाबंद के गांधी मैदान में धरमू देवांगन परिवार द्वारा आयोजित शिव पुराण के चौथे दिन भक्तों के अपार भीड़ लग रही है ए कथा में आज बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक राम ध्रुव जी एवं नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष रिखी राम यादव ए जनपद सदस्य भीम निषाद भी शामिल होकर व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया।

चले हैं संग लेकर के भूतों की बारात एशिव भोले जी दिगम्बर बैल पे सवार एसज गए भोले बाबा निराले दूल्हे में नामक शिव विवाह भजन पर सभी उपस्थित श्रोता जमकर थिरके।कथा के उपरांत सभी भक्तों के लिए पूड़ी और हलवा की प्रसादी देवांगन परिवार के द्वारा रखा गया था।

आयोजक परिवार के हेमचंद देवांगन ने बताया कि बाबा भूतेश्वर नाथ की शिव नगरी में शिव भक्तों के उत्साह का साक्षी बन रहा है गरियाबंद के गांधी मैदान ए आगे तीन दिन की कथाओं में और अच्छे से अच्छा व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है ए पंडाल और बैठने की व्यवस्था बढ़ाए जा रहे हैंए दूर बैठे शिव भक्तों के लिए बड़े बड़े स्क्रीन लगाए जा रहे हैं ए पुलिस प्रशासन के सहयोग पार्किंग को भी व्यस्थित किया जा रहा है । कथा के अंतिम दिवस 8 दिसंबर को भंडारा भी रखा जा रहा है।

गुर्रा में हुआ महिला कमांडो का गठन

भाटापारा/नवप्रदेश। नशा मुक्ति अभियान के तहत भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुर्रा में महिला कमांडो का गठन होने पर विधायक इंद्र साव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई देते हुए उनका बेच लगाकर स्वागत किया।

विदित हो कि गांव गांव में लगातार अवैध शराब की बिक्री से गांवों का दूषित हो रहा वातावरण को ध्यान में रखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से इसके रोकथाम के लिए गांवों में महिला कमांडो का गठन कर उन्हें स्वतंत्र रूप से कार्य करने की आजादी दी जा रही है,जिसका परिणाम भी सार्थक मिल रहा है।ब्लाक के ग्राम गुर्रा में भी महिला कमांडो का गठन किया गया है,जो क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए ना केवल कार्य करेगी बल्कि गांव को शराब जैसी कुरीतियों से दूर रखने का कार्य करेगी।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को परखने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह केन्द्रों में जायज़ा लेने पहुंच रहे हैं। उन्होंने आज बसना विकासखण्ड के ग्राम भंवरपुर, गढ़फुलझर और पिथौरा के ग्राम पिरदा के धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता, टोकन व्यवस्था, तौल प्रक्रिया और कृषकों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा, पिथौरा एसडीएम बजरंग वर्मा, खाद्य अधिकारी अजय यादव मौजूद थे।

उपार्जन केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देशित किया कि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न कराएं और सभी जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराएं। इस दौरान उन्होंने धान तौलाई का जायजा लेते हुए कहा कि तौल मशीनें पूर्ण रूप से सुचारू रहें और किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। गुणवत्ता परीक्षण पारदर्शी और नियमानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि बारदाना की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो।

प्रिंसिपल बनकर शिक्षकों व विद्यार्थियों से मांगे जा रहे पैसे सतर्क रहने की अपील

फर्जी वाट्सएप डीपी लगाकर ठगी का नया मामला

गरियाबंद/नवप्रदेश। साइबर ठगों ने लोगों को ठगने का एक और नया तरीका अपना लिया है। वीर सुरेंद्र साय महाविधालय के प्रिंसिपल आरण् आर के तलवरे के नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए एक अज्ञात व्यक्ति शिक्षकों और विद्यार्थियों से पैसे मांगने की कोशिश कर रहा है। ठग ने प्रिंसिपल की तस्वीर कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड की और उसी फोटो को अपनी व्हाट्सऐप डीपी बनाकर स्टाफ छात्रों और अन्य परिचित लोगों को अंग्रेजी में मैसेज भेजना शुरू कर दिया।

स्टाफ को तब शक हुआ जब उन्होंने देखा कि प्रिंसिपल तलवरे आमतौर पर हिंदी में ही संदेश भेजते हैं। जब उन्होंने यह सूचना स्वयं प्रिंसिपल को दीए तब पूरा मामला सामने आया।

प्रिंसिपल तलवरे ने कहा कि फर्जी बनाकर किया जा रहा दुरुपयोग

प्रिंसिपल ने बताया कि किसी साइबर अपराधी ने कॉलेज वेबसाइट से उनकी फोटो और वेबसाइट पर उपलब्ध स्टाफ के नंबरों का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहाक यह साफ तौर पर साइबर ठगी है। सभी लोग इस नंबर को तुरंत ब्लॉक कर दें और किसी भी प्रकार की मांग पर विश्वास न करें। तलवरे पूरे जिले में एक सम्मानित शिक्षक और सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। ऐसे में साइबर अपराधी ने उनके नाम का इस्तेमाल कर ठगी का रास्ता अपनाने की कोशिश की। थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने दी चेतावनी ऐसे बचें फर्जीवाड़े से थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि ऐसी घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने जनता को सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि इन बातों का रखें विशेष ध्यान किसी भी परिचित के नाम से आए पैसे की मांग पर तुरंत सतर्क हो जाएं। कोई भी व्यक्ति संकट में सिर्फ मैसेज कर पैसे नहीं मांगता। व्हाट्सऐप प्रोफाइल फोटो को सिर्फ अपने कॉन्टैक्ट्स तक सीमित रखें।

दुबारा लॉगिन करने पर हैकर का एक्सेस बंद हो जाएगा। व्हाट्सऐप कभी भी अनजान ओटीपी नहीं भेजता। यदि कोई ओटीपी आएए तो समझें कि कोई आपका अकाउंट एक्सेस करने की कोशिश कर रहा है।किसी भी तरह की साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।



कैसे काम कर रहे हैं साइबर ठग

साइबर अपराधी आजकल फर्जी व्हाट्सऐप प्रोफाइल बनाकर किसी परिचित की फोटो लगा देते हैं और फिर पैसे की मांग करते हैं। वे मैसेज भेजते हैं कि वे किसी मीटिंग में हैंए कॉल नहीं कर सकतेए इसलिए तुरंत पैसे भेज दें। फोटो परिचित की होने से लोग भरोसा कर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

सभी नागरिकों से अपील

फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी के मामलों में सबसे जरूरी हैक् सतर्कता और जागरूकता। कोई भी संदेशए जो पैसे की मांग करता हैए उस पर तुरंत विश्वास न करें। प्रिंसिपल तलवारे ने भी सभी शिक्षकोंए विद्यार्थियों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि फर्जी नंबर को तुरंत ब्लॉक करें और इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दें।

वहीं अगर कोई साइबर ठगी का शिकार हो गया हैए तो तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज करवाएं।

वन मंत्री से मिट्टी संस्कार हेतु भूमि आवंटन करने की मांग

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 8 अंतर्गत ग्राम पंचायत कालीन की चारागाह भूमि पर नगर पंचायत के निवासी द्वारा कई वर्षों से मिट्टी संस्कार का कार्य किया जा रहा है। लेकिन भूमि नगर पंचायत नगरी के नाम दर्ज न होने के कारण वहाँ किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने वन मंत्री केदार कश्यप के एकदिवसीय धमतरी प्रवास के दौरान अपनी विभिन्न मांगें उनके समक्ष रखीं। अध्यक्ष छाबड़ा ने मंत्री को अवगत कराया कि यह भूमि फॉरेस्ट लैंड होने के कारण पूर्व में वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नगरी को चारागाह हेतु दी गई थी, परंतु अब पुन: वन विभाग द्वारा कब्जा करते हुए तार से फेंसिंग की जा रही है। उन्होंने मांग की कि लगभग 8 एकड़ भूमि को नगर पंचायत नगरी के नाम हस्तांतरित किया जाए जिससे मिट्टी संस्कार व स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए स्थायी रूप से निर्माण कार्य किए जा सकें। मंत्री ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए धमतरी डीएफओ को तुरंत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में निवासरत लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, वार्ड नंबर 12 में हरदीभाटा रोड पर ऑक्सीजन नगर के लिए प्रदूषण-मुक्त वातावरण, गार्डन निर्माण एवं ऑक्सीजन जनरेशन हेतु लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य स्वीकृत करने का आग्रह भी किया गया।

भटगांव में अवैध धान से भरा ट्रक जब्त

अब तक करीब 88 लाख के अवैध धान की जब्ती बनाई गई

■ **चेक पोस्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी के बाद भी चेक पोस्ट पारकर नगर भटगांव में पकड़ाया अवैध धान**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव में बुधवार को देर रात करीब 11 बजे बिलाईगढ़ एसडीएम और मंडी सचिव की संयुक्त टीम ने अवैध धान से भरा ट्रक को नगर के दुर्गा मंदिर चौक मे जप्त किया। और जांच करने पर पता चला कि ट्रक के अंदर 848 कट्टा यानी 339 क्विंटल अवैध धान भी है जिसको भी छत्तीसगढ़ मंडी अधिनियम के तहत जप्त किया गया बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के चालान की कापी को लेकर ट्रक क्रमांक सीएफ07 बीएस 1193 का ड्राइवर गोपाल देहरी पिता केशव देहरी जिला जांजगीर चांपा के खोखसा से यह अवैध धान परिवहन कर रहा था। जिसे भटगांव के दुर्गा मंदिर चौक में प्रशासन की टीम ने पकड़ा और जांच करने पर अवैध रूप से धान परिवहन करते पाया गया। जिसे मंडी अधिनियम के तहत जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान एसडीएम के साथ मंडी सचिव शेख अब्दुल रहमान, मंडी इंस्पेक्टर मनीष सिंह एवं सुभम सोनी भी मौजूद रहे। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में 15 नवम्बर से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी शुरू होने से पहले ही जिले में अवैध धान परिवहन एवं? भंडारण पर कार्यवाही शुरू हो गई थी।

वहीं कलेक्टर संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और मंडी के अधिकारियों द्वारा जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है। लेकिन सलिहाघाट महानदी के पास चेक पोस्ट होने व कर्मचारी के ड्यूटी लगने के बावजूद भी चेक पोस्ट पार कर नगर में अवैध धान की सप्लाई किया जा रहा है। जो एक सोचनीय विषय है?। वहीं इस वर्ष 3 दिसंबर देर रात तक राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी, सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में करीब 87 लाख 26 हजार 500 रूपये का कुल 2815 क्विंटल धान जप्त किया गया है। और यह कार्यवाही निरंतर जारी है। राज्य शासन की मंशानुरूप केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान खरीदी हो सके। साथ ही कोचियों, व्यापारियों द्वारा किये जा रहे अवैध धान खरीदी बिक्री पर रोकथाम की जा सके इसके लिए लगातार कार्यवाहियां जारी है।

शुक्ल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष बेसरा का समर्थकों ने स्वागत किया

राजिम/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुखचंद बेसरा आज प्रदेश के प्रथम प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के निवास पहुंच आशीर्वाद लिए जहां शुक्ल ने बेसरा को आत्मीय शुभकामनाएं दी। बेसरा ने कहा कि शुक्ल परिवार से मेरा पुराना नाता रहा हैं। यह परिवार हमारा ही नही अपितु समूचे क्षेत्रवासियों का सबसे बड़ा मार्गदर्शक और हितचिंतक रहा हैं। शुक्ल ने अध्यक्ष पद को लेकर सबकी दावेदारी अपनी जगह पर ठीक थी लेकिन संगठन का निर्णय सभी कांग्रेस जनो के लिए शिरोधार्य होता हैं। शुक्ल अपने निवास से बेसरा को अपने साथ लेकर कांग्रेस के जिला कार्यालय गरियाबंद तक लेकर

पहुंचे। पूर्व मंत्री शुक्ल के साथ पहुंचे कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का आज गरियाबंद नगर आगमन प्रथम बार हुआ रास्ते भर राजिम, कोपरा, पाण्डुका आदि के अलावा जिला मुख्यालय में शुक्ल एवं सुखचंद बेसरा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस के सेवादल,महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं सहित बड़ी तादात स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधि मौजूद थे। लेकिन इन सब के बीच सुखचंद के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चल रहे पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने सब का ध्यान आकर्षित किया। अमितेश शुक्ल के गढ़ में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बेसरा का आत्मीय स्वागत चर्चा का विषय बना रहा। अमितेश के समर्थक दोनों नेताओं के नारे लगाते रहे।

युवा पत्रकार भोजराज साहू के निधन से मीडिया जगत में शोक की लहर

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी 4 दिसंबर 2025। ढ्ढह॥ न्यूज के जिला ब्यूरो चीफएवं शहर के युवा, जुझारू पत्रकार भोजराज साहू भाई का असामयिक निधन हो गया,उनके इस आकस्मिक निधन की खबर से पत्रकार संघ सहित पूरे मीडिया जगत में शोक का माहौल व्याप्त है।

भोजराज साहू ने बहुत कम उम्र में ही पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने सदैव सत्य, निष्पक्षता और निर्भीक लेखन को प्राथमिकता दी,आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना, प्रशासन से सवाल करना और ज़मीन से खबरें सामने लाना उनकी पत्रकारिता की पहचान थी।

उनका स्वभाव बेहद सहज, हँसमुख और मिलनसार था। नगर निगम धमतरी से लेकर गांव-देहात तक, वे हर वर्ग के मुद्दों को समान संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करते रहे,उनके व्यवहार और कार्यशैली ने युवा पत्रकारों को नई दिशा और प्रेरणा दी। उनके निधन पर धमतरी सहित छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के अनेक पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
//ईश्तहार//
ई कोर्ट नं.......
ग्राम झलमला
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती डुलेश्वरी नायक पति श्री भागचंद नायक जाति हल्बा निवासी ग्राम भरदा तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 757/13 रकबा 0.019 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.019 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 18/12/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/25 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
//ईश्तहार//
ई कोर्ट नं.......
ग्राम झलमला
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्री मनोज कुमार जैन पिता श्री रूपचंद जैन निवासी ग्राम बालक हाई स्कूल के पास वार्ड नं. 10 बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 468 रकबा 0.21 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.21 हे. गैर कृषि - व्यवसायिक (गोदाम) प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक (गोदाम) प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 18/12/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/25 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
//ईश्तहार//
ई कोर्ट नं.......
ग्राम झलमला
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुधा ठाकुर पिता श्री चेतन लाल ठाकुर जाति हल्बा निवासी ग्राम गोरकापार तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 1150/5 रकबा 0.016 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.016 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 18/12/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/25 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
//ईश्तहार//
ई कोर्ट नं.......
ग्राम झलमला
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्री हरीश कुमार जैन पिता श्री रूपचंद जैन निवासी ग्राम बालक हाई स्कूल के पास वार्ड नं. 10 बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 494 रकबा 0.44 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.44 हे. गैर कृषि - व्यवसायिक (गोदाम) प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक (गोदाम) प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 18/12/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/25 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों / भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक जनता- 268 श्री मुनीराम खांडव पिता श्री तुला राम खांडव को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 04/07/1994 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 19/11/2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री आदि वर्मा पिता श्री नंद कुमार वर्मा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
//ईश्तहार//
ई कोर्ट नं.......
ग्राम झलमला
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती महिमा जैन पति श्री मनोज कुमार जैन निवासी ग्राम बालक हाई स्कूल के पास वार्ड नं. 10 बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 467 रकबा 0.22 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.22 हे. गैर कृषि - व्यवसायिक (गोदाम) प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक (गोदाम) प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 18/12/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/25 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञानसंस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.- 495001
FAX (O)-07752-237400, PHONE (O)-07752-237400 Email eddress- mscimsbsp@gmail.com
क्रमांक / संसंएवंअधी./सिम्स/25/10152 — बिलासपुर, दिनांक 2-12-2025

// दावा आपत्ति हेतु सूचना//

सिम्स चिकित्सालय में निम्न मशीनों का वार्षिक रखरखाव सीएमसी किया जाना है जिस हेतु निर्माता कंपनी से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है विवरण निम्न है-

Sr No.	Particulars	Qty	Purchase rate	Purchase Year	AMC Rate par unit	Total amount
1	AMC rvwe 60 washer extractor (IFB)	02 nos	54,81,100.00	2021	2,30,000.00	4,60,000.00
2	AMC rvwe 15 washer extractor(IFB)	01 nos			88,000.00	88,000.00
3	AMC rtd 60 tumble dryer	02 nos			80,900.00	1,61,800.00
4	AMC rfwi 0630E Flatwork ironer(IFB)	01 nos			2,00,000.00	2,00,000.00
					Net Amount	9,09,800.00
					GST 18%	163764.00
					G.Total	10,73,564.00

उक्त मशीनो के वार्षिक रखरखाव सीएमसी हेतु दावा आपत्ति/प्राक्कलन हेतु निर्माता/अधिकृत एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजी जा सकती है।

दावा आपत्ति एवं प्राक्कलन संबंधी दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 02.01.2026 समय शाम 4 बजे तक पता- संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सदर बजार, गोंडपारा, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर, छ.ग.

जी-252605192/3
संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर छ.ग.

छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 05, खरसिया (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **24.12.2025, 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है -

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	समूह क्र.	कार्य का नाम	निविदा की लागत जी. एस.टी. छोड़ कर (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
180904	03/व.ले.लि./2025-26 दिनाक 03.12.2025	01	खरसिया शाखा नहर के सिंघरा वितरक नहर अंतर्गत कुधरी उपवितरक नहर के आरडी. 0 मी से 2460 मी. तक लाईनिंग का रिनोवेशन कार्य।	92.11	प्रथम आमंत्रण
180920	03/व.ले.लि /2025-26 दिनाक 03.12.2025	02	हसदेव बांगो आवासीय परिसर ठुसकेला खरसिया, उपेन्द्र नगर, मिनीमाता बागो नहर उपसंभाग क्र. 6 मदनपुर, मिनीमाता बांगो उपसंभाग क्र. 4 वि/यां. जल संसाधन विभाग सर्वे एवं बैराज निर्माण संभाग क्र. 1 एवं उपसंभाग क्र. 5. मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्र. 5 खरसिया के आवासीय भवन एवं बाउंड्रीवाल का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	100.88	प्रथम आमंत्रण
180925	03/व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 03.12.2025	03	खरसिया शाखा नहर के सिंघरा वितरक नहर अंतर्गत कुधरी उपवितरक नहर के आरडी. 2460 मी से 5760 मी. तक लाईनिग का रिनोवेशन कार्य।	104.67	प्रथम आमंत्रण
180926	03/व.ले.लि/2025-26 दिनाक 03.12.2025	04	खरसिया शाखा नहर के टायंग वितरक नहर अंतर्गत जैमुरा माईनर के आरडी. 0 मी से 2550 मी. तक सी.सी. लाईनिंग का जीर्णोद्धार कार्य	108.61	प्रथम आमंत्रण

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **10.12.2025,** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।
3. **निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. सहित निविदा भरा जाना है।**

जी-252605222/6
कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 05 खरसिया (छ.ग.)

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण पर एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन

■ चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में हुआ सम्मेलन

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण संचालित किया जाता है। इसके अंतर्गत चयनित औद्योगिक इकाईयों द्वारा निर्धारित विवरणी भरकर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय को प्रस्तुत की जाती है । इन औद्योगिक इकाइयों एवं संगठनों को वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के महत्व एवं नीति निर्माण में इसकी उपयोगिता के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने, **एएसआई** और **कापेक्स** के तहत डेटा कलेक्शन की समयसीमा तथा गुणवत्ता की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उद्योग संगठन को **एएसआई** और **कापेक्स** सर्वे के लिए सहयोग देने की जरूरत के बारे में जागरूक करने तथा औद्योगिक इकाइयों द्वारा वेब पोर्टल पर वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण विवरणी स्वयं कंपाईल करने के संबंध में प्रेरित करने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर ने की। कार्यक्रम में उपस्थित औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों का स्वागत अग्रवाल सचिता राकेश, उप निदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर द्वारा किया गया तथा गोलमेज सम्मलेन आयोजित करने के उद्देश्य के संबंध में सूचित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक एवं औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सचिता राकेश, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, ऋषभ सिंह श्याम, सहायक निदेशक, बिलासपुर, प्रखर गुप्ता, सहायक निदेशक, अंबिकापुर, लोकेश चंद्रकांत जैन चेंबर उपाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर ने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा प्रति वर्ष यह सर्वेक्षण संचालित किया जाता है। इसके अतर्गत औद्योगिक इकाइयों से संदर्भ अवधि के दौरान पूंजी, टर्न ओवर, मूल्य वर्धन, ईंधन व कच्चा माल तथा इनपुट-आउटपुट आदि से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संग्रहित किए जाते हैं। इसके अलावा रोजगार, कार्य दिवसों की संख्या एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ संबंधी आंकड़े भी एकत्रित किए जाते हैं। प्राप्त आंकडों का उपयोग राष्ट्रीय आय के अनुमान एवं सकल घरेलू उत्पाद के आकलन और विभिन्न प्रकार के नीति नियोजन हेतु किया जाता है।

अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक ने उपस्थित औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों को देश के नीति निर्धारण हेतु उनके योगदान की सराहना की तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को पूरा करने हेतु उद्योग संगठनों से विभाग को समयसीमा के अंतर्गत डाटा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया तथा आपसी संबंधों को मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित उद्यम प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2024-25 से संबंधित आंकडे प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों से आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

योग आयोग में लंबित भुगतान का त्वरित निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग में नवनियुक्त सचिव ने कार्यभार ग्रहण करते ही लंबित प्रशासनिक मामलों के समाधान की पहल की है। पूर्व सचिव की संविदा अवधि समाप्त होने के कारण सितम्बर माह से अधिकारियों-कर्मचारियों तथा अध्यक्ष/सदस्यों के वेतन-भत्ते सहित भवन किराया, बिजली, इंटरनेट तथा कार्यक्रमों के देयक लंबित थे। नव पदस्थ सचिव ने सभी नस्तियों का त्वरित परीक्षण कर नियमानुसार सभी भुगतान सुनिश्चित किए। इस कार्रवाई से आयोग की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से संपादन किया जा रहा है तथा शासन की संवेदनशील और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है, जिसका सुदृढ़ संदेश मिला है।

चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य मुलाकात कर दो महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन सौंपे। चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट एवं कृषि उपज आधारित खाद्य प्रसंस्करण मुरमुरा उद्योग को राहत देने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ चेम्बर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रसंस्करण उद्योग से लगभग 50,000 से अधिक स्थानीय श्रमिक एवं किसानों की आजीविका से सीधे जुड़ा है। यदि शुल्क में राहत नहीं दी गई तो उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और रोजगार प्रभावित होगा।चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आगे कहा कि हमने इस दौरान प्रस्तुत स्मरण पत्र में विशेष रूप से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स और प्रसंस्करण उद्योगों को छूट, कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण एव किसान एवं दलहन-तिलहन व्यापार से जुड़े उद्योगों को शुल्क में छूट देकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। हमने मंत्री जी से निवेदन किया है कि अधिसूचना दिनांक 13/03/2024 को जारी कर शुल्क छूट प्रदान की जाए, जिससे प्रदेश के किसान, व्यापार और उद्योगों को राहत मिल सके। चेम्बर ने आशा व्यक्त की है कि माननीय मंत्री जी सकारात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के कृषक, व्यापारी एवं उद्यमी वर्ग को राहत प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं चेंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी,चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, जवाहर थारानी, अशोक निहलानी, भाटापारा इकाई अध्यक्ष गुरुमुख गंगवानी, पोहा- मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा अध्यक्ष रंजीत दावानी, संरक्षक अनिल लोचलानी, उपाध्यक्ष राकेश मंधान, डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ सदस्य पवन मंधान एवं अमरलाल सचदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

देश में पहली बार-नई दिल्ली में लगेगा विशाल, प्रभावशाली और सबसे प्रतिष्ठित स्वदेशी मेला

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेड इन इंडिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष 2026 के मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में देश का अब तक का सबसे भव्य और सबसे बड़ा व्यापारिक आयोजन - स्वदेशी मेला-2026÷ आयोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। गत 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की एक मीटिंग में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव दिया था।

जमीन गाइडलाइन दर बढ़ोत्तरी का फैसला वापस हो भाजपा सांसद, आम जनता में भारी आक्रोश

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पत्र लिखकर ज़मीन गाईड लाईन दर में बढोत्तरी वापस लेने की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार की जमीन गाईड लाईन दर की तानाशाही बढोत्तरी के खिलाफ आम जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वापस लेने की मांग की है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी की मनमानी, अनुभवहीनता के कारण प्रदेश में हर वर्ग का सपना टूटा है। जमीन गाइडलाइन दर में 10 से लेकर 850 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। ऐसी वृद्धि देश मे कही नही हुई है। इसका सीधा नुकसान गरीब आदमी किसान मध्यवर्ग को होगा। न तो अपना खुद का घर बनाने जमीन खरीद पायेगे न ही जरूरत पर अपनी जमीन बेच पायेंगे।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जमीन गाइडलाइन में जो वृद्धि हुई है उसका प्रभाव सभी सेक्टर में दिखेगा व्यापार व्यवसाय उद्योग में मंदी पड़ेगी। बेरोजगारी बढ़ेगा और सरकार को भी राजस्व का अच्छा खासा नुकसान होगा। जमीन गाइडलाइन बढ़ोतरी के कारण निकाय क्षेत्रों में भी मकान टैक्स में 8 से 10 गुना वृद्धि होगी मान लो किसी का मकान टैक्स आज 5000 रु. है तो मानकर चलिए आने वाले समय में उसे 50,000 रु. तक का टैक्स भरना पड़ सकता है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि

नई गाईडलाइन दर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा जो सफाई दी जा रही है वह भ्रामक है। मंत्री के द्वारा कहा जा रहा है कि भूमि अधिग्रहण में गाईडलाइन बढ़ाने का लाभ भूमि मालिक होगा, इसकी संख्या एक डेढ़ परसेंट ही है। जबकि गाइड लाईन बनने से प्रभावितों की संख्या 100 प्रतिशत से अधिक है। वित्त मंत्री को भूमि अधिग्रहण में मुआवजा की राशि बढ़ाने के लिए गाईडलाइन बढ़ाने की आवश्यकता ही नही है वो सरकार में है भूमि अधिग्रहण में दी जाने वाली राशि को 5 गुना कर दे।

50 प्रतिशत मतदाताओं का भी एसआईआर नहीं हुआ फिर 22 लाख कैसे लापता हो गए?

रायपुर/नवप्रदेश। चुनाव आयोग का दावा है कि एसआईआर प्रक्रिया में 22 लाख मतदाता लापता है इनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चुनाव आयोग ने इन मतदाताओं के नाम को डी केटेगरी में रखा गया है और जनवरी तक का समय दिया गया है वे अपने होने का दस्तावेज प्रस्तुत करे। 50 प्रतिशत मतदाताओं का भी एसआईआर नहीं हुआ फिर 22 लाख कैसे लापता हो गये? 22 लाख मतदाता नहीं मिल रहे, मतलब चुनाव आयोग के बीएलओ इन 22 लाख मतदाता के पास पहुंच ही नहीं पाये। चुनाव आयोग जो एसआईआर करवा रहा है वो एसआईआर पूरी गंभीरता से नहीं हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर शुरू करने में सार्वजनिक तौर पर कहा था कि बीएलओ हर घर में तीन-तीन बार जायेंगे, अब तक बीएलओ हर नागरिक के घर नहीं पहुंचे है। बीएलओ एक ही जगह से सभी फार्म पहुंचा रहे है, जो नहीं मिल रहा। उनके बारे में कोई भी पतेसाजी नहीं की जा रही है। सत्ता के दबाव में उच्च अधिकारी बीएलओ के पसर्नल मोबाईल पर मैसेज भेजकर मतदाता सुची में नाम काटने जोड़ने का दबाव बना रहे है। आयोग के द्वारा बीएलओ के उपर अनुचित दबाव डाला जा रहा है, जल्दी प्रक्रिया पूरी करें। आयोग दावा करता है कि 97 प्रतिशत लोगो तक फार्म पहुंच गया है तो 22 लाख मतदाता कैसे लापताई है उनके बारे में आपको जानकारी क्यों नहीं है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बड़ी संख्या में लोग रोजी रोटी के लिये उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, पंजाब, असम जाते है और दूसरे राज्य में जाते है, क्योकि यहां मनरेगा को अघोषित रूप से बंद कर दिया गया है। एसआईआर प्रक्रिया सिर्फ 1 महिने के लिये चालू किया है।

200 यूनिट बिजली बिल हॉफ योजना जनता को ठगने का काम

रायपुर/नवप्रदेश। बिजली बिल हॉफयोजना को लेकर भाजपाइयों के दावे और उससे इतर साय कैबिनेट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार के फैसले से अब 200 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ 400 यूनिट खपत पार होते ही उपभोक्ताओं को नहीं मिलेगा। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में बिना भेदभाव, बिना लिमिट के 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफयोजना का लाभ सभी बिजली उपभोक्ताओं को मिल रहा था, 400 यूनिट से अधिक खपत पर भी 400 तक की रियायत दिया जाता था, उससे अधिक पर आगे की रीडिंग पर पूरा दर लागू होता था, लेकिन अब 400 यूनिट पार करते ही रियायत ज़ीरो हो जाएगा।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मात्र 200 यूनिट तक, बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ केवल 1 ही वर्ष के लिए किया गया है। कांग्रेस की सरकार ने जब हॉफयोजना लागू की थी तब ऐसी कोई शर्त नहीं थी। भाजपा सरकार का दावा है कि इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, जबकि प्रदेश में कुल घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से ज्यादा है। सरकार की मुनाफाखोरी की भूख और आर्थिक नाकामी के चलते महंगी बिजली बिल जनसमस्या बन चुकी है, हर वर्ग इससे परेशान है।

कृषक दिनेश ने आसानी से बेचा धान

■ खरीदी केन्द्र की बेहतर व्यवस्था पर जताई खुशी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी रूप से जारी है। इसी क्रम में जशपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। जशपुर विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र गम्हरिया में पहुंचे कृषक दिनेश सिंह ने बताया कि उन्हें टोकन प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और उन्होंने अपना 172 बोरी धान आसानी से बेच दिया। उन्होंने खरीदी केंद्र में उपलब्ध बेहतर सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार खरीदी केंद्रों में किसानों के हित में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। समर्थन मूल्य पर सीधी खरीदी से किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है और उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है।

खरीदी केंद्रों में शासन के निर्देशानुसार वजन, मापक, बोरा, तराजू-बाट, बारदाना सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिला प्रशासन पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है ताकि किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

प्रेमचंद जैन ने सोलर प्लांट से घटाया बिजली बिल

■ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आमजन को मिल रहा लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अब आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँच रहा है। योजना के तहत लोग अपने घरों की छतों पर सोलर प्लांट स्थापित कर न केवल बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी ला रहे हैं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सार्थक कदम बढ़ा रहे हैं।

गोल बाजार, खैरागढ़ निवासी श्री प्रेमचंद जैन इसका एक बेहतर उदाहरण हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट स्थापित किया है, जिसके माध्यम से नवंबर माह में लगभग 400 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। इसी अवधि में उनकी वास्तविक खपत मात्र 290 यूनिट रही। इस प्रकार श्री जैन ने अपनी जरूरत से अधिक ऊर्जा उत्पन्न कर न केवल बिजली बिल लगभग शून्य कर लिया, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड को प्रदान कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त किया।

श्री जैन ने बताया कि सोलर प्लांट स्थापना की पूरी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी रही। उन्हें सरकारी सब्सिडी का लाभ भी समय पर मिला, जिससे स्थापना लागत में काफी कमी आई। उनके अनुसार सोलर ऊर्जा केवल बचत का साधन नहीं, बल्कि भविष्य और पर्यावरण के लिए एक सुरक्षित निवेश है, जो आने वाले वर्षों में हर घर की जरूरत बनेगा।

योजना के तहत उपभोक्ता इच्छानुसार ऑनलाइन वेंडर का चयन कर सकते हैं और आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल, सुगम एवं पारदर्शी है। इसके लिए https://pmsuryaghar.gov.in/#/ पीएम सूर्य घर ऐप, मोर बिजली ऐप, विभागीय वेबसाइट, टोल-फ्री नंबर 1912 तथा नजदीकी छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड कार्यालयों के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

छात्रवृत्ति स्वीकृति निर्धारित समयसीमा में हो : आयुक्त मित्तर

वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक लेकर सहायक आयुक्तों को दिए निर्देश

■ छात्रावास-आश्रम भवन निर्माण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ.सारांश मित्तर ने आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिलों में पदस्थ सहायक आयुक्तों की बैठक लेकर काम काज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सभी जिलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्गवार छात्रवृत्ति स्वीकृति की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर ली जाए, ताकि किसी भी छात्र को शिक्षा प्राप्त करने में कोई आर्थिक समस्या ना आए।

उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों - बहुउद्देशीय केन्द्रों के निर्माण की स्थिति, एवं उसमें होने वाले व्यय की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही सभी पूर्ण कार्यों को यथाशीघ्र वास्तविक फोटोग्राफ सहित जानकारी उपलब्ध कराने एवं सभी अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही आदि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत आने वाले बस्तर सभांग के 07 जिलों तथा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत आने वाले जिलों में अपूर्ण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर राशि के नियमानुसार उपयोग के निर्देश दिए गए।

आयुक्त डॉ मित्तर ने कहा कि भविष्य में किसी भी नवीन छात्रावास-आश्रम अथवा प्रयास या एकलव्य विद्यालय हेतु स्थल चयन से पूर्व यह देख लिया जाए कि वह स्थल वन भूमि अथवा छोटे-बड़े झाड़ के जंगल अंतर्गत ना आता हो और ना ही उस भूमि पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण हो, ताकि बाद में किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो। इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व अनुरक्षण मद की राशि के उपयोग हेतु तत्काल एक ठोस योजना बनाते हुए मुख्यालय को अवगत कराएं एवं राशि का प्रासंगिक उपयोग समयसीमा में सुनिश्चित करें। साथ ही नवीन वित्तीय वर्ष से अनुरक्षण मद की राशि के उपयोग हेतु प्रारंभ से ही कार्ययोजना बनाते हुए उसपर अमल किया जाए, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक राशि का समुचित उपयोग संभव हो सके।

उन्होंने इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट के विरूद्ध व्यय, छात्रावास-आश्रम में स्वीकृत सीट के विरूद्ध प्रवेश की स्थिति, पीवीटीजी योजना अंतर्गत 2022-23 के अपूर्ण कार्यों की प्रगति, एफआरए सेल के गठन की स्थिति, संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के वर्ष 2022-23, व 2023-24 और 2024-25 के स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं आगामी विधानसभा सत्र के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इसके अलावा छात्रावास-आश्रमों में सीटों के समायोजन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए ।

बैठक में अपर संचालक श्री संजय गौड़, श्री जितेन्द्र गुप्ता, श्री आर.एस.भोई, उपायुक्त श्री प्रज्ञान सेठ, श्री एल.आर.कुर्रे एवं श्रीमती मेनका चन्द्राकर उपस्थित थे।

प्रदेशभर के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी

■ जशपुर जिले में 2,628 किसानों से 1 लाख 67 हजार 246 क्विंटल धान की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से जारी है। राज्य के सभी जिलों में खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

प्रदेश के जशपुर जिले में भी धान खरीदी प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। 3 दिसंबर तक जिले के 46 उपार्जन केंद्रों में कुल 2,628 किसानों से 1,67,246 क्विंटल धान उपार्जित किया जा चुका है। इसके एवज में 39.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में निरंतर हस्तांतरित की जा रही है।

धान खरीदी कार्य को पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के लिए उपार्जन केंद्रों में टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण, नमी मापक यंत्र समेत सभी आवश्यक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही पर्याप्त बारदाना, बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी और अन्य आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किए गए हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।जिला प्रशासन के निरंतर निरीक्षण और मॉनिटरिंग के कारण धान खरीदी कार्य निर्बाध रूप से संचालित हो रहा है। निर्धारित तिथि के अनुसार किसान केंद्रों में पहुंचकर अपना धान बेच रहे हैं और समर्थन मूल्य के माध्यम से उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।

रूस भारत को दे सकता है RD-191M सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन

बढ़ जाएगी इसरो की ताकत

नई दिल्ली। भारत और रूस के बीच रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग एक नया मुकाम हासिल करने जा रहा है. रूस भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को अपना सबसे शक्तिशाली सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन RD-191रू की 100% तकनीक हस्तांतरण करने पर सहमत है. अगर यह समझौता होता है तो यह भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम में बहुत बड़ा कदम होगा.

RD-191M इंजन क्या है?

RD-191M रूस का एक बहुत ही उन्नत सेमी-क्रायोजेनिक इंजन है. यह इंजन तरल ऑक्सीजन और केरोसिन (RP-1) ईंधन का इस्तेमाल करता है. इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह बहुत ज्यादा थ्रस्ट (जोर) पैदा करता है - एक इंजन करीब 192 टन का जोर दे सकता है. अभी रूस अपने अंगारा रॉकेट में इसी परिवार के इंजन का इस्तेमाल करता है.

इसरो को क्या फायदा होगा?

इसरो इस नई तकनीक का इस्तेमाल अपने सबसे शक्तिशाली रॉकेट GSLV Mk3 (जिसे अब LVM3 कहा जाता है) में करेगा. अभी LVM3 में ऊपरी स्टेज में क्रायोजेनिक इंजन (ष्ट्श्व-20) लगा होता है. अगर निचले स्टेज में RD-191रू जैसे शक्तिशाली सेमी-क्रायोजेनिक इंजन लगा दिए जाएं तो रॉकेट की ताकत बहुत बढ़ जाएगी. इसरो को अपने भारी सैटेलाइट दूसरे देशों से लॉन्च नहीं करने पड़ेंगे. साथ ही दूसरे की भारी सैटेलाइट इसरो लॉन्च कर पाएगा. इससे देश को आर्थिक फायदा होगा.

RD-191M इंजन लगने के बाद... GTO पेलोड बढ़कर 6.5 से 7 टन तक हो जाएगा.
यानी एक बार में ढाई से तीन टन ज्यादा वजन अंतरिक्ष में ले जाया जा सकेगा. इससे भारी संचार उपग्रह, चंद्रयान और मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन (गगनयान) को आसानी से लॉन्च किया जा सकेगा.

भारत में कहां बनेगा यह इंजन?

रिपोर्ट के अनुसार यह इंजन भारत में ही बनाया जाएगा. इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और इसरो मिलकर नई फैक्ट्री लगाएंगे. पूरी तकनीक भारत आएगी इसलिए आने वाले समय में भारत खुद ये इंजन बनाकर दूसरे देशों को भी बेच सकेगा.

यह समझौता कब तक पूरा होगा?

अभी दोनों देशों के बीच अंतिम बातचीत चल रही है. उम्मीद है कि साल 2026-27 तक तकनीक हस्तांतरण शुरू हो जाएगा. 2030 तक भारत का अपना सेमी-क्रायोजेनिक इंजन पूरी तरह तैयार हो जाएगा.

राहुल गांधी को सुको से बड़ी राहत मुकदमा चलाने पर लगी रोक बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा चलाने पर लगी रोक की अवधि अगले साल 22 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने बृहस्पतिवार को राहुल गांधी की अपील स्वीकार कर ली और कहा कि वह मामले की विस्तार से सुनवाई करेगी।

राहुल गांधी ने निचली अदालत के समन के खिलाफइलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया था लेकिन उच्च न्यायालय ने 29 मई को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद गांधी ने उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने चार अगस्त को गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए लखनऊ की एक अदालत में लंबित इस मामले में आगे कोई कार्यवाही करने पर अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी थी।

पीठ ने इससे पहले गांधी की कथित टिप्पणियों के बारे में उनसे सवाल किया था- आपको कैसे पता कि भारत के 2000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है? पीठ ने कहा था- बिना जानकारी के आपने ऐसे बयान क्यों दिए? अगर आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसी चीजें न करते।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और इस मामले में शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर गांधी की याचिका पर जवाब मांगा था। राहुल गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि अगर नेता प्रतिपक्ष मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी।

सिंघवी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 का हवाला देते हुए कहा था कि अदालत द्वारा आपराधिक शिकायत का संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त की पूर्व सुनवाई अनिवार्य है, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई। शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक अदालत में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि दिसंबर 2022 की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

इसके बाद अधीनस्थ अदालत ने गांधी को मुकदमे का सामना करने के लिए अभियुक्त के रूप में तलब किया। गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल ने दलील दी थी कि शिकायत को पढ़ने से ही आरोप मनगढ़ंत प्रतीत होते हैं।

हवाई अड्डों पर हाहाकार, एक के बाद एक इंडिगो की कई उड़ानें रद्द

नई दिल्ली/वार्ता। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस सप्ताह अपने सबसे बड़े परिचालन संकटों में से एक का सामना कर रही है। मंगलवार और बुधवार को एयरलाइन की 400 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं, जबकि सैकड़ों उड़ानें घंटों देरी से चल रही हैं। इस वजह से देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं और हजारों लोग फंसकर परेशान हो गए।

आज भी इंडिगो की 180 से अधिक उड़ानें रद्द

घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने बृहस्पतिवार को तीन प्रमुख हवाई अड्डों से 180 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। गुरुग्राम स्थित एयरलाइन, अपने पायलटों के लिए उड़ान-ड्यूटी और आराम अवधि के नए नियमों के मद्देनजर अपनी उड़ानों के संचालन के लिए जरूरी चालक दल सदस्यों की व्यवस्था करने को लेकर जूझ रही है।

एक सूत्र ने कहा- इंडिगो ने बृहस्पतिवार को तीन हवाई अड्डों...मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु.... से 180 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दीं।' मुंबई हवाई अड्डे पर रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या दिन भर में 86 (41 आगमन और 45 प्रस्थान) रही। वहीं बेंगलुरु में 41 आगमन उड़ानों सहित 73 उड़ानें रद्द की गईं।

1. क्रूकी गंभीर कमी

नए ड्यूटी-टाइम नियम 1 नवंबर से लागू हुए, जिनसे पायलट और क्रू के काम करने के घंटे कम कर दिए गए और अनिवार्य आराम समय बढ़ा दिया गया। नियम सख्त होने के बाद कई पायलट कानूनी तौर पर ड्यूटी के लिए उपलब्ध ही नहीं बचे, जिसके चलते दर्जनों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। कई रोटेशन पूरे ही नहीं हो पाए क्योंकि समय सीमा खत्म हो चुकी थी।

2. नए रोस्टर नियम (FDTL) के कारण बढ़ी चुनौती

डीजीसीए द्वारा लागू नई 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' में रात की लैंडिंग, लगातार ड्यूटी घंटों और साप्ताहिक विश्राम को लेकर सख्त प्रावधान किए गए हैं। इंडिगो प्रतिदिन करीब 2200 उड़ानें संचालित करती है और उसके पास रात में उड़ान भरने वाले विमानों की बड़ी संख्या है। नए नियमों के अनुसार रोस्टर और शेड्यूल दोबारा तैयार करना पड़ा, लेकिन यह प्रक्रिया अभी पूरी तरह स्थिर नहीं हो पाई थी।

3. प्रमुख हवाई अड्डों पर तकनीकी खामियां

मंगलवार को दिल्ली और पुणे जैसे हवाई अड्डों पर चेक-इन और डिपार्चर कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी समस्याएं आईं। इससे सुबह की उड़ानें पीछे खिसक गईं और देरी का यह प्रभाव पूरे दिन नेटवर्क में फैलता गया।7

4. शीतकालीन भीड़ और एयरपोर्ट कंजेशन

सर्दियों के मौसम में धुंध, बढ़ी हुई यात्री संख्या और पीक आवर्स की भीड़ ने हालात और खराब कर दिए। इंडिगो की तंग शेड्यूलिंग के कारण छोटी देरी भी पूरे नेटवर्क में लहर की तरह असर डालती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को इंडिगो की ऑन-टाइम परफॉर्मेंस 35त्न पर आ गई- यानी एक दिन में 1,400 से अधिक उड़ानें देरी से चलीं।

सांप्रदायिक राजनीति नहीं करती TMC, 'बाबरी' वाले विधायक को पार्टी से निकाल ममता बनर्जी की चेतावनी

मुर्शिदाबाद। बाबरी जैसी मस्जिद बनाने की घोषणा कर विवाद खड़ा करने वाले विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निकालने के कुछ घंटे बाद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा है कि ञ्जरूष्ट कभी सांप्रदायिक राजनीति नहीं करती और ना ही इसका समर्थन करती है। उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी भी दी है। ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

यहां हुमायूं कबीर का नाम लिए बिना ममता बनर्जी ने जनसभा में कहा कि ÷तृणमूल कांग्रेस सांप्रदायिक राजनीति नहीं करती है और इसके सख्त खिलाफ है।÷ मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हम मुर्शिदाबाद का इतिहास नहीं भूल सकते।

प्रगति करने में समय लगता है, कड़ी मेहनत आवश्यक

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार को पहली पीढ़ी के वकीलों को कड़ी मेहनत और धैर्य के माध्यम से विश्वसनीयता बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। प्रधान न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा आयोजित ''डब्ल्यूई (कानून में महिला सशक्तीकरण): शक्ति, संघर्ष और सफलता'' विषय पर एक परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''शुरुआत में, जब मैंने इस पेशे को अपनाया, तो पूरी तरह से अनिश्चितता का माहौल था। परिवार में पहली पीढ़ी का वकील होने के नाते, मेरा मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं था।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

जो रूट ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया में ठोका शतक, 160वें टेस्ट में किया ये कारनामा

नई दिल्ली। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतक लगाया। जो रूट का ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर पहला टेस्ट शतक है। जो रूट ने ब्रिसबेन में खेले जा रहे पिंक बॉल टेस्ट में 181 गेंदों का सामना करते हुए 100 रन पूरे किए। रूट अपनी पारी में 11 चौके लगा चुके हैं। जो रूट ने 160वें टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने का कारनामा किया। रूट का टेस्ट में ये 40वां शतक है।

ब्रिसबेन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला है। इंग्लैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए हैं। हालांकि जो रूट एक छोर पर डटे हुए हैं। जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में 30वीं पारी में अपना पहला शतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा पारी खेलने के बाद शतक लगाने का रिकॉर्ड इयान हीली के नाम है। उन्होंने 41 पारी ली थी। बॉब सिम्पसन ने 36, गोर्डन और स्टीव वॉ ने 32 पारियों में ये कमाल किया था।

जो रूट टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। वह भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर (15,921) से पीछे हैं। जो रूट ने टेस्ट में 160 मैचों में 13660 से ज्यादा रन बनाए हैं। रूट का हाईएस्ट स्कोर 262 रन है। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट में 40 शतक और 66 अर्धशतक लगाए हैं।

छोटा शेयर बड़ा कमाल, इस साल 454% उछला

एक और बड़े ऐलान से लगा अपर सर्किट

स्मॉल कैप स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स के शेयर की कीमत गुरुवार, 4 दिसंबर को 5% अपर सर्किट तक पहुंच गई। कंपनी ने WingZone के एक्सक्लूसिव मास्टर फ्रेंचाइजी अधिकार हासिल करने की घोषणा की है। गुरुवार को यह शेयर 52.70 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खुला, जबकि बुधवार को इसका पिछला बंद भाव 50.47 रुपये था। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स के शेयर ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। सिर्फ छह महीने में 137.62% का उछाल, इस साल अब तक 454.29% की बढ़त और पिछले एक साल में 896% की वृद्धि।

आज की तेजी का कारण

4 दिसंबर की एक घोषणा में स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स ने बताया कि उसने WingZone के एक्सक्लूसिव मास्टर फ्रेंचाइजी अधिकार हासिल कर लिए हैं। WingZone एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्विक सर्विस रेस्टोरेंट ब्रांड है, जो अपने चिकन-बेस्ड प्रोडक्ट्स और स्वादिष्ट मेनू इनोवेशन के लिए प्रसिद्ध है।

अमेज़न करेगी भारत के एआई मिशन में सहयोग: सुगमता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश को मिलेगी रफ्तार

बेंगलुरु। अमेज़न ने आज घोषणा की कि वह 2030 तक भारत के करोड़ों लोगों तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को पहुंचाने की योजना बना रही है, जिससे भारत सरकार के एआई मिशन को सुलभता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे में 12.7 अरब डॉलर का निवेश करने की दिशा में अग्रसर है और अपने विभिन्न व्यवसायों के ज़रिये 1.5 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों तक एआई के लाभ पहुंचाएगी। अमेज़न ने वर्ष 2030 तक सरकारी-विद्यालयों के 40 लाख छात्रों को एआई साक्षरता और करियर जागरूकता प्रदान करने का भी संकल्प लिया है। कंपनी अमेज़न.इन पर करोड़ों ग्राहकों के लिए खरीदारी को और अधिक सरल तथा आकर्षक बनाने के लिए एआई का उपयोग जारी रखेगी।

अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा, ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में भारत में समान अवसर प्रदान करने की क्षमता है। यह भाषा, साक्षरता और पहुंच की कमी जैसी सभी बाधाओं को दूर करता जिनकी वजह से लोग सामाजिक रूप से उपेक्षित रहे। जब कोई छोटा व्यवसायी किसी कस्बाई शहर में बैठकर कुछ ही मिनटों में एआई की मदद से पेशेवर उत्पाद-विवरण तैयार कर लेता है, या किसी सरकारी विद्यालय का छात्र ऐसे कौशल सीखता है जो नए करियर के अवसर खोल दे, या कोई ग्राहक बिना टाइप किए अपनी स्थानीय भाषा में खरीदारी कर पाता है तो इसका मतलब है कि प्रौद्योगिकी वास्तव में सभी के लिए कारगर है। हम बड़े स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुनियादी ढांचा और टूल तैयार कर रहे हैं क्योंकि हमारा विश्वास है कि हर भारतीय को इस परिवर्तन का लाभ मिलना चाहिए, और हमें सरकार के कृत्रिम बुद्धिमत्ता मिशन को वास्तविकता में तब्दील करने में योगदान देने पर गर्व है।÷

2030 तक लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे में 12.7 अरब डॉलर के निवेश की दिशा में अग्रसर: क्लाउड और एआई की बढ़ती मांग का मतलब है कि अमेज़न भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे, कौशल-विकास और नवोन्मेष में निरंतर निवेश कर रहा है।

ग्रामीण महिलाओं को मोबाइल बैंकिंग और ऑनलाइन लेन-देन की दी गई ट्रेनिंग

■ **नहाड़ी में डिजिटल सशक्तिकरण**

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर मुख्यालय से 145 किमी दूर नहाड़ी ग्राम में नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत डिजिटल और मोबाइल बैंकिंग विषयक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान, प्रौद्योगिकी परिषद (सीसीओएसती) द्वारा प्रायोजित और स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम ग्राम ककाड़ी और नहाड़ी, ग्राम पंचायत नहाड़ी, ब्लॉक कुआकोंडा, जिला दंतेवाड़ा में 3 दिसंबर को आयोजित हुआ।

संचालन में इन सभी ने निभाई सक्रिय भूमिकाः कार्यक्रम मे हेमला (सरपंच), हरीश मंडावी (उप-सर्पच) और हीरालाल (जनपद सदस्य) की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने डिजिटल बैंकिंग को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गति, पारदर्शिता और आत्मनिर्भरता लाने वाला परिवर्तनकारी कदम बताया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता में स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, जगदलपुर के छात्र लखमा, शिवकुमार, महेश, अंकित अमन, गनेश्वर कुमार, गुलशन और तुषार का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों ने व्यवस्थापन, तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्राम ककाड़ी और नहाड़ी की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए डिजिटल बैंकिंग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल जागरूकता और वित्तीय सशक्तिकरण की नई शुरुआत हुई।

इन सुविधाओं के बारे में दी गई जानकारी

प्रशिक्षण में महिला स्व-सहायता समूहों को मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन सेवाओं के सुरक्षित उपयोग और सरकारी योजनाओं के लाभ मोबाइल के माध्यम से आसानी से प्राप्त करने की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मुख्य भूमिका शिव बघेल (लीड बैंक मैनेजर, SBI), रंजीत पासवान (शाखा प्रबंधक, एसबीआई नकुलनार) और सरला पैंकरा (सहायक प्राध्यापक, आईटी, शासकीय दंतेश्वरी नाथ उत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा) की रही।

बैंक विशेषज्ञों और शिक्षकों ने सरल भाषा में दिया प्रशिक्षण

नहाड़ी ग्राम में आयोजित डिजिटल एवं मोबाइल बैंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन, मोबाइल बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की डिजिटल पहुँच और वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सीसीओएसती द्वारा प्रायोजित और स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, जगदलपुर द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में बैंक विशेषज्ञों और शिक्षकों ने सरल भाषा में प्रशिक्षण दिया। ग्राम की महिलाओं ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में डिजिटल सेवाओं को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई। छात्र-छात्राओं के सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफल रूप से संपन्न हुआ। जिससे ग्रामीण अंचल में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य और अधिक सुदृढ़ हुआ।

छावनी में तब्दील हुआ अमेरा कोल माइंस

कड़ी सुरक्षा के बीच एसईसीएल ने सीमांकन कर कोयला खनन की प्रक्रिया किया प्रारम्भ, इधर ग्रामीण जमीन नहीं देने पर अड़े

■ **प्रभावित ग्रामीणों और पुलिस की हुई थी झड़प, इधर कांग्रेस के डेलीकेश ने प्रभावित ग्रामीणों से मुलाक़ात कर दिया समर्थन, गरमाई राजनीति**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में एसईसीएल की अमेरा ओपनकास्ट कोल माइंस के लिए किए जा रहे जमीन अधिग्रहण का परसोढ़ीकला गांव के लोग विरोध जारी हैं। इसी को लेकर बुधवार को पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। झड़प के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर पत्थर और गुलेल से हमला किया, जिसके जवाब में पुलिसकर्मियों ने भी पथराव किया।

पथराव की घटना में एएसपी, थाना प्रभारी सहित लगभग 26 पुलिसकर्मी घायल हुए, जबकि 12 से अधिक ग्रामीणों को भी चोटें आईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और भीड़ को खदेड़ा। वहीं गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एसईसीएल, जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियो की उपस्थिति में अधिग्रहित जमीन का सीमांकन हुआ। इस दौरान परिसर पूरी तरह पुलिस छवनी में तब्दील रहा। वहीं ग्राम पंचायत भवन में बैठक कर कोल खदान एक्टेंशन और खनन के विरोध में ग्रामीण हुए लामबंद हो रहे है। दरअसल सरगुजा जिले के लखनपुर से सटे अमेरा खदान विस्तार का ग्रामीण पिछले छह महीनों विरोध कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन खदान के पास ही चल रहा है। बुधवार को करीब 250 पुलिसकर्मी आंदोलनकारियों को हटाने पहुंचे। इस दौरान बातचीत चल रही थी कि पुलिस ने उन्हें जबरदस्ती हटाने की कोशिश की, जिसके बाद विवाद हो गया। प्रदर्शन में शामिल स्कूली छात्र को पुलिस ने वैन में बैठाया, तो ग्रामीण भड़क उठे और पुलिस पर पथराव कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी 5-6 राउंड आंसू गैस के गोले दागे। 2 घंटे चली इस झड़प में एएसपी सहित 26 से अधिक पुलिसकर्मी और 14 ग्रामीण घायल हुए। वहीं एक पुलिसकर्मी को अंबिकापुर रेफर किया है। लखनपुर थाना क्षेत्र के परसोढ़ी गांव में एसईसीएल की ओर से खदान विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण 2016 में ही पूरा बताया जाता है। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि यह अनुसूचित क्षेत्र होने के बावजूद ग्रामसभा की अनुमति के बिना अधिग्रहण किया गया है और उन्हें जानकारी भी नहीं दी गई है। बुधवार सुबह लगभग 10:30 बजे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी खदान स्थल पहुंचे। ग्रामीणों को कब्जा खाली करने कहा गया था, इसी बीच ग्रामीण और पुलिस के झड़प हुई हुई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। देर शाम तक बडी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची है और लाठीचार्ज कर ग्रामीणों को खदेड़ा। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एसईसीएल प्रबंधन से अधिग्रहित जमीन का सीमांकन कर कोयला खनन की प्रक्रिया शुरू की गई।

पांच माह पहले भी हो चुकी झड़प

अमेरा खदान विस्तार को लेकर झड़प और मारपीट के मामले पहले भी हो चुके हैं। करीब पांच महीने पहले निजी कंपनी मैनेजर जमीन की ऊपरी लेयर की कटिंग करने पहुंचा, तो ग्रामीणों से उसका विवाद हुआ था। ग्रामीणों के मना करने के बाद भी मैनेजर ने बात नहीं मानी। इस पर ग्रामीणों ने मैनेजर और पोकलेन ऑपरेटर की पिटाई कर दी थी। इस मामले में तीन ग्रामीणों पर नामजद केस दर्ज हुआ था। वहीं छह महीने पहले धान की फसल हटाने को लेकर पुलिस और महिलाओं के भी झड़पें हुईं थी।

219 प्रभावित ग्रामीण जमीन देने से किया इंकार

एसईसीएल के अधिकारियो के अनुसार परसोढ़ी कला गांव की जमीन 2016 में अधिग्रहित की गई है। खदान के विस्तार से 235 ग्रामीण प्रभावित हैं। अब तक 16 लोगों ने मुआवजा लिया है। बाकी दूसरे ग्रामीण मुआवजा नहीं ले रहे हैं। वे जिद पर अड़े हैं कि उन्हें न तो नौकरी चाहिए और ना ही मुआवजा। विरोध करने वाली लीलावती बाई ने कहा कि उनकी जमीन कई पीढ़ियों तक चलेगी।

कांग्रेस के डेलीकेश ने प्रभावित ग्रामीणों से की मुलाक़ात, ग्रामीणों का किया समर्थन

एक तरफदलबल के साथ एसईसीएल कोयला खनन की तैयारी में जुटा है तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण गुरुवार को पंचायत भवन में कोल खदान एक्टेंशन और खनन के विरोध में ग्रामीण हुए लामबंद है। वे एक जुट होकर ग्रामीण आगे की रणनीति तय कर कर रहे है। गुरुवार को कांग्रेस का डेलीकेश जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में प्रभावित ग्रामीणों से मिलने पहुँचा और ग्रामीणों का समर्थन करते हुए प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध किया, इधर कांग्रेस के हस्तक्षेप के बाद अमेरा कोल खदान एक्टेंशन को लेकर सियासत गरमाने लगी।

> अब तक परसोडीकला के लोगों को 10 करोड़ का मुआवजा बांट चुके हैं। रोजगार भी दिया। भूमि मालिकों को कुछ असामाजिक तत्वों ने उकसाया हैं। इसलिए उन्होंने अधिग्रहित जमीन खाली करने से इनकार किया है। भीड़ ने हिंसक गतिविधियों को भी अंजाम दिया। वार्ता करने पहुंचे एएसपी, एसडीएम, तहसीलदार और खदान अधिकारियों पर ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हुए। स्थिति गंभीर देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलवाया और भीड़ को तितर-बितर किया।
>
> **सनीष चंद्रा,** पीआरओ, एसईसीएल

> खदान विस्तार को लेकर विधिवत भू-अर्जन हुआ है। इसके बाद भी ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों से दो दौर की चर्चा हुई, लेकिन वे खदान विस्तार नहीं होने देने की जिद पर अड़े हैं। पुलिस से झड़पें भी हुई हैं। माहौल शांत करा ग्रामीणों को समझाइश देने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों को अवगत कराया है। कई पुलिस कर्मी गुलेल और पत्थर से घायल भी हुए हैं। अभी तनावपूर्ण स्थिति है।
>
> **सुनील नायक,** अपर कलेक्टर, अंबिकापुर

न्यूज गैलरी

बंधन बैंक के 27 म्यूल अकाउंट से 1.20 करोड़ का साइबर फ्रॉड, 8 आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। सायबर फ्रॉड के मामले में दुर्ग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ठगी के पैसों को रखने के लिए अपने बैंक खाते को किराए पर देने वाले 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें भिलाई के खुर्शीपार, सुपेला, सेक्टर 4 और दुर्ग के आरोपी शामिल हैं। दरअसल ये सभी आरोपी सुपेला के बंधन बैंक के ब्रांच में खाता खोलकर अपने अकाउंट को म्युल अकाउंट बनाकर किराए पर दे दिया था। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से म्युल अकाउंट होने का अलर्ट आया, जिसमें सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त की गई राशि को इन खातों में जमा कराया गया था। लगभग 27 खातों में धोखाधड़ी से प्राप्त एक करोड़ 20 लाख 57 हजार रुपए जमा कराए गए हैं। इतना ही नहीं इन पैसों का लेनदेन भी किया गया है। अलर्ट आने पर दुर्ग पुलिस ने साइबर फ्रॉड से संबंधित सभी खातों को होल्ड पर रखवाकर खाता धारकों के खिलाफमामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है। 27 म्युल अकाउंट धारकों में सुपेला के रावणभाटा निवासी रनजीत महानंद, खुर्शीपार निवासी प्रमिला जंघेल, सेक्टर 32 निवासी के आकाश राव, रिसाली सेक्टर निवासी विपिन कुमार सिरसाम, सेक्टर 5 निवासी मानवी बेरी, जुनवानी निवासी आशीष गुप्ता, पिंकी कुर्रे कोहका, सुपेला निवासी रमाकान्त बंसोड़ को गिरफ्तार किया गया है।

प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में एक बार फिर धर्मांतरण का मामला सामने आया। बुधवार शाम चिल्हाटी इलाके के एक मकान में प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी, जहां कथित रूप से धर्मांतरण किए जाने की जानकारी मिली। इस सूचना पर हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर प्रार्थना सभा का विरोध किया। वहीं मौके पर 30-35 लोग मौजूद मिले। हिंदू संगठनों ने संबंधित पास्टर्स समेत तीन लोगों के खिलाफपचपेड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा 8 से 13 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर। चौथी लाइन को जोड़ने के काम के कारण बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। चांपाझ्खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें 9 से 13 दिसम्बर तक 68738/68737 बिलासपुर से रायगढ़ और रायगढ़ से बिलासपुर के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर और 8 से 12 दिसम्बर तक 68736 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी। वहीं 9 से 13 दिसम्बर तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर रद्द रहेगी। इन रद्द ट्रेनों के अलावा 9 से 13 दिसम्बर तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी। इसी तरह 9 से 13 दिसम्बर तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ करते हुए गोंदिया के लिए रवाना की जाएगी।

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोरबा/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र की सीतामढ़ी बस्ती में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक वर्ष पूर्व मृतिका सरस्वती केवट ने स्थानीय युवक आशीष केवट से प्रेम विवाह किया था। बीती रात पति घर लौटा तो पत्नी गमछे से फांसी के फंदे में झूलती मिली। उसे उतारकर मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरदीबाजार/नवप्रदेश। हरदीबाजार थाना अंतर्गत छिंदपुर निवासी पवन श्रीवास उम्र 43 वर्ष पिता स्व रामाश्रय श्रीवास मंगलवार की रात अपने बाईक में सवार होकर हरदीबाजार से 8 किमी दूर अपने गांव छिंदपुर जा रहा था। जिसे सामने से किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम: जंगल से तीन नग आईईडी बरामद

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के तोयामेटा- पड़बेदा जंगल से तीन नग आईईडी बरामद हुआ है। जिसे सुरक्षाबल के जवानों ने सुरक्षित नष्ट कर दिया है। जवानों को नुकसान पहुँचाने के लिए नक्सलियों ने जंगल में आईईडी को लगा रखा था। बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड नारायणपुर और आईटीबीपी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की है। पूरा मामला नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने गश्त पर निकली पुलिस पार्टी को निशाना बनाने के लिए मादिन नदी किनारे के पगडंडी मार्ग पर आईईडी लगाए थे। जिसके बाद सुरक्षाबलों की टीम संयुक्त कार्रवाई के लिए रवाना हुई।

सुरक्षित नष्ट किया गयाः टीम ने जंगल क्षेत्र में प्रवेश करने के पूर्व सुरक्षा घेरा और फायर कवरेज सुनिश्चित किया। तलाशी के दौरान नदी किनारे पगडंडी मार्ग पर 3 नग सोर्स आईईडी (प्रत्येक लगभग 3 किलो वजनी कुकर बम) बरामद हुए। बीडीएस टीम ने तकनीकी प्रक्रिया और सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ मौके पर ही सभी आईईडी को डिफ्यूज किया।

नवाचार का मॉडल 'सेंदरी का सरकारी स्कूल' 'मैथ्स पार्क' से बच्चे कर रहे गणित से 'दोस्ती'

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के डोगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेंदरी का शासकीय हाई स्कूल प्रदेश में उदाहरण बनकर उभर रहा है। यहां स्थापित संभवतः प्रदेश का पहला मैथ्स पार्क बच्चों की पढ़ाई का तरीका बदल रहा है। इससे ग्रामीण शिक्षा की तस्वीर भी नया रूप ले रही है। कभी नक्सल प्रभावित रहा यह इलाका अब अभिनव शिक्षण पद्धति के जरिए सीखने-सिखाने का केंद्र बन गया है। इस अनोखे पार्क में शून्य के जनक आर्यभट्ट से लेकर महान गणितज्ञ रामानुजन तक के सिद्धांतों को रोचक आकृतियों, मॉडल्स और गतिविधियों के माध्यम से जीवंत किया गया है। जटिल माने जाने वाले प्रमेय, आकृतियां और गणितीय अवधारणाएं अब बच्चों के लिए खेल-खेल में सीखने का साधन बन गई हैं।

इससे न केवल विषय का भय समाप्त हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों में गणित के प्रति नया उत्साह पैदा हुआ है। वैदिक गणित की सरल तकनीकों को भी पार्क में शामिल किया गया है, जिससे तेज और सटीक गणना का अभ्यास बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। इस पहल की खास बात यह है कि पार्क को सरकारी अनुदान के बजाय स्कूल के शिक्षकों ने स्वयं अपनी कमाई से करीब दस लाख रुपए की राशि जुटाकर विकसित किया है।

गणित के शिक्षक गोकुल जंघेल इस नवाचार के प्रणेता हैं। उन्होंने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों में गणित के प्रति रुचि जगाने की मंशा से पार्क का निर्माण किया गया है। आकृतियों और संकेतों के जरिए बेसिक गणित को सरल रूप में समझाने की कोशिश की गई है ताकि बच्चे कठिन सिद्धांतों को भी आसानी से पकड़ सकें।

अमोदी उचित मूल्य दुकान में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सरसींवा के नजदीकी गांव अमोदी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकान में बड़े स्तर पर अनियमितता और फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सेल्समेन और संचालक मिलकर हितग्राहियों के राशन पर धोखाधड़ी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले महीने उनका फिंगरप्रिंट लिया गया, राशन कार्ड में एंट्री भी कर दी गई, लेकिन चावल और शक्कर का वितरण नहीं किया गया। उन्हें कहा गया– ÷अभी चावल नहीं है, बाद में देंगे।÷ जब हमारी टीम अमोदी पहुंची तो मौके पर चावल का वितरण जारी था और बड़ी संख्या में ग्रामीण लाइन में खड़े थे। हितग्राहियों ने बताया कि यह सिर्फ एक महीने का नहीं, बल्कि लगातार होने वाला खेल है। एंट्री कार्ड में कर दी जाती है, स्टॉक खपत दिखा दिया जाता है, लेकिन उन्हें सामान नहीं दिया जाता।

यह स्पष्ट संकेत देता है कि सेल्समेन व संचालक की मिलीभगत से राशन के गबन, स्टॉक में हेराफेरी और हितग्राहियों के हक की चोरी का काम चल रहा है। मामला क्यों गंभीर है? कौन-कौन से कानून लागू होते हैं? अमोदी का यह मामला सिर्फ प्रशासनिक अनियमितता नहीं बल्कि सीधा आपराधिक अपराध है। इसमें निम्नलिखित कानून और धाराएँ लागू होती हैः राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 (हस्त्र 2013) के तहत अपराध- धारा 33 - राशन वितरण में लापरवाही या धोखाधड़ी, यदि सेल्समेन या संचालक हितग्राहियों को निर्धारित राशन नहीं देते, स्टॉक गायब करते हैं या फर्जी एंट्री करते हैं, तो यह धारा 33 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें जुर्माना + दुकान निलंबन + लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रावधान है।

गोगुंडा की पहाड़ियों में चार दशक बाद पहली बार शुरू हुआ सड़क निर्माण

विकास की बयार... माओवादी कब्जे वाले इलाके में पहुंचा विकास

सुकमा। कभी लाल आतंक की गूंज से दहलने वाला गोगुंडा पहाड़ अब तेजी से बदल रहा है। चार दशकों तक माओवादियों के कब्जे में रहे इस इलाके में पहली बार सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ है। यह सड़क सिर्फ पत्थर और मिट्टी का रास्ता नहीं, बल्कि सरकार की पहुंच, सुरक्षा बलों की स्थायी मौजूदगी और बदलते हालात का जीता-जागता प्रमाण है, जहां कभी कदम रखना भी असंभव माना जाता था। जहां दशकों तक नक्सलियों ने इसे अपनी ट्रेनिंग और सुरक्षित ठिकाना माना था। जहां आम लोगों का आना-जाना पूरी तरह प्रतिबंधित था। चारों ओर ऊंची-ऊंची खड़ी ढलानों वाले इस पहाड़ पर कभी सड़क भी नहीं बनाई जा सकती थी। आज जिला

पुलिस और सीआरपीएफ 74वीं बटालियन की मौजूदगी में पहाड़ को काटकर सड़क बनाया जा रहा है। और ऐसा आजादी के बाद पहली बार संभव हो पाया है।

माओवादियों का अभेद कमांड जोन हुआ करता था गोगुंडाः गोगुंडा दक्षिण बस्तर का वह इलाके है, जिसे कभी माओवादियों का सबसे मजबूत और अभेद कमांड जोन माना जाता था। घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की आवाजाही लगभग असंभव थी। यहां से वर्षों तक नक्सलियों ने हथियार सप्लाई, एंबुश प्लानिंग और कैडर ट्रेनिंग संचालित की। आपातकालीन स्थिति में यही पहाड़ी उनका सेफ जोन हुआ करता था।

सड़क से बदलेगी सात पारा वाले गोगुंडा की जिंदगी

गोगुंडा गांव की सबसे खास बात यह है कि यह एक साधारण गांव नहीं, बल्कि सात अलग-अलग पारा (टोला/बस्ती) का समूह है -जो इस पहाड़ की ऊपरी चोटी पर बसा है। आज भी यहां के ग्रामीण शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजारों से कई किलोमीटर दूर हैं। लेकिन सड़क बनने के बाद पहली बार इन सात पारों तक सरकारी वाहन, एम्बुलेंस और जरूरी सेवाएं पहुंचने की उम्मीद जागी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस पहाड़ से बाहर जाना युद्ध जैसा था, अब सड़क बनने के बाद जिंदगी आसान होने की उम्मीद है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि यह सड़क सिर्फ विकास का मार्ग नहीं, बल्कि माओवादी नेटवर्क को कमजोर करने और प्रशासन की पहुंच मजबूत करने का बड़ा कदम है।

650 मीटर ऊंची कठिन पहाड़ी पर सड़क निर्माण जारीः लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। लगातार ऑपरेशनों और रणनीतिक डॉमिनेशन के बाद सुरक्षा बलों ने इस इलाके पर नियंत्रण स्थापित किया। इसी के बाद यहां सड़क निर्माण की शुरुआत हुई है जो 650 मीटर ऊंची कठिन पहाड़ी ढलान पर बनाई जा रही है। वह स्थान जिसे कभी माओवादियों का अभेद किला माना जाता था, अब विकास के नक्शे पर दर्ज हो रहा है।

सीआरपीएफ और इंजीनियरिंग टीम की संयुक्त कोशिशः इस निर्माण कार्य में सीआरपीएफ 74वीं बटालियन के जवान और इंजीनियरिंग टीम संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। हर दिन संभावित ढ्ढश्वष्ठ खतरे, फायरिंग के जोखिम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच सड़क को आकार दिया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस कामपलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com